CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

बरेली, मंगलवार 11 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में दो दशक के अन्याय के अंत के लिए महागठबंधन सरकार बनाएं: खड़गे पेज 2



अनीश भानवाला ने विश्व चैंपियनशिप पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता खेल टाइम्स



सुप्रीम कोर्ट का आदेश और आवारा कुत्तों की समस्या सम्पादकीय



भारत पर हमले की तैयारी में हाफिज सईद पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### SIR को लेकर बंगाल कांग्रेस ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में राहत की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वकील ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध किए जाने का यह कहते हुए अनुरोध किया कि अन्य राज्यों में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होनी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने महिला आरक्षण याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है, लेकिन इस मामले में आगे बढ़ने से पहले केंद्र सरकार से जवाब मांगा जा रहा है।

### हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज।** सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे अनोश हबीब को इलाहाबाद से बड़ी राहत मिली है। धोखाधड़ी के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है। दोनों के खिलाफ संभल के रायसत्ती पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। जावेद हबीब और उनके बेटे पर संभल के राय सत्ती पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज है।

# लालकिले के पास कार में धमाका, 11 मरे, 24 घायल

## पार्किंग में खड़ी अन्य कई गाड़ियां भी जलीं, धमाके की वजह साफ नहीं, दिल्ली, मुंबई, यूपी और हरियाणा में हाई अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लालकिले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग घायल हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है, लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी 3 और गाड़ियां जल गईं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बात की। शाह इस समय चुनाव प्रचार के लिए सोमवार को बिहार में थे। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एके मलिक ने बताया कि हमें सूचना मिली कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में विस्फोट हुआ है। हमने तुरंत सात यूनिट मौके पर भेजी। शाम 7:29 बजे आग पर काबू पा लिया गया। इसमें लोगों के हताहत होने की आशंका है। हमारी सभी टीमें मौके पर मौजूद हैं। लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोट के 15 लोगों को लोक नायक अस्पताल लाया गया है। उनमें से 11 की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। एक की हालत स्थिर है। मेट्रो स्टेशन के पास एक दुकानदार ने बताया कि मैंने अपनी जिंदगी में इतना जोरदार धमाका कभी नहीं सुना। मैं धमाके की वजह से तीन बार गिरा। ऐसा लगा जैसे हम सब मर जाएंगे। घटना के चश्मदीद राजभर पांडे ने बताया कि उनके घर काफी तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। घर की खिड़कियां हिल गईं। बाहर आकर देखा तो आग की लपटें दिखाई दीं।





- गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने की बात
- शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में हुआ धमाका

### यूपी के सभी जिलों में हाई अलर्ट

दिल्ली में रेड फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश के एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि डीजीपी ने राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों, संवेदनशील जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। लखनऊ से आदेश जारी कर संवेदनशील इलाकों में गश्त और जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुरक्षा एजेंसियों ने दिया तत्परता और सूझबूझ का परिचय

# देश में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और सूझ-बूझ से देश में बड़ी आतंकी वारदात टल गई हैं। एक तरफ गुजरात एटीएस ने देश में रसायनिक हमले की खतरनाक साजिश का भंडाफोड़ किया। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए यूपी के सहारनपुर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया।

अब उस डाक्टर से जुड़े एक व्यक्ति के फरीदाबाद स्थित घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की खबर है। अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में किया जाता है। गौरतलब है कि दोनों ही मामलों में गिरफ्तार लोगों में मेडिसिन की पढ़ाई करने वाले डाक्टर शामिल हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरीदाबाद के धौज में डाक्टर के घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ है। कमरे से अमोनियम नाइट्रेट से भरे 14 बैग, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध मुजम्मिल शकील की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपी एक डाक्टर है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने दो दिन पहले सहारनपुर से जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले डाक्टर आदिल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आदिल की निशानदेही पर उसके साथी डा. मुजम्मिल शकील का पता चला। जब पुलिस ने फरीदाबाद स्थित मुजम्मिल शकील के आवास पर छापा मारा, तो यहां से टीम को 14 बैग अमोनियम नाइट्रेट, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि अमोनियम नाइट्रेट का इतनी बड़ी मात्रा में मिलना किसी बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा है।

**फरीदाबाद में अमोनियम नाइट्रेट से भरे 14 बैग, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 भी बरामद**

**खतरनाक साजिश का भंडाफोड़, गुजरात एटीएस ने विफल किया रसायनिक हमला, फरीदाबाद से 350 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद**

### पहाड़ों से मैदानों में ठिकाना बनाने की फिराक में आतंकी

**जम्मू।** सर्द मौसम में पारा गिरने के साथ ही ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में छिपे आतंकी निचले क्षेत्रों में अपना ठिकाना खोजने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ऊपरी ठंडे इलाकों में आतंकियों के लिए छिपना आसान नहीं रहेगा। इसलिए वह मैदानी क्षेत्रों में आने के लिए अपने मददगारों से संपर्क कर रहे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और आतंकियों के इसी मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए पूरे जम्मू संभाग में व्यापक छापे एवं तलाशी अभियान चलाए गए हैं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने कहा कि आतंकवादी संगठनों के स्थानीय समर्थन नेटवर्क की पहचान के लिए चल रही तलाशी में मारे गए आतंकवादियों, आत्मसर्मण कर चुके आतंकियों समेत संदिग्धों के घरों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय युवाओं को निशाना बनाने वाले संभावित स्लीपर सेल और ऑनलाइन प्रचारकों पर भी नजर रखी जा रही है।



### जम्मू-कश्मीर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़े अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था। कई प्रमुख आतंकी आरोपी गिरफ्तार किए गए और उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

# यूपी के सभी स्कूलों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर में आयोजित 'एकता यात्रा' कार्यक्रम में ऐलान किया कि प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अब 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। अब प्रदेश के हर स्कूल और शिक्षण संस्थान में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा का प्रतीक है, जो राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले तत्वों की पहचान हो और उनका विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के गायन से एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना मजबूत होगी। यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान प्रकट करे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेताओं मोहम्मद अली जिन्ना और मोहम्मद अली जौहर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत की एकता और अखंडता का अपमान करते हैं। योगी ने कहा कि आज भी हम उम्मीद करते हैं कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति राष्ट्र के प्रति वफादार रहेगा।



- कहा: यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा

### ज्ञानवापी मामले में अगली सुनवाई 20 नवम्बर को

**वाराणसी।** वाराणसी के जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी के सील वजूखाने के ताले में लगे फटे कपड़े को बदलने के मामले में सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 20 नवम्बर को होगी।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# स्वच्छ हवा लोगों का बुनियादी अधिकार: राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा: नागरिकों को अपराधी की तरह क्यों देखती है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता ने देश में वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को लेकर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को लेकर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि स्वच्छ हवा हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है, लेकिन जब नागरिक साफ हवा के हक की मांग करते हैं, तो सरकार उनके साथ अपराधी की तरह पेश आती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में सोमवार को कहा कि संविधान ने हर नागरिक को शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार दिया है और उनके इस अधिकार की सुरक्षा सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने लिखा कि स्वच्छ हवा का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है। शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार हमारे संविधान द्वारा दी गई गारंटी का हिस्सा है। जब नागरिक स्वच्छ हवा में जीने की अपनी बुनियादी मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, तो उनके साथ अपराधी की तरह व्यवहार क्यों किया जा रहा है। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि वायु प्रदूषण से करोड़ों भारतीय प्रभावित हो रहे हैं, बच्चों और देश के भविष्य को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन 'वोट चोरी से सत्ता में आई सरकार' इस गंभीर संकट को सुलझाने के बजाय चुप बैठी है और और इसका विरोध कर रहे नागरिकों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह जनता की आवाज़ दबाने के बजाय वायु प्रदूषण के संकट को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए और लोगों के जीवन तथा स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तुरंत सकारात्मक कार्रवाई करे।



# दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट के जीपीएस से छेड़छाड़

- पायलट को रनवे पर खेत दिखे थे, आसमान में प्लेन के बीच दूरी बढ़ाकर हादसे टाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो दिन पहले 800 से ज्यादा उड़ानें बाधित होने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

अब तक की जांच और एक्सपर्ट्स से मिली जानकारी में सामने आया है कि जीपीएस यानी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के सिग्नल से छेड़छाड़ की साजिश की गई थी। जानकारी के अनुसार, 6 से 7 नवम्बर शाम लगभग 7 बजे के बीच पायलट्स को जीपीएस से फेक सिग्नल मिल रहे थे। इससे कॉकपिट स्क्रीन पर विमान की पोजिशन ही बदल गई और एक नकली तस्वीर सामने आने लगी। इस दौरान रनवे के बजाय खेत दिखने लगे और विमान की ऊंचाई को लेकर भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। फिर विमानों के पायलट जीपीएस बेस्ड ऑटो मैसेजिंग की बजाय मैनुअल पोजिशन पर शिफ्ट हो गए। 7 नवम्बर को आईजीआई पर एटीसी के ऑटोमैटिक मैसेज स्विच सिस्टम में तकनीकी खराबी से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं, जबकि 20 को रद्द करना पड़ा। एयरपोर्ट का ऑपरेशन 48 घंटे के बाद नार्मल हुआ। 6 नवम्बर की शाम से गड़बड़ी शुरू हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### नीति निर्माण में जनता की भागीदारी से तेज होगा विकास: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विकास की नीतियों और रूपरेखा निर्माण में जितनी जनता की भागीदारी होगी वह प्रदेश उतना ही विकसित हो पाएगा। बिरला ने कोहिमा स्थित नागालैंड की विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-।।। के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि विकास की नीतियों और योजनाओं में जनता की भागीदारी हो, इसके लिए हमारी विधानसभाएं उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि नागालैंड संस्कृति, सुंदरता और वीरों की धरती रही है। आज उत्तर-पूर्वी राज्य तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना से लेकर सड़क संपर्क, रेल संपर्क, वायु संपर्क और डिजिटल कनेक्टिविटी की दिशा में उत्तर पूर्वी राज्यों ने प्रगति की है।

### साइबर सुरक्षा को लेकर आगरा में आज होगी कार्यशाला

**आगरा।** साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए आगरा पुलिस 11 नवम्बर को आगरा में एक बड़ी कार्यशाला का आयोजन करेगी। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि छह घंटे की कार्यशाला में तीन सत्र दो-दो घंटे के होंगे। कार्यशाला में प्रदेश के आईजी राजीव कृष्णा भी आधा घंटे के लिए ऑनलाइन जुड़ेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यशाला में आगरा के छात्र और छात्राएं हिस्सा लेंगीं। इसके अलावा शहर में जिम्मेदार लोग भी शामिल होंगे। मंगलवार को सूरसदन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कई साइबर एक्सपर्ट भी बताएंगे कि किस तरह से साइबर फ्रॉड से बचना है।

# भ्रष्टाचार या घूसखोरी की शिकायत पोर्टल पर दें: असीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विभाग के चार अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं भ्रष्टाचार या घूसखोरी की घटना दिखे, तो तुरंत विभागीय शिकायत पोर्टल या जिलाधिकारी कार्यालय में जानकारी दें।

उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग जनता की सेवा से जुड़ा सबसे संवेदनशील विभाग है, ऐसे में पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोपरि है। समाज कल्याण योजनाओं का पैसा जनता का है। इसे किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की योजनाएं गरीब, असहाय, दिव्यांग, छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और पेंशनधारकों के हित के लिए चलाई जाती हैं। ऐसे में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी जनता के हक पर चोट करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर निगरानी तंत्र को और मज़बूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

मंत्री ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाएगी, उनके खिलाफ निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जाएगी। असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण योजनाओं का उद्देश्य जन-सेवा है, न कि व्यक्तिगत लाभ। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसी भी प्रकार की मध्यस्थता या घूसखोरी की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत अब समाज कल्याण विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने चार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसी के साथ तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए, उनकी पेंशन में कटौती करने का फैसला लिया है।

### घोटालों पर की गई कार्रवाई

मंत्री ने कहा कि ये कार्रवाई श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरैया जनपदों में हुए घोटालों पर की गई है। श्रावस्ती में तैनात अधिकारी मीना श्रीवास्तव पर मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और छात्र वृत्ति में अनियमितता के आरोप लगे हैं। जांच के दौरान आरोप सही पाए गए हैं। इसी तरह मथुरा में तैनात करुणेश त्रिपाठी को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इनके खिलाफ प्राइवेट आईटीआई संस्थानों को अनियमित भुगतान, 11 अमान्य संस्थानों को 2.53 करोड़ का भुगतान, फर्जी छात्रों से जुड़ी गड़बड़ियां के आरोप जांच के दौरान सही पाए गए हैं।

# इमोशन पर चल रही यूपी सरकार: सपा

## 2027 चुनाव से पहले ही शुरू कर दी बेईमानी: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही सरकार बेईमानी करने में जुट गई है। वास्तव में सरकार इमोशन पर चल रही है, जबकि जनता महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान है।

यादव ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार बताए पीडीए के कितने ईआरओ लगाए गए हैं। अभी 427 दिन बाकी हैं विधानसभा चुनाव में और सरकार पहले से ही गड़बड़ी की तैयारी कर रही है। चुनाव आयोग पर भी कई गंभीर शिकायतें हैं, जबकि 2003 की वोटर लिस्ट सबसे साफ थी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो रिपोर्ट दी गई है, वह पढ़ने लायक नहीं है। वहां एक डीआईओएस जिसकी जांच चल रही थी, उससे सरकार ने वोट डलवाने में मदद ली।

### कुर्सी से दूर रहने पर बौखला गए हैं अखिलेश: पाठक

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि वे कुर्सी से दूर होने की वजह से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ का विरोध करते करते वो भारत माता का विरोध करने पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अखिलेश ने जातीय गोलबंदी कराने की काफी कोशिश की, लेकिन उसमें वो सफल नहीं हो पाए।

# देश में अपने हकों की मांग करना अपराध: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने प्रदूषण से निपटने में नाकाम दिल्ली सरकार के खिलाफ रविवार शाम इंडिया गेट पर प्रदर्शन कर रहे लोगों की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए कहा है कि ऐसा लगता है कि इस देश में अपने हकों की मांग करना अब अपराध बन गया है।

सुश्री श्रीनेत ने इस रवैए को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली पुलिस की कड़ी आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इस देश के लोग अगर साफ़ हवा के लिए आवाज़ उठाएंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे, नौजवान नौकरी के लिए गुहार लगाएंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्र पेपर लीक के खिलाफ बोलेंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे, महिलाएंअपनी सुरक्षा की मांग करेंगी, तो गिरफ्तार की जाएंगी। किसान उपज का सही दाम मांगें.गे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे। आशा, आंगनवाड़ी सही मानदेय मांगेंगी, तो गिरफ्तार की जाएंगी। लेकिन बलात्कारी पेरोल पर पेरोल पा कर आज़ाद घूमेंगे। यह है मोदी मॉडल जिसका खामियाज़ा पूरा देश भुगत रहा है। कांग्रेस नेत्री ने कहा इस देश के युवा साफ़ हवा में सांस लेने और रोजगार के अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं, लेकिन बदले में सरकार उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल रही है। इस पीढ़ी को संविधान में आस्था और अब राहुल गांधी से उम्मीद है और उनका यही विश्वास इस देश की राजनीति बदलेगा।रविवार शाम इंडिया गेट पर कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने उग्रवाद पर कड़ा प्रहार किया

# दूसरा जिन्ना पैदा होने से पहले दफनाना होगा

**गोरखपुर, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सपा सांसद का जिक्र करते हुए कहा कि जब वंदे मातरम को लेकर आयोजन हुआ, तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। ये वहीं लोग हैं जो जिन्ना के कार्यक्रमों शर्मनाक तरीके से शामिल होते हैं।

सीएम योगी ने गोरखपुर में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज हमारा दायित्व बनता है कि हम उन कारणों को ढूंढे, जो समाज को बांटने वाले हैं। यह जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर विभाजन नए जिन्ना को पैदा करने की साजिश का हिस्सा है। हमें याद करना होगा कि भारत के अंदर कोई नया जिन्ना पैदा न होने पाए और वह पैदा होने का साहस करता है, तो हमें उससे पहले कि



**वंदे मातरम के 150 साल पूरा होने पर बोले मुख्यमंत्री**

वह भारत की अखंडता को चुनौती दे, उसे दफन करके रख देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उग्रवाद और आतंकवाद जो लगातार भारत की एकता अखंडता को चुनौती दे रहा है। जो भी भारत के महापुरुषों का क्रांतिकारी का अपमान करते हैं, जिनके कारण भारत की एकता राष्ट्रीयता को चुनौती मिलती है। हमें एकजुट होकर खड़ा होना होगा, यह एकता यात्रा भारत के हर नागरिक की एकता अखंडता के प्रति प्रतिबद्ध करती है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब भारतवासियों को इस बात को ध्यान में रखना होगा कि हमारी आस्था हमारी जगह है, हमारी आस्था भारत की एकता अखंडता में बाधा पैदा कर रही है, तो हमें उसे एक और करना होगा। सबसे पहले हमें हमारी राष्ट्रीय अखंडता के लिए प्राण और प्राण से जूझने के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा कि 1876 के बाद कौन सा ऐसा क्रांतिकारी रहा है, जिसने वंदे मातरम का उद्घोष न किया हो। जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी लोगों ने सांप्रदायिक कह कर उसमें संशोधन करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कहा ये पांच या छह छंद का क्यों पढ़ना है दो छंद में ही हो जाए। कोई व्यक्ति, जाति, मत कोई मजहब किसी राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि वंदे मातरम का विरा.ध ही भारत के विभाजन का कारण बना था। कांग्रेस ने उस समय मोहम्मद अली जौहर को पद से हटा दिया होता और वंदे मातरम का सम्मान किया होता, तो भारत का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन नहीं हुआ होता। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले कारकों को ढूंढना होगा, उस पर प्रभावी प्रहार करना पड़ेगा, जिससे आने वाले समय में कोई दूसरा जिन्ना पैदा होकर भारत की अखंडता को चुनौती न देने पाए।

### धन की कमी से नहीं रुकेगा गंभीर बीमारियों का उपचार: सीएम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास दिलाने, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के उपचार में आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।



**सेंसेक्स** 83535.35
**निफ्टी** 25574.35



**सोना रु.** 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 150660
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार, सेंसेक्स 319 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.07 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,535.35 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 82.05 अंक यानी 0.32 फीसदी ऊपर 25,574.35 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में बढ़त के कारण घरेलू बाजारों में भी निवेश धारणा को मजबूती मिली। आईटी और फार्मा सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक.ांक 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.40 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,233



कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,637 के शेयर लाल निशान में और 1,502 के हरे निशान में रहे। अन्य 94 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। आईटी और फार्मा के साथ धातु, ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में भी तेजी रही। रियल्टी, सार्वजनिक बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.88 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1.76, एशियन पेंट्स का 1.28, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.20, टीसीएस का 1.12 और भारती एयरटेल का 1.00 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, टाइटन, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बीईएल और आईटीसी के शेयर भी बढ़त में रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.41 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.49 प्रतिशत, पावर ग्रिड का 1.36, अल्ट्रटेक सीमेंट का 0.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.77 और एक्सिस बैंक का 0.51 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.26 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.55 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.53 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.75 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में था।

### मार्केट खुलते ही सोना व चांदी के भाव में उबाल

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में बाजार खुलते ही उछाल आ गया। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3,000 रुपये प्रति किलो महंगी हो गई। 5 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना सोमवार सुबह 10 बजे 1427 रुपये की तेजी के साथ 1,22,494 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सत्र में यह 1,21,067 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,21,768 रुपये पर खुला। चांदी की कीमत में भी शुरुआती कारोबार में काफी तेजी आई है। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर को डिलीवरी वाली चांदी 2942 रुपये की तेजी के साथ 1,50,660 रुपये किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,47,728 रुपये पर बंद हुई थी और आज 1,49,540 रुपये पर खुली। सोने की कीमत अक्टूबर में ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई थी। उसके बाद उसमें गिरावट आई, लेकिन अमेरिकन इकॉनमी की हेल्थ से जुड़ी चिंताओं और दिसंबर में एक और रेट कट की उम्मीद में सोने की चमक फिर से बढ़ने लगी है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई, जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव बना रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,111 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.96 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 92 रुपये बढ़कर 3,838.23 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,855.96 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 19 रुपये घटकर 3,003.64 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव बना रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 81 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल भी 56 रुपये और वनस्पति 170 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल 31 रुपये और सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 113 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। दाल-दलहनों में मजबूती रही। मूंग दाल 111 रुपये प्रति क्विंटल महंगी



हुई। तुअर दाल 190 रुपये और मसूर दाल 149 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। चना दाल की कीमत 119 रुपये और उड़द दाल की 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 86 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7876.63 रुपये, मसूर काली 8152.33 रुपये, मूंग दाल 10088.98 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10583.98 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रतिं क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.96 रुपये और चावल 3838.23 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.96 रुपये और गुड़ 5027.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# कर्नाटक में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराधियों को जेल में मिल रहा वीआईपी ट्रीटमेंट: भाजपा

## कानून का भय नहीं, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गई

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर कानून व्यवस्था को बदहाल करने एवं अपराधियों को जेल के बाहर और भीतर आश्रय देने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता आरोप लगाया कि कर्नाटक में सत्ता के संघर्ष में कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधियों में कानून का कोई भय नही है, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गई है। इतना ही नहीं राज्य सरकार जेल में बंद आतंकियों, बलात्कारी, हत्यारोपी को सरकार सुख सुविधा के साथ अय्याशी का सामान उपलब्ध करा रही है। पूनावाला ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से लेकर फरीदाबाद तक, देश की सुरक्षा एजेंसियां और सरकार गंभीरता और सजगता से आतंकवाद की किसी भी घटना को होने से पहले ही आतंकियों के नापाक इरादों का भंडाफोड़ कर रही हैं। वहीं कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ है। पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर इस्लामिक जिहादी आतंक के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर आरोप लगाते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार की ओर से जेल में बंद एक इस्लामिक जिहादी आतंकवादी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद पर हमला किया जा रहा है और नागरिकों को आतंकवादियों के नापाक मंसूबों से बचाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रही है। पूनावाला ने कहा कि आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती करने वाले आतंकी को जेल में फोन समेत तमाम सुविधा देने के साथ साथ बलात्कारी और हत्या के अभियुक्त, सोने के स्मगलिग में शामिल आरोपी को जेल प्रशासन सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

> **कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ, कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रही: पूनावाला**

# बिहार में दो दशक के अन्याय के अंत को महागठबंधन सरकार बनाएं : खड़गे

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के लिए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि राज्य में 20 साल जारी अराजकता को खत्म करने और सबको न्याय दिलाने के वास्ते वे महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें।

खड़गे ने कहा कि बिहार के लोग दो दशक से अन्याय सह रहे हैं और मतदाता इसका अंत करने के लिए महाठबंधन के पक्ष में वोट करें। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार बिहार के लोगों को दो दशकों की लाचार और भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्ति दिलाएगी तथा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम करेगी। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अब पलायन रुकेगा,



युवाओं के भविष्य से अंधेरा छंटेगा, हर घर नौकरी से उनका कल संवरेगा। अन्याय का करेंगे अंत, सामाजिक न्याय से बदलेंगे बिहार। हमारा वादा है-महागठबंधन दलित, महाद.लित, आदिवासी, पिछड़े, अति-पिछड़े, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं, किसानों और युवाओं के आर्थिक उत्थान के लिए ठोस योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बदलाव के लिए तैयार है और महागठबंधन राज्य का गौरव लौटाने का संकल्प लेकर मैदान में है। इसलिए मतदाता विकास, समानता और न्याय के लिए महागठबंधन को वोट दें।

### इंडिया गठबंधन ने मानी हार: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हताश और निराश होकर अपनी हार मान ली है। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में विधान सभा चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए डेढ़ लाख

## रिपोर्ट दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला के खाते से साइबर ठगों ने एक लाख 56 हजार की नकदी पार कर दी। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसके होश उड़ गये। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जबकि जांच में जुट गयी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर में आकाश कुमार का परिवार रहता है। वह पिकअप चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनकी पत्नी शशिवाला का जोया की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में करीब नौ साल पुराना खाता है। इस खाते में करीब 1.61 लाख रुपये जमा थे। लेकिन 14 से 13 अक्तूबर के बीच साइबर ठगो ने उनके खाते से 1.56 लाख रुपये उड़ा लिए। आकाश कुमार का आरोप है कि उनके पास धनराशि कटौती के दौरान कोई ओटीपी नहीं आया। इतना ही नहीं उनकी पत्नी के पास खाते का न तो एटीएम है और न वह फोन चलाती हैं। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# खो-खो में स्वर्ण जीतने वाली टीम का सम्मान

## राष्ट्रीय स्तर पर भी करें नाम रोशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने वाले बालक वर्ग अंडर-17 टीम को जिला विद्यालय निरीक्षक ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।

बताते चले कि 4 से 6 नवंबर को अयोध्या जिले के डा. भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संस्थान में मुरादाबाद मंडल की टीम ने खो-खो में स्वर्ण पदक जीता। इस टीम में नौ खिलाड़ी अमरोहा जिले के थे। आज अपने कार्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार ने इन खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतियोगिता हो उसमें पूरी मेहनत व ईमानदारी से हिस्सा लें। अपने गुरूओं का सम्मान करें तथा जीवन में आने वाले परेशानियों से कभी भी न घबराये। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते कहा कि जिला खिलाड़ियों को चयन राष्ट्रीय स्तर के लिये हुआ है वह आगे भी इससे बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने टीम मैनेजर मुनेन्द्र सिंह व कोच शूरवीर सिंह त्यागी, औवेश जहीर की प्रशंसा भी की। इस मौके पर प्रधानाचार्य ललित कुमार, मदनपाल सिंह, मौ. असलम, संजीव कुमार, सीपी सिंह, विजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिव कुमार, सुमित कुमार मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक से फार्मेसिस्ट की मौत

### स्वास्थ्यकर्मियों में दौड़ी शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रखेड़ा स्वास्थ्य उप केन्द्र पर तैनात फार्मेसिस्ट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना से जहां परिजन शोकाकुल हैं तो वहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी दुखी हैं। कर्मियों ने मौन धारण करके दिवंगत फार्मेसिस्ट को श्रद्धांजलि दी।

जानकारी के अनुसार हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर निवासी अरुण शर्मा (45) इस समय स्वास्थ्य विभाग में रखेड़ा स्थित उपकेंद्र पर फार्मेसिस्ट के पद पर कार्यरत थे। शनिवार को शाम के समय अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और सीने में तेज दर्द होने लगा। परिजन तत्काल उपचार के लिए उन्हें एंबुलैंस द्वारा मेरठ ले जा रहे थे, मगर रास्ते में अरूण शर्मा की मौत हो गई। लिए मेरठ ले जा रहे थे। परिजनों के अनुसार हार्ट अटैक से अरूण शर्मा का निधन हुआ है। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्यकर्मी भी दुखी हो गए। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शोक सभा आयोजित में चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह ने उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके निधन को विभाग के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया।

# बिना लेआउट पास प्लाटिंग की ध्वस्त

## विनियमित टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** अवैध रूप से काटी जा रही प्लाटिंग पर प्रशासन का बुलडोजर गरज पड़ा। बिना ले आउट पास की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। जिससे माफियाओं में हड़कम्प मच गया। बताते चले कि नगर के आस-पास बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग बिना किसी डर के की जा रही रही है। भूमाफिया मंहगे दामों में प्लाट बेच रहे है। उन्हें प्रशासन का जरा भी खौफ नहीं है। नया मामला अतरासी पुल के नीचे का है। यहां भूमाफियाओं द्वारा शानदार कालोनी काटकर प्लाटिंग की जा रही थी। जब प्रशासन को इसकी भनक लगी तो विनिमय विभाग की टीम बुलडोजर लेकर यहां पहुंची। इस दौरान मौके पर करीब पन्द्रह से बीस बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग मिली। जिसे बिना समय गंवाये टीम ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। तहसीलदार रूपक सिंह ने बताया कि बिना लेआउट पास किसी भी कालोनी को नहीं बरसने दिया जायेगा। आगे भी इस तरह की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने प्लाटिंग करने वालो को चेताया कि यदि बिना अनुमति फिर से प्लाटिंग की जो सख्त कार्रवाई की जायेगी। यहां बताते चले कि शहर के आस-पास बिना लेआउट पास प्लाटिंग का धंधा जोरों पर है। बिना किसी डर के माफिया अपने काम को अंजाम दे रहे है।

# सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** मुरादाबाद जिले के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव जैतपुर विसहाट निवासी 40 वर्षीय ट्रक चालक मुकेश की उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार देर शाम वह सीमेंट से भरा ट्रक लेकर जोया के नारंगपुर पहुंचे थे। ट्रक को पंप के पास खड़ा कर वे किसी कार्य से नारंगपुर स्थित एक बाइक एजेंसी के पास पैदल हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान मुरादाबाद की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुकेश को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया ले जाया गयाद्य जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत नाजुक होने पर स्वजन उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां सोमवार को दोपहर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।मुकेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनके परिवार में मां संजू देवी, पत्नी रीना देवी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध में दो साल की सजा

## आरोपी पति पर 13 हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज उत्पीड़न और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में अदालत ने पति को दो साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी जमानत पर था।

संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के एक गांव किसान ने अपनी बेटी की शादी कस्बा जोया के रहने वाले एक युवक के साथ की थी। मामले में विवाहिता ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, अप्राकृतिक यौन संबंध व मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी सुनवाई सीजेएम द्वितीय की अदालत में चल रही थी। अंतिम सुनवाई करते हुए अदालत ने पति को दहेज उत्पीड़न व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में दोषी पाया। दो साल जेल की सजा सुनाई तथा 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## एक नजर

### बिना रायल्टी बजरपुट से लदा डम्पर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह खनन अधिकारी केवी सिंह ने कार्यवाही करते हुए हाईवे पर वजरफुट लदे डंपर को पकड़ाद्यखनन अधिकारी ने वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच की लेकिन चालक आवश्यक लायल्टी पत्र नहीं दिखा सकाद्यइस पर खनन अधिकारी ने डंपर को कोतवाली लाकर सीज कर दिया

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संभल मार्ग पर देर रात हुए एक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।दो बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में संभल जनपद के भदरौला निवासी अमित पुत्र फूल सिंह और उनके साथ बैठी मोहिनी पुत्री चमन घायल हो गये। उनकी बाइक की टक्कर ज्ञानपुर सिसौना निवासी तहसील की बाइक से हुई है। जिसमें तहसीन भी गंभीर रूप से चोटिल हो गये। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों घायल सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सरकारी एंबुलेंस द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, तीनों की हालत की गंभीरता को देखते हुए, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### पंजा कुश्ती में प्रथम दिवाकर का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पंजा कुश्ती में प्रथम स्थान आने पर युवक का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए रोड शो निकाला गया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा निवासी दिवाकर राणा ने जनपद मुजफ्फरनगर में आयोजित पंजा कुश्ती में भाग लिया था। वहां पर पंजा कुश्ती में कई प्रतिभागियों के पंजों को जमीन पर गिराते हुए जनपद का परचम फहरा दिया। जनपद मुजफ्फरनगर में दिवाकर राणा को विजेता घोषित किया गया। विजेता बनकर जब दिवाकर राणा जनपद में पहुंचे तो वहां पर उनका रोड शो निकाला गया। साथ ही उन्हें फूल मालाओं से लाद कर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

### आलू की फसल में रंजिशन भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** दबंग द्वारा आलू की फसल में पानी भर दिये जाने के कारण लाखों का नुकसान हो गया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर निवासी शांति स्वरूप पुत्र दीवान सिंह ने अपने 12 बीघा खेत में आलू की फसल को बोया था। आरोप है कि दबंग राजेश पुत्र सागर ने रंजिशन उसकी आलू की फसल में पानी भर दिया। जिससे आलू की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। पीड़ित का कहना है कि 12 बीघा जमीन में लगभग 4 लाख रुपये के आलू की फसल होती है। पानी भरने से वह पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। जब उसने इसकी शिकायत की तो वह मारपीट करने पर उतारू हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर करवाई किये जाने की मांग की है।

### सांसद ने किया सीसी रोड का उदघाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगावां सादात।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता की सेवा करना उनका पहला कर्तव्य है। गांव इब्राहीमपुर में सांसद कंवर सिंह तंवर ने अमरोहा-धनौरा मार्ग से प्राथमिक विद्यालय की तरफ 34 लाख की लागत से बनी 200 मीटर सीसी रोड व 400 मीटर नाले का उदघाटन फीता काटकर किया। श्री तंवर ने कहा कि जनता ने जिन भरोसा के साथ उन्हें सांसद चुना है वह उसे टूटने नहीं देंगे। बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास कराना उनका पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राहुल चौहान, भगवंत सिंह, पिन्टू भाटी, महेश प्रधान, मनोज शर्मा, महेश खडगवंशी, सुम्मेर सिंह, विरेन्द्र सिंह, बलवंत सिंह, राजेश चौहान, धानू मास्टर मौजूद रहे।

# कृषि बीज भण्डार पर किसानों का प्रदर्शन

## समय पर बीज न मिलने पर भड़के किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** समय पर बीज भंडार न खोले जाने से गुस्साये किसानों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

सोमवार को गंगवार में राजकीय कृषि बीज भंडार जब 10:30 बजे तक नहीं खुला तो किसान उत्तेजित हो गये। किसानों ने कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि वह 3 घंटे से बीज भंडार पर बैठे हुए है। लेकिन कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू है। उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता ही परेशान हो रहा है तो देश का क्या होगा। उन्होंने बताया कि जब बीज भंडार केंद्र पर तैनात संबंधित अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह 12:00 बजे आएंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लापरवाही के चलते किसानों को समय पर बीज नहीं मिल रहा है। जिन किसानों ने अपनी फसल बोई है उनको जब समय पर बीज नहीं मिलेगा तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में रामपाल, अरविंद, पवन कुमार, सतवीर, भोजराम, रामचंद्र पाल, जावेद, प्रवेश, गुलजारी, मेहकार, हरपाल, अनवर, गंगा दास, रणवीर, लाल सिंह, महावीर, ओमपाल, चंद्र सेन, होराम, रियासत, सोनू आदि मौजूद थे

# राहुल वर्मा भाकियू के बने नगराध्यक्ष



**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन असली संगठन के युवा जिलाध्यक्ष लोक. ेश सिंह उर्फ सोमवीर ने बैठक में संगठन का विस्तार किया, साथ ही किसानों की समस्याओं पर भी चर्चा की। इसी क्रम में उन्होंने मुहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी राहुल वर्मा को नगराध्यक्ष मनोनीत किया है। राहुल वर्मा ने जिलाध्यक्ष को संगठन की मजबूती और किसानों को एकजुट करने के लिए आश्वस्त किया है।

# गुणवत्ता ही जुबिलेंट की सबसे बड़ी पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा ने कहा कि गुणवत्ता ही जुबिलेंट की सबसे बड़ी पहचान है और बाजार में बने रहने के लिए यही सबसे बड़ा मापदंड भी है। कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बेहतर से बेहतर उत्पाद ही सफल होता है। इसलिए गुणवत्ता से समझौता किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए।

सोमवार को जुबिलेंट इंग्रविया लिमिटेड परिसर में वर्ल्ड क्वालिटी वीक का शुभारंभ

### जुबिलेंट में वर्ल्ड क्वालिटी वीक का शुभारंभ

जुबिलेंट में यूनिट हेड विनोद झा एवं सेंट्रल क्वालिटी एस्योरेंस हेड संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कारपोरेट आफिस से आए सीक्यूए हेड संजीव कुमार ने इस सप्ताह के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। यूनिट हेड ने कहा कि कंपनी जुबिलेंट को शिखर तक ले जाने में प्रत्येक कर्मी की मेहनत है। कहा कि गुणवत्ता के दम पर ही हम विदेशों में भी अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। कार्यक्रम में डा.समीर सिंह, सुनील ए सिंह, अमित पांडेय ने भी विचार रखे। प्रबंधक क्वालिटी एस्योरेंस देशदीपक मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, नीरज सिंह, आलोक रघुवंशी, माता प्रसाद द्वेदी, डा. भूपेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, श्यामवीर सिंह, अंकित भट्ट, रजनीश पांडेय, उपेंद्र सिंह, सूर्यवीर सिंह आदि मौजूद रहे। निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि वीक का समापन 14 नवंबर को होगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

# रिश्वत लेकर मामला रफादफा कर देती खाद्य विभाग की टीम

## डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक ने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पर गंभीर आरोप लगाते जिलाधिकारी से शिकायत की है। उसका आरोप है कि टीम आये दिन लोगों से अवैध वसूली करने में लगी है। जबकि मिलावट खोरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

देहात थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा अल्यारपुर निवासी प्यारेलाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर खाद्य विभाग की टीम पर आरोप लगाया है कि गांव में बड़े पैमाने पर मिलावटी सरसों का तेल व अन्य सामान बेचा जा रहा है। जब उसने इसकी शिकायत विभाग से की तो टीम वहां पहुंची। आरोप है कि मिलावट खोर से 15 लीटर सरसो का तेल व बीस हजार रूप्ये लेकर सैम्पल पास कर दिया। उसका यह भी आरोप है कि उक्त व्यक्ति नामचीन कम्पनियों के रैपर लगाकर खुलेआम सामान बेचता है। परन्तु कार्रवाई के नाम पर विभाग के अधिकारी केवल खानापूर्ति करते हैं। उसने मिलावट खोरी पर रोक लगाने व लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को डीएम को ज्ञापन सौंपा।

# गन्ना रिजेक्ट करने पर भड़के किसानों का प्रदर्शन

## दबाव के आगे झुका मिल प्रबंधनतंत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गन्ना प्रजाति 5009 को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने पहले एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया, लेकिन जब गन्ना विभाग और मिल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रही, तो आंदोलनकारी सीधे मिल गेट पहुंच गए। वहां नारेबाजी और हंगामे के बीच माहौल गर्मा गया।

मिल परिसर में किसानों के बढ़ते दबाव को देखते हुए अंततः मिल प्रशासन झुक गया और 05009 प्रजाति का गन्ना खरीदने की सहमति दे दी। सहमति बनते ही देर शाम यूनियन ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष मिल और गन्ना विभाग ने 5009 को अगैती प्रजाति के रूप में सर्वे किया था, ऐसे में अब मिल प्रबंधन को इसे खरीदना ही होगा। किसानों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार किसानों से वार्ता के लिए पहुंचे, लेकिन बात बनी नहीं। जिसके बाद किसान सीधे मिल गेट पर धरने पर बैठ गए। कई घंटों के तनाव और बातचीत के बाद मिल प्रबंधन ने झुकते हुए किसानों की मांग मान ली। धरना स्थल पर चंद्रपाल सिंह, अभिराज सिंह, सौवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुभाष चीमा, फूलवश सिंह, राजीव राठी, देशराज सिंह, गुरमीत सिंह चंचू, रवि राठी आदि किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# नार्थ इंडिया चैम्पियन बनने पर अनुराग का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददात**

**जोया।** बॉडी बिल्डिंग में नार्थ इंडिया का चैम्पियन बनने पर अनुराग गुप्ता उर्फ राज का ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया। जयपुर के मान बाग पैलेस में हुई नार्थ इंडिया प्रतियोगिता में कुल 219 बॉडी बिल्डर्स ने प्रतिभाग किया। पांच सदस्य निर्णायक टीम ने कस्बे के मोहल्ला के रहने वाले अनुराग गुप्ता को चैम्पियन चुना। आज कस्बे के युवाओं ने ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी से चैम्पियन का स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर सतेन्द्र सिंह, गौतम सिंह, सीमा चौधरी, सुखवंत सिंह, विनीत गुप्ता, दीपक गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता, मोहित गुप्ता, ओम गुप्ता, आसिफ अली, कामरान जावेद, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चोरी के खुलासे को सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बीएसएफ के रिटायर दरोगा के घर हुई चोरी के खुलासे के लिए पुलिस आसपास के घरों और प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी खंगाल रखी है, साथ ही उस क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

नगर के मोहल्ला मानसरोवर कॉलोनी में बीएसएफ के सेवानिवृत्त एसआई शिवकुमार शर्मा 05 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अपने पुत्र अमित शर्मा, पुत्रवधु शिवानी शर्मा, पुत्री रिंकी शर्मा आदि सहित अन्य कुछ परिजन के साथ तिगरी मेले में एक वर्षीय पौत्र वेदांत भारद्वाज के मुंडन संस्कार के लिए सुबह साढ़े पांच बजे घर से निकले थे। घर के मुख्य द्वार समेत अंदर के कमरों में भी ताले लगे थे। चोरों ने बंद

### सेवानिवृत्त दरोगा के घर पर हुई थी चोरी

मकान का मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य द्वार के लॉक की कड़ी निकालकर गेट खोल लिया और अंदर घुसकर कमरें में लगा लॉक काट लिया। यहाँ रखी सेफ आलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखी नकदी और शिवानी शर्मा के सोने चांदी से निर्मित आभूषण चोरी कर लिए। चार गुल्लकों को फोड़कर भी नकदी भी चुराई। शिव कुमार शर्मा के पुत्र अमित शर्मा ने चोरी में सात लाख रूपये के नुकसान होने का उल्लेख करते हुए तहरीर दी थी। पुलिस घटना के खुलासे के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है, साथ ही इस क्षेत्र में घटना के दौरान सक्रिय मोबाइलों का भी पता कराया जा रहा है।

# सरकारी स्कूल की भूमि पर दबंगों का कब्जा

## ग्रामीणों की शिकायत पर अवैध निर्माण रोकने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव पपसरा खादर में सरकारी प्राइमरी स्कूल की खाली पड़ी भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जे की को. शिश से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ दबंग लोग सरक. ारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से निर्माण सामग्री मंग. वाकर दीवार खड़ी करने की को. शिश कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि दबंग अपने परिवार की महिलाओं को आगे रखकर लोगों को धमका रहे हैं और मौके पर अपने पशु बांधकर भूमि को निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जब अधिकारी गंगा स्नान तिगरी मेले में व्यस्त थे, तभी दबंगों ने मौका देखकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तत्काल मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस पहुंची और काम रुकवाया, लेकिन शाम होते-होते दबंगों ने दोबारा दीवार खड़ी करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की नौबत आ गई। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी उक्त भूमि पर कब्जे का प्रयास किया गया था, जिसे पुलिस और राजस्व विभाग ने मुक्त कराया था, लेकिन दबंग अब फिर वही करतूत दोहरा रहे हैं। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने तत्काल राजस्व निरीक्षक व थाना अध्यक्ष गजरौला को मौके पर जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, तो तत्काल निर्माण कार्य रुकवाया जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। एसडीएम के आदेश के बाद गांव में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने के साथ दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी

## डग्गामार बसों पर लगे रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अमित सैनी ने एसपी से शिकायत कर अवैध डग्गामार बसों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि जिले में बड़े पैमाने पर मोहल्ला लकड़ा, स्टेशन रोड पैट्रोल पम्प, तकिया मोतीशाह, गांधी मूर्ति से दिल्ली के लिए अवैध डग्गामार बस चलायी जा रही है। जिससे सरकार को हर माह लाखों के राजस्व की हानि होनी है। उन्होंने कहा कि उक्त बसों का संचालन गुंडे, बदमाशों के हाथों में है। मंडल अध्यक्ष ने डग्गामार बसों के संचालन पर रोक की मांग की है।

# गंगा मेले में गये युवक का नहीं लगा सुराग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगा मेले में गया 35 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वहीं परिवार को अनहोनी की आशंका सता रही है। फिलहाल गजरौला पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सोमवार को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी नंदराम सिंह पुत्र छोटे लाल ने बताया कि उन्होंने गजरौला थाने में तहरीर देकर कहा कि उसका भाई लेखा पुत्र छोटेलाल उम्र करीब पैंतीस वर्ष परिवार के साथ तिगरी गंगा मेला देखने गया था। जहां संदिग्ध परिस्थितियों में पांच नवंबर को रात करीब ग्यारह बजे अचानक लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका साथ ही लेखा कि दिमागी हालत ठीक नहीं है। और उसकी लंबाई करीब पांच फुट छह इंच रंग सांवला पैंट शर्ट पहने हुए हैं। वहीं मामले में गजरौला थाना पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर ली और जांच पड़ताल शुरू कर दी। गजरौला पुलिस का कहना है कि उक्त व्यक्ति की लगातार तलाश की जा रही है अगर कहीं किसी को दिखाई देता है तो वह गजरौला थाना प्रभारी के मोबाइल पर सूचना दें। परिवार के लोगों ने पता बताने वाले को उचित ईनाम देने की घोषणा भी की है।

# उतरते समय ट्रेन की चपेट में आकर किसान की मौत

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं।** रविवार की रात उस वक्त हृदय विदारक हादसा हो गया जब एक किसान ट्रेन से उतरते समय मौत की पटरी पर फिसल गया। नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर ट्रेन से उतरते समय पैर फिसलने से किसान ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना शेरपुर रेलवे स्टेशन की है। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के गांव जोगीपुरा मंडियों निवासी विरेंद्र शर्मा पुत्र चंद्रपाल शर्मा अपने परिवार के साथ ट्रेन से उतर रहे थे। उतरते वक्त अचानक उनका पैर फिसल गया और देखते ही देखते वह ट्रेन के नीचे आ गए। चीख-पुकार सुनकर स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बार-बार यही कहते नजर आए बस कुछ कदम औरू और वो हमारे साथ होता। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि ग्रामीणों ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## वकीलों को दिलायेंगे मूलभूत सुविधएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बार कांउसिल उत्तर प्रदेश सदस्य पद के प्रत्याशी रजनीश गौतम ने कहा कि यदि वह चुनाव जीते तो वकीलों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सोमवार को रजनीश गौतम ने जनपद न्यायालय व तहसील परिसर में वकीलों से जनसम्पर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि वह चुनाव में विजयी होते है तो वकीलों के लिये चिकित्सा, बीमा, आश्रितों को मुआवजा बढ़ोत्तरी आदि उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने वकीलों से अपील करते कहा कि वह प्रथम वरीयता वोट उनके पक्ष में डाले। इस मौके पर महाराज सिंह, योगेन्द्र कुमार, सहसवान सिद्दीकी, प्रदीप कुमार, एसपी सिंह, अनीता सिंह, महिपाल सिंह, हरिओम सिंह, आकाश, सुबह मुस्तकीम मौजूद रहे।

# हाईवे पर किसानों के लिए बनाया जाए अंडरपास

## किसान एकता संघ ने कलक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर किसानों के लिये अंडरपास बनाने की मांग को किसान एकता संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा।

संघ से जुड़े किसानों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग करते कहा कि हाईवे पर अंडर पास न होने के कारण किसान परेशान है। गांव श्योनाली के समाने 25 से 30 गांवों के किसानों को इसकी सख्त जरूरत है। कई बार वह अधिकारियों से मांग कर चुके है, लेकिन आज तक उन्हें मात्र आश्वासन ही मिला है। उनका कहना था कि अंडर पास न होने के कारण आये दिन हादसे होते रहते है। उन्होंने ज्ञापन सौंप इस समस्या को दूर करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालो में डा. रवि नागर, महफूज अली, शेर अली जाफरी, राजेश शर्मा, वीरपाल चौधरी, बोहरन लाल, मुस्तकीम बाबू, हसनुद्दीन, अजय ठाकुर आदि शामिल थे।

# हसनपुर के मजदूर की हरियाणा में मौत

## इंजीनियर की लापरवाही से हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सेफ्टी इंजीनियर की लापरवाही के चलते सात फुट की ऊंचाई से गिरने पर 21 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई मृतक के शव का दफीना कर दिया।

सोमवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी 21 वर्षीय जुबेर पुत्र नजाकत हरियाणा के झज्जर में इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ठेकेदार के अंडर में कार्य कर रहा था। रविवार को काम करते समय सात फुट की ऊंचाई से गिरने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मौके पर पहुंचे परिजनों तथा ठेकेदार द्वारा मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान बीती रात मजदूर जुबेर ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि कंपनी में सेफ्टी इंजीनियर द्वारा मजदूर को सेफ्टी किट धारण नहीं कराई गई थी। और मौखिक आदेश देकर इंजीनियर वहां से चला गया था। जहां इंजीनियरिंग की लापरवाही के कारण मजदूर की मौत मानी जा रही है। वहीं फैक्ट्री के ठेकेदार मोहम्मद शहरोज आलम से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि सेफ्टी इंजीनियर द्वारा मजदूर को कई बार कहा गया लेकिन उसने सेफ्टी किट नहीं पहनी। जिसके चलते सात फुट की ऊंचाई से गिरकर वह घायल हो गया और मेरठ में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ठेकेदार मोहम्मद शहरोज आलम के द्वारा गंग. वार निवासी शेर अली को ठेका पेटी दिया हुआ था। जिसके नेतृत्व में साइट पर करीब बारह मजदूर कार्य भी कर रहे थे। इसीलिए ठेका पेटी शेर अली के नेतृत्व में कार्य के दौरान ही मजदूर की जान चली गई। जहां कंपनी तथा ठेकेदार द्वारा मजदूर के परिवार को कोई मदद नहीं की गई है। फिलहाल परिजनों द्वारा मृतक का शव गांव लाया गया जहां मृतक के शव को देखते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की मां केशर जहां तथा चार भाई चार बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मजदूर जुबेर पांच भाई चार बहनों में तीसरे नंबर का बताया जा रहा है।

# खाद के नाम पर किसानों से अवैध वसूली

## सहकारी समिति पर किसानों का खुलेआम उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के कस्बा उझारी स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड पर किसानों से यूरिया खाद पर खुलेआम अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगा है। किसानों का कहना है कि यूरिया खाद का सरकारी रेट 267 प्रति बोरा है। लेकिन समिति द्वारा 3 रुपये प्रति बोरा अधिक यानी 270 में बेचा जा रहा है। इस तरह से किसानों को खुलेआम लूटा जा रहा है। आरोप है कि यह समिति उझारी सैद नगली हिसखेड़ा, सौहत सहित कई पंचायतों के करीब 50 हजार से अधिक किसानों को खाद आपूर्ति करती है।अनुमान के मुताबिक, प्रति बोरा 3 की अवैध वसूली के हिसाब से समिति द्वारा किसानों से लाखों रुपये की मोटी अवैध कमाई की जा रही है। किसानों का यह भी आरोप है कि डीएपी-यूरिया पर जमकर अवैध वसूली हो रही है, जबकि एमएपी खाद का स्टॉक खत्म दिखाकर कालाबा. जारी की जा रही है। समिति सचिव विवेक कुमार त्यागी ने 270 लेने की पुष्टि की, लेकिन बहाना बनाया कि खुले पैसे न होने पर अगली बार लगा लिए जाते हैं। किसानों ने इस अवैध वसूली की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की है। लेकिन फिलहाल उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे किसानों में भारी रोष है।

# हादसे में घायल वृद्धा ने तोड़ा दम

## आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर रविवार शाम सड़क हादसे में गंभीर घायल 55 वर्षीय फूलवती की देर रात मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि हादसे में घायल रामपुर निवासी बाइक सवार बाबू का उपचार चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी गई।

रविवार शाम करीब 6 बजे हादसा कस्बा डिडौली में बस अड्डे के नजदीक हुआ था। गांव डिडौली निवासी जयपाल सिंह की 55 वर्षीय पत्नी फूलवती खेत से काम कर घर लौट रही थीं। बस अड्डे पर सड़क पार करते समय दिल्ली दिशा से आ रही तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में फूलवती के अलावा रामपुर जिले के टांडा बादली थाना क्षेत्र के नयागांव का रहने वाला बाइक सवार बब्बू गंभीर घायल हो गया था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। बेहतर उपचार के लिए परिजन फूलवती को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए थे, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। हादसे के बाद बाइक को मौके से कब्जे में ले लिया गया था। मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, घायल बब्बू का भी एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# तालाबों से अवैध कब्जों को हटवाया जाये

## ग्राम प्रधान ने डीएम से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दबंगों द्वारा तालाबों पर किये गये अवैध कब्जे को हटाये जाने की ग्राम प्रधान ने डीएम से मांग की है।

सोमवार को गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव शहबाजपुर गुर्जर के वर्तमान ग्राम प्रधान शाहिद का आरोप है कि ग्राम पंचायत शहबाजपुर गुर्जर के मजरा मछरिया में बाईस बीघा के सात तालाब मौजूद हैं। जिस पर गांव निवासी दबंगों ने अवैध कब्जा कर फसलें तथा यूकेलिप्टस एवं पॉपुलर के पेड़ लगाये हुए हैं। और जगह-जगह अवैध कब्जा किया हुआ है जिसकी शिकायतें पिछले तीन वर्षों से लगातार तहसील के अधिकारियों से की जा रही हैं। लेकिन अभी तक अधिकारियों द्वारा तालाबों की भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया है। प्रधान पुत्र जावेद अख्तर का आरोप है कि गांव के ही दबंगों ने गांव के बाईस बीघा के सात तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है जिसकी सोमवार को जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स से शिकायत की गई है। वहीं शिकायती पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधान ने बताया कि जब ग्राम प्रधान उक्त दबंगों से तालाब की भूमि से कब्जा हटाने को कहते हैं तो वह गंदी-गंदी गालियों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देते हैं। वही तालाब की भूमि से कब्जा मुक्त नहीं होने के कारण गांव के जल निकासी का उचित प्रबंध नहीं किया जा सका है। और गांव का पानी सड़कों पर भर जाता है जिससे गांव के लोगों तथा छात्र-छात्राओं को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्राम प्रधान ने अवैध कब्जों को तुरंत हटवाये जाने की मांग की है।

# पेंचक सिलाट संगठन ने कराया प्रतियोगिता का आयोजन

मथुरा। पेंचक सिलाट संगठन मथुरा द्वारा गणेश स्टेडियम में 9 नवंबर को प्रथम पेंचक सिलाट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें आगरा और मथुरा के 170 से अधिक प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपना जोश और हुनर दिखाया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर किरण कश्यप जो कि अंत. रराष्ट्रीय महिला रेफरी है और राकेश कुमार यादव प्रभारी (गणेश स्पोर्ट्स स्टेडियम )और बंटी सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट के अतिथि के रूप में सोनू निषाद ,कामना शर्मा,ज्ञान प्रकाश शर्मा, मंजू दलाल काजल शर्मा,अभिनय अग्रवाल,मोहित आदि ने बच्चों को खेल के बारे में समझाया और किस तरह आप खेल में आगे बढ़ सकते हैं और किस तरह अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं इसके बारे में जानकारी दी। वही मथुरा पेंचक सिलाट के जनरल सेक्रेटरी सुमित गौतम ने खिलाड़ियों को खेल के नियमों के बारे में बताया की किस तरह से वह पॉइंट ले सकते हैं स्कोर ले सकते हैं किस तरह से क्या-क्या गलतियां होने पर उनके पॉइंट कट करे जा सकते हैं खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक खत्म हुई वहीं इस प्रतियोगिता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रतियोगिता के जज पर रेफरी राहुल, सुंदर, प्रथम, आकाश शुक्ला,राजीव सोनी,इशिता,पुष्पेंद्र,राजपूत, प्रशांत, वसीम इस प्रतियोगिता में पूर्व में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें खुशी वशिष्ठ, अदिति गॉड और सुमित गौतम को सम्मानित किए गया। इस प्रतियोगिता में किड्स एरा पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान पर रहा वृंदावन पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा और रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहते हुए ट्रॉफी हासिल की।

## सनातन हिंदू एकता यात्र: 8 जोन, 18 सेक्टर में बांटा क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** 13 नंबर को मथुरा पहुंचेगी सनातन हिंदू एकता यात्रा,दिल्ली आगरा नेशनल हाईवे रहेगा बंद,तीन हजार पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा दिल्ली से वृंदावन तक निकाली जा रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 13 नवंबर को मथुरा में हरियाणा से प्रवेश करेगी। यात्रा में चल रहे यात्रियों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# माल विद्या को बढ़ावा हेतु सरकार और समाजसेवी आगे आए : उपमन्यु

**मथुरा,** राया के क्षेत्र गांव भंकरपुर बसैला में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया इस कुश्ती दंगल में छोटे बड़े सैकड़ों पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाएं।

इस विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर किया। उन्होंने कहा कि आज देहात में कुश्ती दंगल जैसे आयोजन दूर होते जा रहे हैं। सरकार और समाजसे. वियों को कुश्ती दंगल एवं पहलवानों के प्रोत्साहन हेतु सहयोग करने के लिए दिल खोल कर आगे आना चाहिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से होनहार प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है और चरित्र निर्माण एवं भाई चारे की की भावना को भी बढ़ावा मिलता है हमें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस विराट कुश्ती दंगल का आयोजन रामहरि प्रधान द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें आखिरी कुश्ती 5 लाख 51 हजार रुपये एक मोटरसाइकिल इनाम रखी गई थी कुश्ती दंगल में पूर्व सेल टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर श्री चंद्रपाल सिंह पूर्णिया एडवोकेट सूबेदार पंडित जी समाजसेवी मनोज गोयल अज्जू पहलवान, कान्हा पहलवान ,सोनू पहलवान बसैला, विपिन पहलवान, कहेरी पहलवान बसैला,अजित पहलवान विसावली,सोहिल मथुरा, राममोहन विसावली,नरेश धर्मपुरा,ने अपने अपनेध प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को पराजित कर जीत हासिल की कुश्ती दंगल में चन्द्रपाल सिंह,शिब्बो पहलवान, भूपेश अग्रवाल, हरेन्द्र सिंह, हरिओम पहलवान आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# टूट नहीं रहा बार चुनाव को लेकर बना गतिरोध, धरना जारी

**मथुरा।** बार एसोसिएशन मथुरा में वार्षिक चुनाव व एल्डर कमेटी को लेकर जो गतिरोध था वह आज भी बना रहा तथा अधिवक्ताओं का धरना आज दसवे दिन भी जारी रहा है जिसमें की बड़ी मात्रा में अधिवक्ताओं के द्वारा भाग लिया जमकर अध्यक्ष व सचिव के खध्लिाफ नारेबाजी की गई गया ज्यादातर अधिवक्ताओं का यही मत था कि वर्तमान अध्यक्ष व सचिव को संविधान के अनुरूप कार्य करना चाहिए तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं व पूर्व अध्यक्षों की एल्डर कमेटी बनाई जाय जिसमें हर वर्ग हर जाति वरिष्ठता के आधार पर शामिल किए जाएं जो पूर्व में 11 सदस्यीय एल्डर कमेटी बनाई गई है उसमें वरिष्ठता के आधार पर वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्षों को शामिल किया जाए तथा एल्डर कमेटी को अभिलंब बार का संचालन सौंपा जाए क्योंकि बार के पदाधिकारी का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है तथा संविधान में ऐसी व्यवस्था है के कार्यकाल पूर्ण होने के बाद एल्डर कमेटी अस्तित्व में आ जाती है जिस कारण से वर्तमान पदाधिकारीयों को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है संविधान के अनुसारएल्डर कमेटी को अपने अधिकारों का सदुपयोग करना चाहिए यदि बार के पदाधिकारियों के द्वारा इस एल्डर कमेटी को अपना चार्ज नहीं दिया गया तो आंदोलन में तेजी लाई जाएगी तथा आंदोलन को वृहद रूप में किया जाएगा जिसकी जवाब देही वर्तमान अध्यक्ष व सचिव की होगी वर्तमान बार के पदाधिकारी आंदोलनकारी अधिवक्ताओं के सब्र का इंतहान ना ले क्योंकि आंदोलन को होते हुए आज 10 दिन पूर्ण हो चुके हैं तथा बार के पदाधिकारी ना तो आंदोलनकारी से बात करने को तैयार हैं और ना ही कोई रास्ता निकाल रहे है जिस तरह पूर्व पदाधिकारियों ने बार जो किया था उसी का अनुसरण कर रहे हैं आंदोलन जारी रहेगा आंदोलन में प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रत्याशी राजकुमार उपाध्याय इंद्र कुमार वशिष्ठ सचिव पद प्रत्याशी पूजा वर्मा रमाकांत भारद्वाज मनोज शर्मा शैलेश दुबे अटल फौजदार सुरेश पाठक चौधरी भगवान सिंह वर्मा बृजेश कुमार शर्मा एल के गौतम बीपी गौतम राकेश चतुर्वेदी राधेलाल बैध भानु शर्मा अनिल कुमार भारद्वाज ठाकुर शूरवीर सिंह विजेंद्र आदि रहे।

# वृंदावन में बागेश्वर धाम सरकार की पदयात्रा को लेकर हलचल

**मथुरा।** बागेश्वर धाम सरकार द्वारा सात नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन तक निकाली जा रही दूसरी हिंदू एकता पदयात्रा के नौवें पड़ाव को लेकर रविवार को वृंदावन में हलचल देखी गई। मां वैष्णो देवी ग्राउंड एवं श्री राधा गोविंद जी मंदिर परिसर का निरीक्षण श्री बागेश्वर धाम के प्रमुख सेवक नितिन बागेश्वर धाम की टीम ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया।निरीक्षण के दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा, श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी नमामि गंगे ब्रज क्षेत्र संयोजक पंकज चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। पंडित संजय हरियाणा ने वृंदावन में पदयात्रा में मात्र 500 लोगों की अनुमति दिए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सनातन श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला है। प्रशासन को इस पर पुनर्विचार कर सुधार करना चाहिए। वहीं श्याम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू एकता पदयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यह सनातन संस्कृति की एकता, जागृति और राष्ट्र निर्माण का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धर्म और समाज के उत्थान के लिए हर सनातनी को इस पदयात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।नमामि गंगे ब्रज क्षेत्र संयोजक पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि गंगा, यमुना और ब्रजभूमि सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। हिंदू एकता पदयात्रा धर्म, संस्कृति और पर्यावरण तीनों के संरक्षण का संकल्प लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि ब्रजवासी इस यात्रा का पूरे मनोयोग से स्वागत करेंगे।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लि. मुरादाबाद द्वारा मौहम्मद फैसल पुत्र नजाकत अली इस्लामनगर नौगांवा सादात अमरोहा को एक ऋण सम्पत्ति पर दिया जा रहा है। सम्पत्ति स्थित मौहल्ला गौतमनगर नौगांवा सादात जिला अमरोहा।

बैनामा श्री अमीर अब्बास पुत्र मौहम्मद जकी- विक्रेता।

क्रेता- श्री रियासत अली पुत्र सुक्खे जिसकी रजिस्ट्री नम्बर 4272 दिनांक 11.5.2006 बही नम्बर, जिल्द नम्बर 1980 पेज नम्बर 397 से 418 है।

हदुद अरबा-

पूरब- रास्ता 4 फुट चौड़ा

पश्चिम- आराजी बुनियाद अली

उत्तर- आराजी नन्हीं

दक्षिण- आराजी मुकिर

क्रय पत्र- 30.10.205 को कहीं खो गया है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 10.11.2025 को ऑनलाइन माध्यम से थाना नौगांवा सादात अमरोहा में करा दी गयी है। अगर किसी को यह विक्रय पत्र मिले या किसी बैंक में यह बिक्रय पत्र रखे हों तो निम्नलिखित पते पर सात दिन के भीतर सूचित करें या आपत्ति दर्ज करें।

राजीव चौधरी एडवोकेट पता चैम्बर नम्बर सी-17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचहरी परिसर मुरादाबाद। मोबाइल नम्बर- 9219538726

# नीलगाय से टकराकर युवक की मौत

## ड्यूटी से लौटते समय देर शाम बाइक के सामने नीलगाय से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** ड्यूटी से लौट रहे बाइक सवार युवक की नीलगाय से टकराकर मौके पर ही मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

मौहल्ला चौहटता निवासी ललित पुत्र रविंद्र रामपुर तिराहे पर एक कंपनी मे नौकरी करता था वह हर रोज की तरह सुबह के समय अपनी ड्यूटी पर गया था जब शाम के समय वापस लौट रहा था तो जैसे ही ललित अलावलपुर चौकी से आगे भट्टे के पास से गुजर रहा था तो अचानक ललित की बाइक के सामने नीलगाय आ गयी ललित की बाइक नीलगाय से टकरा गयी और बाइक के सामने अचानक नीलगाय आने से जोरदार टक्कर हो गयी। जोरदार टक्कर होने से ललित बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गया हादसे की सुचना वहा मौजूद व्यक्तियों ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मोके पर पहुंचकर घायल ललित को उठाकर सीएचसी चरथावल लाया गया, लेकिन ललित को देखकर डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया जैसे ही ललित की मौत का समाचार क्षेत्र मे फैला तो क्षेत्र सहित परिवार मे हड़कम्प मच गया अचानक हुई ललित की मौत से परिजनों पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। चरथावल सरकारी अस्पताल पहुँचे जिसके बाद ललित के परिजन भी अस्पताल पहुँचे ललित के शव को देखकर परिजनों का बुरा हाल था और ललित के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। हर कोई ललित की मौत से गमजदा नजर आ रहा था और ललित को अपनी माता का सहारा बता रहा था, लेकिन होनी को कौन टाल सकता हे यह कहावत देते नजर आए। हेलीमेट होता तो बच सकती थी ललित की जान जहाँ ललित बाइक पर सवार होकर बिना हेलमेट के चल रहा था वही वह हर रोज हेलमेट लगाकर जाता था, लेकिन आज भगवान को यही ही मंजूर था और ललित ने आज हेलमेट नहीं लगाया हुआ था जिस कारण ललित के सर मे चोट आयी और वह चोट ललित की मौत का कारण बनी ललित के पिता की भी पूर्व मे हो चुकी है मृत्यु और ललित बिना पिता के था और अपनी माता का सहारा था माता का रोरोकर बुरा हाल था। नीलगाय से टकराकर पूर्व मे भी हो चुकी है अन्य मोते अनेको लोग असमय नीलगाय से टकराकर काल का ग्रास बन चुके है। मृतक ललित के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है हर सम्भव मदद का आश्वासन प्रशासन द्वारा करने की बात कही गयी है।



मुजफ्फरनगरः जमीयत उलेमा की बैठक में जानकारी देते पदाधिकारी।

## जमीयत उलेमा का दो दिवसीय सम्मेलन स्थगित

**मुजफ्फरनगर।** जमीयत उलेमा-ए-हिन्द का होने वाला दो दिवसीय सम्मेलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस मालमे में जिलाध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली कासमी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो गई थी, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण यह कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

बैठक में मौलाना मुकर्रम ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिन्द मानवता और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रही है। उन्होने कहा कि इसी के मद्देनजर 12 व 13 नवंबर को सम्मेलन रखा गया था, लेकिन फिलहाल यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। बैठक में मौलाना अब्दुल खालिक कासमी, मौलाना जुबैर रहमानी, मौलाना बदर अख्तर, मौलाना रिजवान, मौलाना मुजफ्फर उल्ला, मौलाना अब्दुल कय्यूम, मौहम्मद आसिफ कुरैशी, मुफ्ती नवेद, मौलाना सुहैल, मौलाना शान मौहम्मद, मौलाना अहमद हसन ने कहा कि आगामी दिनों में कार्यक्रम के प्रस्ताव पर फिर चर्चा होगी।

## कैंसर की चपेट में आए युवक की हुई मौत

**बुढाना।** हिंडन नदी के किनारे रह रहे एक युवक की कैंसर की चपेट में आने से मौत हो गयी। लंबे समय तक दूषित पानी के सेवन से युवक को कैंसर की बीमारी का होना बताया जा रहा है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा धोबियान निवासी लगभग 56 वर्षीय सलामत मंसूरी का मकान हिंडन नदी स्थित है। हिंडन नदी का पानी बरसों से दूषित होने के चलते सलामत और उसका परिवार घर के नल से ही पानी का सेवन कर रहे थे। कई साल पूर्व सलामत की तबियत खराब हो गयी थी तो डॉक्टरों ने उसको केंसर बता दिया था। तब से सलामत अपने घर पर ही लंबे समय से बेड रेस्ट पर था। पैसों के आभाव में सलामत अपना इलाज नहीं करवा सका। आज सोमवार की सुबह अचानक से उसकी तबियत बिगड़ी। इससे पहले परिजन सलामत को डॉक्टर के पास ले जाते तभी उसने दम तोड दिया। मृतक के चार बच्चे बताए गये हैं। आज देर रात सलामत को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। सलामत के बारे में पत्रकारों ने भी खबरें प्रकाशित की थी लेकिन कोई भी समाजिक संस्था उसका इलाज कराने को आगे नहीं आई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# कॉलेज गेट पर तालाबंदी कर प्रबंधक प्राचार्य, पीटीआई के खिलाफ किया प्रदर्शन

### पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी कर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** डीएवी डिग्री पीजी कॉलेज बुढ़ाना के बीए द्वितीय वर्ष थर्ड सेमेस्टर के एक होनहार छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या कांड को लेकर आज सोमवार के दिन सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने कालेज के मेन गेट का ताला लगाकर कॉलेज के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर कॉलेज प्रबंधक अरविंद गर्ग, प्राचार्य प्रदीप कुमार, पीटीआई संजीव कुमार, कलर्क गौरव शर्मा, पुलिसकर्मी नंद किशोर सिंह, कांस्टेबल विनीत कुमार और कांस्टेबल ज्ञानवीर सिंह की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व गृह राज्य मंत्री सईदुज्जमा, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान, भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, सपा विधायक पंकज मलिक, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, गठवाला खाप के बाबा राजेंद्र मलिक, युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान, छात्र संघ अध्यक्ष वीशू मलिक, धर्मेंद मलिक, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, कश्यप खाप चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप व पूर्व प्रमुख अजीत पंवार सहित अन्य नेताओं ने विचार विमर्श कर तय किया कि कालेज का नाम शहीद छात्र उज्जवल के नाम पर रखा जाए, छात्र की मूर्ति कालेज में लगाई जाए। सब दोषियों की गिरफ्तारी हो। दोषी पुलिसकर्मियों सस्पैंड हों। छात्र की बहन सलोनी को सरकारी नौकरी व मुआवजा दिया जाए।

सभी ने एसपी देहात आदित्य बंसल को धरने पर बुलाकर सभी मांगों को पूरा करने को कहा तो उन्होंने कुछ मांगों को पूरा करने के लिए तीन दिन का समय मांगा। यहां छात्रों ने भाषण में स्थानीय पुलिस प्रशासन पर अपना नजला उतारा। आक्रोशित छात्रों ने कालेज का निर्माण बंजर जमीन में होना बताया और कालेज को बुल्डोजर से ध्वस्त करने की मांग की। प्रदर्शन धरने में उस समय तब्दील हुआ जब दिल्ली से पीएम होने के बाद छात्र उज्जवल का शव दोपहर में करीब सवा बजे प्रदर्शनकारियों के बीच लाया गया तो छात्रों में फिर से जबरदस्त आक्रोश फैल गया और उन्होंने कालेज प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। यहां भारी पुलिस बल मौजूद रहा। धरने पर कुलदीप बालियान, रामनाथ ठाकुर, भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, जितेंद्र त्यागी, मोनू मलिक, सलमान सईद, कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष हकीम जफर महमूद फुलत, राशिद चौधरी, मोहसीन चौधरी, एडवोकेट जाकिर अली, अंकुश राठी, पुनीत पंवार, हिमांशु संगल भाकियू नगराध्यक्ष इसरार अहमद, कृष्णपाल तोमर और ब्रजपाल सहरावत समेत हजारों लोगों की मौजूदगी रही।

**छात्रों की एक मांग हुई हाथों हाथ पूरीः** छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या कांड में छात्रों ने आज धरने पर यह मांग भी की थी कि मां शाकुम्भरी देवी यूनिवर्सिटी में एक दिन का अवकाश घोषित किया जाए। जिसमें यूनिवर्सिटी मे मंगलवार के दिन का अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद आक्रोशित छात्र शांत हुए।

**बाजार व स्कूल कॉलेज रहे बंद:** छात्र की मौत के मामले मे किसी भी तरह की अनिष्ट की आशंका को देखते हुए जहां पर बड़े बाजार के अधिकांश दुकानदारों ने घटना के विरोध में प्रतिष्ठान बंद रखे वहीं सुबह स्कूल व कॉलेज में पहुंचें बच्चों को वापस घर भेज दिया गया था।

## मृतक के घर भी पहुंचे डीएम व एसएसपी

**बुढाना।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के द्वारा बीती देर रात्रि मृतक छात्र उज्जवल राणा के निवास स्थान पर पहुंचकर उसके परिजनों से भेंट की गई तथा शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें सांत्वना दी गई। अधिकारियों द्वारा परिजनों को हर संभव सहयोग एवं नियम अनुसार आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया।



# दो दिन के भीतर गिरफ्तारी व मांगे पूरी होने के आश्वासन पर धरना समाप्त

### एक अन्य आरोपी का नाम भी जांच में बढ़ाने का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** देर शाम कुछ मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के आश्वासन पर सुबह साढे नौ बजे से शुरु हुआ धरना 08 घंटे बाद समाप्त हो गया। उधर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया तो पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। धरने पर एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी 2 दिन के भीतर कर ली जाएगी। एक और आरोपी का नाम जांच में बढ़ाया जाएगा। मृतक की बहन सलोनी राणा को बुढ़ाना नगर पंचायत या इसी कॉलेज में नौकरी दी जाएगी। इस आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

धरने पर मृतक की बहन सलोनी राणा को अज्ञात व्यक्ति की और 15 लाख रूपये, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान की और से 02 लाख रुपये, चरथावल विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक पंकज मलिक द्वारा पार्टी की और से 05 लाख रुपये और भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने अपनी और से 02 लाख रुपये देने की घोषणा की।

उधर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने शिक्षा में सुधार करवाए जाने का आश्वासन दिया और कहा कि वे मृतक छात्र उज्जवल राणा की बहन सलोनी राणा व उसके चाचा को लखनऊ ले जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलवाएंगे। उधर धरना समाप्त होने पर मृतक छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान धरने पर बैठे सभी लोग मृतक छात्र के घर गये और उसके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।





## विद्युत विभाग के खिलाफ मुकदमा

**मुजफ्फरनगर।** विद्युत बदलते समय खंभ गिरने से स्कूटी सवार की हुई मौत का मामला विद्युत विभाग के खिलाफ नई मंडी थाने में दर्ज किया गया है। सूत्रों का कहना है कि मृतक के परिजनों को तेरह लाख की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की गई है।

बता दे कि रविवार को नई मंडी क्षेत्र के आदर्श कॉलौनी लिंक रोड पर विद्युत विभाग के कर्मचारी खंभा बदलने का काम कर रहे थे इसी बीच एक सीमेंट का खंभा टूटकर गिरा तो अचानक ही इधर से गुजर रहे स्कूटी सवार 50 वर्षीय सुनील बालियान घायल हो गए थे और उनकी मौत हो गई थी। इस मामले से परिवार में कोहराम मच गया था अब पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया।

# शादी में हर्ष फायरिंग का मुकदमा दर्ज

## मंसूरपुर पुलिस बोली-लाइसेंस होगा निरस्त, कार्यवाही शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन के कडे रूख और पुलिस की सख्त कार्यवाही के बावजूद भी हर्ष फायरिंग के मामले आए दिन सामने आ रहे है। इस बार भी मंसूरपुर क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान दुल्हे की बुग्गी पर चढ़कर हर्ष फायरिंग करने वाले पर मंसूरपुर पुलिस ने कडा रूख अपनाते हुए तुरंत ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाएगी। बता दे कि दो दिन से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही थी। वीडियो में दिखाया जा रहा है कि एक बारात की घुड़ चुढ़ी हो रही है और दुल्हे की बुग्गी पर चढकर एक युवक हथियार से हर्ष फायरिंग कर रहा है। वायरल वीडियो में यह भी दिख रहा है कि उक्त युवक दुल्हे से भी हर्ष फायरिंग करने को कह रहा है दो दिन से हो रही वीडियो वायरल का संज्ञान मंसूरपुर पुलिस ने लेते हुए आरोपी के खिलाफ एक मकदमा दर्ज करना बताया है। बताया जाता है कि हर्ष फायरिंग के आरोपी सिविल लाइन क्षेत्र का निवासी है और यह वीडियो आठ नवंबर से वायरल होना बताया जा रहा है। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि एक के बाद एक चार फायरिंग की गई है। यह भी बताया गया है कि बारात दिल्ली देहरादून हाईव के मंसूरपुर क्षेत्र स्थित एक होटल की है। मंसूरपुर पुलिस का मानना है कि हर्ष फायरिंग के दौरान लोग भयभीत हो जाते है और हर्ष फायरिंग में कोई भी घटना घटने की स्थिति बनी रहती है। मसूंरपुर पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो में दिख रहे हर्ष फायरिंग के आरोपी पर कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाएगी। इस मामले की सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है और पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है यह भी जांच का विषय है, लेकिन पुलिस का कहना है कि मसूंरपुर क्षेत्र में हर्ष फायरिंग की वीडियो वायरल में कार्यवाही की जा रही है।

## पीएसी सेना नायक ने पुलिस मॉर्डन स्कूल का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी चारू निगम ने पुलिस मॉर्डन स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होने यहां की व्यवस्थाओं को परखा और बच्चो को संदेश दिया।

सोमवार को चारू निगम गाजियाबाद से पुलिस मॉर्डन स्कूल में पहुंची और उन्होने पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू सिद्धार्थ के साथ मिलकर पुलिस मार्डन स्कूल की अध्यापक सुधा शर्मा और छात्र-छात्राओं से कर्मचारियों से मिलकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होने निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान उन्होने यहां की शैक्षणिक व प्रशासनिक तथा भौतिक व्यवस्थाओं को परखा। चारू निगम व एसपी क्राइम ने स्कूल के रिकॉर्ड को खंगाला और सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निदेश दिए।

# वकीलों ने उज्जवल की मौत पर रखा नो वर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना से जुड़े सभी वकीलों ने छात्र उज्जवल राणा की मौत पर गहरा दुख व्यक्त कर दो मिनट का मौन धारण किया और नो वर्क रखा। मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय में आज सोमवार के दिन एक आपात बैठक बुलाई गयी।

जिसमें बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने मृतक छात्र उज्जवल राणा प्रकरण में एक शोक सभा का आयोजन कर सर्व सम्मति से तय करते हुए घोषणा की कि छात्र उज्जवल राणा की मृत्यु पर समस्त न्यायालयों में बेल इंजेक्शन ही ओपन रहेंगे जबकि शेष कार्य से सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे।



इस दौरान बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डूंगर, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष श्यामवीर सिंह वर्मा, शौ सिंह राणा, संजीव कुमार व मौहम्मद मियां रिजवानी आदि अधिवक्ताओं ने दुख जताया।

# पुलिस ऑफिस पर गूंजा सामूहिक वंदेमातरम गीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस कार्यालय परिसर में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे सहित स्टाफ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन भावपूर्ण वातावरण में किया गया। सभी पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, समरसता और देशभक्ति की भावना को पुनः स्मरण करते हुए देश के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व सेवा भाव का संकल्प दोहराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हवन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति सम्मान, समर्पण और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में नई चेतना और उत्साह का संचार किया था, और आज भी यह हम सबको राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।

# नगर भ्रमण को रथ पर सवार होकर निकले महाकाल

## श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भक्तों को दर्शन ने के लिए महाकाल बटुक भैरव बाबा रथ पर सवाल होकर निकले है। नई मंडी स्थित बालाजी धाम से महाकाल बटुक भैरव बाबा की शोभायात्रा बडे धूमधाम के साथ निकाली गई। बाला जी धाम पर महाकाल भैरव बाबा की आरती करते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा नई मंडी और शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। श्रद्धालुओं के द्वारा जमकर पुष्पवर्षा की गई।

चरथावल ब्लाक के गांव कल्लरपुर कछौली में स्थित महाकाल बटुक भैरव बाबा एवं शनिदेव सिद्धपीठ मंदिर में 10 नवम्बर से 13 नवम्बर तक भैरवाष्टमी महोत्सव बनाया जा रहा है। गुरुवार को बाला जी धाम से महाकाल भैरव बाबा की शोभायात्रा का धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। बाला जी धाम और खाटू श्याम मन्दिर के पंडितो ने महाकाल भैरव बाबा की आरती की। शोभा यात्रा में 5 बैंड, 11 झांकी, 1 डीजे, ढोल नगाड़े, कीर्तन मंडल और महाकाल भैरव बाबा का मुख्य रथ शामिल रहा। बाबा की शोभायात्रा नई मंडी के विभिन्न मार्गो से होते हुए बिन्दल मार्किट, पीठ बाजार, गौशालारोड से भोपा पुल, बचन सिंह चौक, मालवीय चौक, टाउन हाल रोड, शिव चौक, रूडकीरोड से होते हुए शाहबुद्दीनपुरा गांव से मिमलाना गांव से होते हुए कल्लरपुर कछौली सिद्धपीठ मंदिर में समापन हुआ।



शहर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के द्वारा महाकाल की आरती करते हुए भोग लगाया गया। वहीं विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में ठाकुर नकली सिंह, रामकुमार पुंडीर, अमित पुंडीर, कमल राणा, जितेंद्र सैनी, मुकेश धीमान, भूमेश कुमार, जयवीर सिंह, सोनू कुमार, संजू, नीरज कुमार, सुमित कुमार, अंकित कुमार, रजत कुमार, कुलदीप कुमार, अर्पित कुमार, राजकुमार, सुनिल कुमार, अभय कुमार, अमन कुमार, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** डीएम के सख्त रुख के बाद आखिर जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में हवन और पटला पूजन के साथ पेराई सत्र का शुभारंभ तो गया। मगर मिल प्रबंधन की नाकामी के चलते मिल अभी नहीं चल सकी है। डीएम अविनाश सिंह ने पेराई सत्र शुभारंभ की रस्म अदा की, और मिल प्रबंधन को इस बार मिल सही से चलाने कीध सख्त हिदायत भी दी है।

बरेली जिले में एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा है। इसके 42 वें वर्ष 2025-26 के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार को

**■ गन्ने के अभाव के कारण नहीं चल सकी मिल**

मिल के अध्यक्ष डीएम अविनाश सिंह ने बरेली सांसद छत्रपाल गंग. वार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य आदि के साथ किया। डीएम पहले पटला के हवन-पूजन में शामिल हुए, इसके बाद उन्होंने पहले गन्ना लेकर आने वाली देवरनियां निवासी छेदालाल की बैलगाड़ी और किसान राकेश का तिलक कर सम्मानित किया, और टैक्टर-ट्रॉली स्वामी गांव तुलसीपुर निवासी सुरेन्द्र पाल और किसान सोमेश पाल का तिलक कर सम्मानित किया। इसके बाद पटले पर गन्ना डालकर बटन दबाकर विधिवत पेराई सत्र शुभारंभ की रस्म अदा की।

मिल प्रबंधन ने इस बार 35 लाख क्विंटल से गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष से तीन लाख कम है। पिछले सीजन में 38 लाख किवंटल गन्ने का लक्ष्य था, मगर 23 लाख 20 हजार किवंटल ही पेराई की थी।

### तैयारियां पूर्ण नहीं, अव्यवस्था रही हावी

इस बार मिल सही से चलवाने के लिए डीएम अविनाश सिंह सख्त रुख अपनाते हुए दो बार औचक निरीक्षण कर पेराई सत्र की तैयारियों का जायजा ले चुके हैं, और समय से पेराई सत्र शुरू करने की हिदायत दी थी, इसी वजह से पिछले वर्ष से दो सप्ताह पूर्व शुभारंभ की रस्म अदा की गई, मगर मिल प्रबंधन की नाकामी की वजह से मिलध अभी चलने की हालत में नहीं है, न पर्याप्त मात्रा में गन्ना है, और न ही तैयारियां पूर्ण हैं।

> पर्याप्त मात्रा में गन्ना न होने की वजह से मिल आज से मिल नहीं चल सकी है। मंगल से चलेगी, इंडेन भी मंगलवार से तीन दिन का जारी किया गया है। मिल पूरी तरह चलने की स्थिति में है।
>
> **किशनलाल**
> **जीएम सेमीखेड़ा चीनी मिल**

इस दौरान डीएम अविनाश सिंह ने मिल प्रबंधन को इस वर्ष पेराई सही से करने की सख्त हिदायत दी है। डीएम ने चीनी मिल के मंदिर मेंध पूजा की, और देवरनियां मे हजरत हिसामुद्दीन उर्फ थाने वाले मियां की दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस दौरान डीएम अविनाश सिंह के अलावा एसडीएम बहेड़ी इशिता किशोर, सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, मिल के उप सभापति सत्यपाल गंगवार, भाजपा नेता भुवनेश गंगवार, भूजेन्द्र गंगवार, जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रशांत पटेल, मिल के जीएम एडीपी कुमार मनीष, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्षा भाजपा नेत्री श्रुति गंगवार, शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# गोल्ड मेडलिस्ट देव मौर्य का अपने शहर सेंथल पहुंचने पर हुआ जबरदस्त स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** देव मौर्य ने जैसे ही सेंथल की सीमा में प्रवेश किया तो पूर्व से ही प्रतीक्षारत उनके चाहने वालों ने जमकर नारे बाजी की मिष्ठान वितरण किया और तोहफे भेंट कर फूल मालाओं से लाद दिया। अपने स्वागत से गदगद श्री मौर्य ने कहा कि जिस तरह आप लोगों ने मेरा उत्साह वर्धन किया है, मैं विश्वास दिलाता हूं मैं आपके विश्वास को कम नहीं होने दूंगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने कहा कि देव मेरे छोटे भाई की तरह है, और हमारे शहर का गौरव है। हम तमाम शहर वासियों की जिम्मेदारी है कि हम उसकी प्रतिभा को निखारने में पीछे न हटें। उन्होंने यह भी कहा कि हम देव के संसाधनों में कमी नहीं आने देंगे।

बताते चलें कि पड़ोसी मुल्क नेपाल में हुई इंडो नेपाल इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में एसजीएडीएफ फेडरेशन की तरफ से खेलकर 1500 मीटर की रेस जीतकर अपने मुल्क भारत का मान बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में देव ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर और जिले का नाम भी रौशन किया।

देव मौर्य कस्बा निवासी धर्मपाल मौर्य के पुत्र व सभासद लेखराज मौर्य के नाती हैं, उनके बड़े अब्बा पर्यावरण विभाग में वैज्ञानिक हैं।

देव का स्वागत करने वालों में डॉक्टर लेखराज मौर्य, आर बी लाल, झम्मन लाल, गेंदन लाल, ललित मौर्य, देवेंद्र मौर्य, हुजैफा पठान, अभिनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, आशीष देवल, संदीप सागर, ज्ञान सिंह यादव, अनुभव शर्मा सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

## एक नजर

# योगी सरकार की विकास की गति पर सवार बरेली, फिर से टॉप-3 में पहुंचा जिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, बरेली जिले ने अक्टूबर 2025 की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। शासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली और विकास व राजस्व कार्यों के त्वरित निस्तारण के कारण बरेली ने यह पहचान बनाई है।



मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी इस मासिक मूल्यांकन में, बरेली ने न केवल विकास योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन किया, बल्कि ओवरऑल रैंकिंग में भी तीसरे पायदान पर जगह बनाई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के नेतृत्व और टीम भावना से जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से इसी निष्ठा और गति से काम करते रहने का आह्वान किया, ताकि बरेली निरंतर प्रदेश में शीर्ष पर बना रहे।

सीएम डैशबोर्ड की अक्टूबर रैंकिंग के अनुसार, विकास कार्यक्रमों में बरेली तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, शाहजहांपुर पांचवें, बदायूं आठवें और पीलीभीत 18वें स्थान पर रहे। राजस्व कार्यक्रमों में शाहजहांपुर दूसरे पायदान पर पहुंचा, जबकि बरेली सातवें, बदायूं 12वें और पीलीभीत 17वें स्थान पर रहे। राजस्व और विकास कार्यों के सम्मिलित मूल्यांकन में बरेली ने तीसरा स्थान हासिल किया, जो जिले की सक्रिय टीमवर्क और प्रशास. निक सजगता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में चल रही योजनाओं, परियोजनाओं और सेवाओं का प्रतिमाह अनुश्रवण व समीक्षा की जाती है। प्रत्येक माह इंटीग्रेटेड विभागों के अधिकारियों के कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है, जिसके आधार पर रैंकिंग निर्धारित होती है। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह की रैंकिंग में बरेली को प्रथम स्थान मिला था, और अक्टूबर में भी जिले ने टॉप-3 में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

# सीएम डैशबोर्ड में बरेली की धमक, विकास में तीसरे, पारदर्शिता में अव्वल

**■ डीएम ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। हालांकि, कुछ स्थानों पर लोग सप्लाई लाइन में पंप लगाकर पानी खींच लेते हैं, जिससे आगे की आपूर्ति बाधित होती है। डीएम ने ऐसे लोगों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ प्रत्येक घर तक निर्बाध रूप से पहुंच सके। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य के लिए भेजे गए कर्मियों की वास्तविक उपस्थिति की जांच की जाए। उन्होंने



सुनिश्चित करने को कहा कि कर्मी वास्तव में अपने आवंटित क्षेत्रों में गए हैं या नहीं। अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि जिन स्थानों पर ओवरहैड टैंक का निर्माण कार्य प्रगति पर है, वहां अस्थायी रूप से डायरेक्ट पंप के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है।

डीएम ने रोड रेस्टोरेशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्रामीणों ने पहले जल कनेक्शन नहीं लिए थे और अब इच्छुक हैं, उन्हें शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी और अधिशासी अभियंता जल निगम कुमकुम गंगवार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में नौकरी करने गए युवक के सूने घर में लाखों की चोरी

**■ तीन कमरों के ताले टूटे, सोना-चांदी और दहेज का सामान साफ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम ग्रेम में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और कीमती सामान पार कर दिया। चोरी की इस वारदात से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्रेम निवासी शखाबत अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दिल्ली में कार्य करता है, उनकी मां



मुन्नी कुछ दिनों से छोटे पुत्र के यहां हाफिजगंज में रह रही थीं। रविवार को पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर में चोरी हो गई है।

सूचना मिलते ही शखाबत अली दिल्ली से घर पहुंचे तो देखा कि घर के तीनों कमरों के ताले टूटे पड़े थे। कमरे अस्त-व्यस्त थे और अलमारी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पता चला कि सोने का हार, सोने का पैंडल, सोने का टीका, दो चांदी की जेबरी, सोने की चौन और अंगूठी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं।

वहीं, भाई शराफत अली के कमरे से दहेज में रखा पीतल व तांबे का सामान, बहन के जेवर, कपड़े और सूट भी चोरी हो गए। पूरे घर का सामान तितर-बितर पड़ा मिला। शखाबत अली ने घटना की लिखित तहरीर थाना हाफिजगंज में दी है। कोतवाल पवन सिंह से इस बारे में वात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत, भाई गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** फतेहगंज पश्चिमी-शाही रोड पर अगरास मोड़ के आगे ट्रक के टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत हो गई जबकि बाइक चालक उसका भाई गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात थाना शाही के गांव दुनका निवासी सबीना (30) अपने भाई साजिद के साथ बाइक द्वारा गांव अगरास निवासी अपने एक रिश्तेदार के यहां से अपने घर दुनका लौट रही थी। शाही रोड पर अगरास मोड़ से आगे नहर की पुलिया के पास एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक पर पीछे बैठी सबीना का सिर ट्रक के पहिए की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक चालक साजिद भी घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के द्वारा दोनों को क्षेत्र के एक मेडिकल कॉलेज में भेजा जहां डॉक्टरों ने सबीना को मृत घोषित कर दिया। उसका भाई साजिद खतरे से बाहर है। अस्पताल के द्वारा भेजे गए मेमो के आधार पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

# सिटी और कैंट की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईआर कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि युद्ध स्तर पर बीएलओ से घर-घर मतदाताओं को फार्म वितरण कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

समीक्षा में पाया कि गणना प्रपत्र के विवरण में विधानसभा क्षेत्र बरेली सिटी, कैंट की प्रगति अत्यधिक धीमी चल रही है, जिस पर नाराजगी जताई और इसमें गति को शीघ्र बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युद्ध स्तर पर बीएलओ की ओर से फार्म वितरण सुनिश्चित कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। बैठक में बीडीओ जगदीश कुमार, बीडीओ कौशल गुप्ता और बीईओ शशांक गुप्ता की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और एडीएम वित्त एवं राजस्व को इनके विरुद्ध दंडवत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो बीएलओ व सुपरवाइजर लापरवाही करते हैं तो उनके खिलाफ संबंधित एसडीएम रिपोर्ट करें और कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि आप लोग अपने-अपने फोन में बीएलओ ऐप डाउनलोड करें, जिससे उनकी लगातार गतिविधि आप लोगों के पास आती रहे। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम नगर सौरभ दुबे, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री आदि थे।

# कोल्हू से निकलते जहरीले धुएं से दो भैसों की मौत का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गन्ना कोल्हू जहरीला धुंआ उगल रहे है इन कोल्हुओ की भट्ठी में कपड़ों की कततरें जलाने से निकलने वाले जहरीले धुए के कारण गाँव में दो भैंसों की मौत तथा तीन अन्य भैंसे बीमार होने का आरोप लगाकर ग्रामीणो ने आज हंगामा काटा।ग्रामीणो का आरोप हैं कि इस जहरीले धुए से बुजुर्गो व बच्चों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है।परेशान ग्रामीणो ने कचरे से भरी एक गाड़ी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।आरोप है कि पुलिस ने विना कार्यवाही के गाड़ी को छोंड़ दिया।

थाना क्षेत्र के गांव कैमरिया के ग्रामीणों ने वताया कि गाँव में



आवादी के निकट लगभग एक दर्जन गन्ना पेराई के कोल्हू चल रहे हैं।इन कोल्हुओ पर गुड़ बनाने को भट्ठीयों में उत्तराखंड (रुद्रपुर )की फैक्ट्रीयों से निकले अपशिष्ट जैसे कपड़ा,प्लास्टिक की कततरें जलाई जा रही हैं।जिससे यह कोल्हू जहरीला धुंआ उगल रहे है । आरोप है कि इस जहरीले धुए से ग्रामीण बीमार हो रहे हैं।ग्रामीणो को सांस लेने में दिक्कत पैदा हो रही है।खासकर बच्चों व बुजुर्गो को भारी समस्या है। कोहलू पर कचड़े की गाड़ी देख ग्रामीणों ने हंगामा काटकर 112 को फोन कर दिया। उधर सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह को ग्रामीणों ने बताया कि कोल्हुओ के निकट गांव के ओमप्रकाश मौर्य का मकान है। आरोप है कि इसी जहरीले धुए से रविवार को गांव के ओमप्रकाश की दो भैंसों की मौत हो गई।जबकि तीन भैंसे अभी भी बीमार हैं।जहरीले धुए से परेशान ग्रामीणो ने सोमवार को कचरे से भरी गाड़ी को पकड़कर चौकी मानपुर पुलिस को सौंप दिया।ग्रामीणो का साफ कहना हैं कि कोल्हुओ पर अब कचरा नहीं जलने देंगे। आरोप है कि कचरे से भरी गाड़ी को पुलिस ने विना कार्यवाही के ही छोंड़ दिया।

> कचरे की गाड़ी की उन्हें कोई जानकारी नहीं है, कोल्हू संचाल. कों को कचरा न जलाने की चेता. वनी दे दी गई है। बाकी ग्रामीणों से सम्बंधित अधिकारियों को इसकी शिकायत करने को कहा गया है, और 112 द्वारा लाए गए एक व्यक्ति का शान्ति भंग में चालान कर दिया गया है।
>
> **हरेंद्र सिंह**
> **प्रभारी निरीक्षक**
> **कोतवाली शीशगढ़**

# एक अप्रैल से 30 अक्टूबर तक बरेली संभाग में 497 बसों पर हुई कार्रवाई



**■ संभागीय परिवहन अधिकारी ने दी जानकारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** संभागीय परिवहन अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक बरेली संभाग में कुल 497 बसों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ की गई।

इस अवधि में जनपद बरेली में 135 बसों, बदायूं में 102 बसों, पीलीभीत में 130 बसों और शाहज. हांपुर में 130 बसों पर कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं।

परिवहन विभाग के सचल और अचल दल 24 घंटे निगरानी रखते हुए नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिस पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान, सेमिनार और गति. विधियां आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि मार्गों पर संचालित बसों की बॉडी एआरएआई संस्था द्वारा प्रमाणित बस बॉडी निर्माताओं द्वारा बनाई जाती है। बस बॉडी निर्माता से प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही बसों का फिटनेस और पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। भारतीय राजमार्ग परिवहन मंत्रालय ने बसों की बॉडी निर्माण के लिए मानक निर्धारित किए हैं, जिनमें स्लीपर बसों के लिए एआईएस-119 और सामान्य बसों के लिए एआईएस-052 बस बॉडी मानक शामिल हैं।

अधिकांश टूरिस्ट परमिट वाली बसें ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट से आच्छादित होती हैं। इन वाहनों के मालिक राज्य परिवहन प्राधिकरण में तीन महीने के लिए 90,000 रुपये या एक साल के लिए 3,20,000 रुपये जमा करके यह परमिट प्राप्त करते हैं। इससे उन्हें मार्ग पर पड़ने वाले विभिन्न गंतव्यों तक सवारियां लेने और उतारने की अनुमति मिलती है। जनपद बरेली से वर्तमान में चार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 30, एनएच 24, एनएच 21, एनएच 530ठ) गुजरते हैं, जो महत्वपूर्ण शहरों को आपस में जोड़ते हैं। लंबी दूरी की अधिकांश बसें इन्हीं राजमार्गों पर संचालित होती हैं, जो विभिन्न जिलों और राज्यों में पंजीकृत होती हैं।

# धान खरीद केंद्रों पर बिचौलियों का धान तौले जाने पर भड़के किसान

**■ मंडी स्थल पर किया धरना-प्रदर्शन, एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना किया समाप्त**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की उपमंडी स्थल पर लगे धान खरीद क्रय केंद्रों पर बिचौलियों का धान तोले जाने पर सोमवार को किसान भड़क गए। भारतीय किसान यूनियन के झंडे तले किसानों ने जहां मंडी स्थल पर धरना प्रदर्शन किया, वहीं धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम ने वरिष्ठ विपरण अधिकारी को एक बिचौलिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश दिए।

सरकार ने किसानों का धान खरीदे जाने के लिए तहसील में 17 धान खरीद क्रय केंद्र खोले हैं, जिनमें 16 धान खरीद क्रय केंद्र क्षेत्र की उपमंडी स्थल पर खोले गए हैं, जबकि एक धान खरीद क्रय केंद्र क्षेत्र के गांव परसरामपुर में खोला गया है। मंडी स्थल पर खोले गए धान खरीद क्रय केंद्रों पर किसान बड़ी तादात में अपना धान लेकर पहुंच रहे हैं, जिसके चलते केंद्र प्रभारियों के हाथ पैर फूले हुए हैं। केंद्रों पर बढ़ती किसानों की भीड़ का फायदा क्षेत्र के बिचौलिया जमकर उठा रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन के नेताओं द्वारा इन पर रखी जा रही नजर के चलते दो दिन पहले ही किसान नेताओं ने क्षेत्र के एक बिचौलिया को पकड़कर उससे सभी अभिलेख कब्जे में ले लिए थे।

> एसडीएम साहब ने उन्हें जो अभिलेख बिचौलिया के सौंपे हैं, उसके खिलाफ वह रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। किसी भी तरह से केंद्रों पर बिचौलियों का धान नहीं खरीदा जाएगा।
>
> **अरविन्द कुमार राठी**
> **एसएमआई**

बताया जाता है कि यह बिचौलिया केंद्र में करीब 8 सौ कुंतल धान तौल चुका है, जबकि आज भी मंडी परिसर में उसका करीब 4 सौ कुंतल धान सूख रहा है।

मंडी स्थल पर बिचौलियों के हावी होने के पुख्ता सबूत जुटाने के बाद सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के नेता सोमवार को धरने पर बैठ गए। कई घंटे धरना प्रदर्शन के बाद स्थल पर पहुंचे एसडीएम उदित पवार ने किसान नेताओं से वार्ता की, जिसपर उन्होंने छोटे किसानों को धान तोले जाने में प्राथमिकता दिए जाने के साथ ही पकड़े गए बिचौलिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। किसान नेताओं की इस मांग पर एसडीएम उदित पवार ने आरोपी बिचौलिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश वरिष्ठ विपरण अधिकारी (एसएमआई) अरविन्द कुमार राठी को दिए।

इसके साथ ही एसडीएम ने एसएमआई अरविन्द कुमार राठी को छोटे किसानों का धान खरीदे जाने में प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए। कहा कि किसी तरह किसानों को परेशान न किया जाए। एसडीएम के इस आश्वासन के बाद किसान नेताओं ने अपना धरना खत्म करने की घोषणा कर दी।

धरना प्रदर्शन में यूनियन के जिला प्रभारी चंद्र प्रकाश गंगवार उर्फ पप्पू, तहसील अध्यक्ष फतेहचंद गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल वर्मा, नगर अध्यक्ष हरिशंकर गंग. वार, सरदार हरदेव सिंह रंधावा, रतन लाल, महेन्द्र सिंह, सूर्य प्रकाश, दुर्गा प्रसाद, रमेश चन्द, मेवाराम, सियाराम, राकेश कुमार, चंद्रकली, पूनम, लज्जावती, सावित्री देवी, अनीता देवी सहित बड़ी संख्या में किसानो ने भाग लिया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# फर्जी आईडी बनाकर महिला का नंबर किया वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में किसी ने महिला के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई और उसपर महिला के फोटो का इस्तेमाल किया। उसने आईडी पर महिला का नंबर लिखकर गलत कमेंट लिख दिए। महिला का फोटो और नंबर वायरल हो गया। महिला के पति ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामगंगानगर निवासी युवक ने बताया कि उसकी पत्नी का फोटो लगाकर किसी ने फेसबुक पर फर्जी आईडी बना ली है। फेसबुक पर पत्नी का नंबर लिखकर गलत कमेंट किया गया है। जिस कारण पत्नी का नंबर वायरल हो रहा है। घटना से पत्नी मानसिक तनाव में आ गयी है।

# युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**■ वीडियो जारी कर सास पर लगाया घर बर्बाद करने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** थाना व कस्बा देवर. नियां निवासी एक युवक ने पत्नी से झगड़े के बाद जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला को ही समाप्त कर लिया। युवक ने आत्महत्या करने से पहले वीडियो जारी करके अपनी सास पर आरोप लगाए हैं।

कस्बे के वार्ड एक शाहाबाद निवासी पूरनलाल के 22 वर्षीय पुत्र गोपाल ने रविवार रात पत्नी से कहा. सुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन तुरन्त एक भोजीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अस्पताल से मैमो आने के बाद देवरनियां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि युवक की मौत अस्पताल मे हुई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अगर तहरीर मिलती है तो मामला दर्ज कर लिया जाएगा। युवक ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो बनाया है, जिसमें वह कह रहा है, कि जो कुछ करा रही है, मेरी सास करा रही है।



**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# छत से गिरकर व्यापारी की मौत

## पुलिस को सूचना दिए बिना ही परिजनों ने किया अंतिम संस्कार



■ खाना खाकर ऊपर के कमरे से नीचे आते हुए पैर फिसलने से हुआ हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव जुल्हैड़ा में छत से गिरकर एक व्यापारी की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया, व्यापारी की मौत के बाद परिजनों में कोहराम का माहौल मचा हुआ है। गांव जुल्हैड़ा निवासी टीनू पुत्र कृपाल सिंह गांव में ही रहकर परचून की दुकान चलाता था। रविवार शाम करीब सात बजे टीनू खाना खाकर ऊपर के कमरे से नीचे जा रहा था, जीने में उसका पैर फिसल गया, और वह नीचे जाकर गिर पड़ा। वहां मौजूद परिजनों ने लहूलुहान अवस्था में घायल को उपचार के लिए नगर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर सिर में गंभीर चोंटे होने की वजह से उसकी देर रात मौत हो गई। परिजनों ने सोमवार सुबह पुलिस को बिना सूचित करें ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। टीनू की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, सांत्वना देने वालों का तांता लगा है।

### छज्जें से गिरकर किसान की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव मुल्हैड़ा में सोमवार सुबह बंदरों को भगाने के लिए छत पर चढ़े एक किसान की छज्जे से गिरने की वजह से दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। सोमवार सुबह गांव मुल्हैड़ा किसान नातिराम पुत्र स्व धर्म सिंह घर की छत पर चढ़कर बंदरों को भगाने के लिए तार बंदी कर रहा था, पूर्व में बंदरों ने नातिराम के घर पर आंतक मचाते हुए काफी नुकसान पहुंचा दिया था। जिसके चलते नातिराम तार की जाल लगा रहा था, लेकिन छज्जा कमजोर होने की वजह से नातिराम छज्जे के साथ ही नीचे आकर गिर गया, आनन फानन में परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# ब्रेजा कार की टक्कर से स्कूटी सवार चिकित्सक घायल

## मवाना नगर के चौहान चौपाल की है घटना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना।** नगर के मुख्य मार्ग पर चौहान चौपाल पर ब्रेजा कार की टक्कर से स्कूटी सवार चिकित्सक घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। पीड़ित परिजनों ने गाड़ी चालक के खिलाफ तहरीर दी है। नगर के मुख्य मार्ग पर डॉ. विरेंद्रपाल सिंह अपना क्लीनिक चलाते हैं और क्लीनिक के पास ही उनका निवास है। रविवार शाम करीब 7 बजे वह स्कूटी से बाजार से घर लौट रहे थे। तभी मेरठ की ओर से तेज गति से आई ब्रेजा कार नंबर यूपी 15सीआर 2518 ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चिकित्सक घायल हो गए। डायल 112 पर सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और कार सवार को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी फरार हो गया। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल चिकित्सक के भतीजे उदित प्रताप ने कार के अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है।



# प्रधान परिवार पर फायरिंग करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव पाली में चार दिन पहले हुई थी घटना

■ नामजद आरोपी आशीष को मुठभेड़ के दौरान लगी पुलिस की गोली



शाह टाइम्स संवाददाता

**मवाना/हस्तिनापुर।** थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के पाली गांव में दलित ग्राम प्रधान के परिवार पर फायरिंग करने के मामले में एक नामजद आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। तमंचा बरामद कराने के बाद आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि चार दिन पहले रात के समय पाली गांव में कुछ दबंगों ने दलित प्रधान परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया था। आरोपियों ने ताबड़तोड़ कई गोलियां चलाई थीं। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

इस मामले में पीड़ित पक्ष ने गांव निवासी आशीष व आकाश को नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार देर रात पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी आशीष को दबोच लिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस घटना में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी के लिए गणेशपुर गांव के जंगल में पहुंची। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने जैसे ही तमंचा बरामद कराया तो उसी तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया और फरार होने की कोशिश करने लगा। जवाब में चलाई गई पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया और प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राज्य स्तरीय बालिका टूर्नामेंट के लिए मंडलीय टीम का चयन, ट्रायल संपन्न



■ महामंत्री रजनीश कौशल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर कराया टॉस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय बालिका टूर्नामेंट के लिए मंडलीय टीम के गठन हेतु ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल की शुरुआत जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के साथ की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी, सचिव गोविंद्र, संजय भारद्वाज तथा स्टेडियम कोच सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे। ट्रायल में मंडल के विभिन्न जनपदों से आई प्रतिभाशाली बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंडल का प्रतिनिधित्व करेगी।

# उम्मीदों के 'उज्जवल' का दर्दनाक अंत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सरधना। पढ़ाई करने के बाद अपने सपनों को 'उज्जवल' बनानें का ख्वाब देखने वालें युवक का अंत इस तरह दर्दनाक होगा शायद इसकी कल्पना किसे ने की हो। लेकिन 'सिस्टम' के आगे बेबस होकर जिदंगी के साथ हार मान चुकें छात्र उज्जवल राणा के साथ यह घटना परिवार व सामाजिक दृष्टिकोण से किसी गमों के 'पहाड़ों से कम नही है। इंसाफ की गुहार लगाने वालें के साथ इस तरह की यातनाएं सिस्टम के मुंह पर घोर तमाचा है।

बुढाना निवासी उज्जवल राणा एक प्रतिभाशाली और सपनों से भरा हुआ युवक था। उसी क्षेत्र के एक कॉलेज में उसने एडमिशन लिया था। दिल में सपने थे पढ़ लिखकर बेहतर नौकरी करना, परिवार का नाम रोशन करना, और एक सम्मानजनक जीवन जीना। लेकिन मंजिल की राह में आए



निराशा, प्रताड़ना और उपेक्षा ने उसके हौसलों को धीरे-धीरे तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, उज्जवल ने कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कई मुश्किलों का सामना किया। फीस, स्कॉलरशिप और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में मिली रुकावटों ने उसे मानसिक रूप से बेहद परेशान कर दिया। बताया जाता है कि उसने कई बार शिकायत करने और मदद की कोशिश की, मगर उसकी आवाज अनसुनी ही रही। उसकी उम्मीदें धीरे-धीरे टूटती गईं और आखिरकार उसने जिंदगी की जंग हार गया। उज्जवल की मौत ने परिवार से लेकर पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। एक मां का लाल, एक पिता का सहारा और एक परिवार की उम्मीद जिस तरह बुझ गई, उसकी टीस वर्षों तक महसूस की जाएगी। समाज में भी सवाल खड़ा है कि क्या एक युवा की जान का मूल्य इस सिस्टम के सामने इतना सस्ता है? क्या हम सिर्फ आंकड़ों और फाइलों में अटकी हुई एक व्यवस्था बनकर रह गए हैं? आज जरूरत है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाए। युवाओं को सपने दिखाकर उन्हें निराशा के अंधेरों में धकेलना हमारी शिक्षा व्यवस्था और प्रशासन की सबसे बड़ी विफलता है। उज्जवल राणा जैसे अनगिनत सपने रोज टूटते हैं। सवाल यह है कि क्या हम जागेंगे या अगला उज्जवल भी चुपचाप अंधेरे में बुझ जाएगा।

# तीन वर्षीय लापता बच्ची सकुशल बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना कोतवाली क्षेत्र के शाहपीर गेट चौकी क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्ची के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। दिलदार पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी नौगजा ने चौकी पर पहुंचकर सूचना दी कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री आयद दोपहर करीब 12 बजे घर से कहीं बाहर चली गई है और काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रवि कुमार सागर और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार तत्काल सक्रिय हुए। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर बच्ची को शाहघासा की ओर जाते देखा गया। इसके बाद टीम ने शाहघासा और भगत सिंह मार्केट क्षेत्र के कैमरों की भी पड़ताल की। लगातार तलाश के दौरान बच्ची भगत सिंह मार्केट में एक दुकान के किनारे बैठी मिली। पुलिस टीम ने बच्ची को परिजनों को बुलाया और पिता दिलदार के सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# 22 फरवरी को होगा वैश्य समाज का 17वां परिचय सम्मेलन



**बच्चा पार्क स्थित प्यारे लाल शर्मा स्मारक में होगा कार्यक्रम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** श्री अग्रसेन वैश्य अग्रवाल सभा के द्वारा युवक युवतियों का 17वां परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को प्यारेलाल शर्मा स्मारक बच्चा पार्क पर आयोजित होगा। यह सम्मेलन पिछले 35 वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड, देहरादून, दिल्ली, सहारनपुर, बागपत, मुजफ्फरनगर, नोएडा, अलीगढ़ आदि क्षेत्र में वैश्य समाज की संस्थाओं द्वारा पंजीकरण फार्म के केंद्र बनाए जाएंगे, जहां से माता-पिता अपने पुत्र- पुत्री की शादी रिश्ते करने के उपाय ले सकेंगे और उन्हें वहीं पर जमा करा देंगे। 31 जनवरी 2026 तक जिन आवेदनकर्ता के फार्म संस्था के पास होंगे उन फार्मो को एक पत्रिका में लड़की लड़के का परिचय होगा जिसे देखकर माता-पिता वर वधु के लिए रिश्ता तय कर सकेंगे। कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, गौरव गुप्ता, अमन गुप्ता, सर्वेश नंदन गर्ग, रामप्रसाद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# टायरों के गोदाम में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में सोमवार दोपहर टायर के गोदाम में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस व दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की जगह को खाली कराया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के न्यू मदीना कॉलोनी के 40 फुटा रोड पर हाजी फारूक मलियाना वाले के पुराने टायरों के गोदाम में दोपहर 2:30 बजे आग लगी। जिसमें गोदाम में भारी संख्या में पुराने टायर रखे हुए थे। घटना के समय लगभग आधा दर्जन कर्मचारी काम कर रहे थे, जिन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पास के मकानों तक फैलने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को आग लगने की जानकारी दी मौके पर पहुंची लिसाड़ी गेट पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी।

# उज्जवल की आवाज का समाप्त होना, लाखों छात्रों के सपनों एवं जीवन का अंत: महबूब

शाह टाइम्स संवाददाता



**मेरठ।** जनपद मुजफ्फरनगर के क्षेत्र बुढ़ाना के एक शिक्षा के मंदिर से ऐसी खबर आई है जिसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर दिया है। जिस पर मेरठ के किसान नेता महबूब अली ने कहा कि वह इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं और निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग करते हैं। वह चाहते हैं कि इस पूरे मामले में शामिल हर जिम्मेदार व्यक्ति से प्रश्न पूछा जाए। क्यों एक छात्र को अपनी बात कहने के लिए अपनी जान की कीमत चुकानी पड़ी? महबूब अली ने कहा कि एक विद्यार्थी उज्ज्वल ने अपमान, अन्याय और तानों से टूटकर वह कदम उठा लिया जो किसी को भी नहीं उठाना चाहिए था। उसका लिखा हुआ पत्र केवल एक व्यक्ति का बयान नहीं है। यह सभी छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के मौन अन्याय का आईना है। जिस कॉलेज की दीवारों पर कभी ज्ञान की गूंज होती थी, आज वहीं से निराशा और अन्याय की चीखें उठी हैं। एक युवा मन, जो देश का भविष्य था, वह इसीलिए बुझ गया क्योंकि उसकी बात किसी ने नहीं सुनी उसकी पीड़ा को किसी ने महसूस नहीं किया। जो आज के युग में अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

# शुद्ध ऊर्जा शिक्षा में मेरठ सबसे आगे, छात्रों को किया प्रशिक्षित



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रविवार को मेरठ में अपना क्लब एनर्जी ईकोक्रू अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में डीएम डॉ. वी.के. सिंह, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के प्रिंसिपल मनोज कुमार आर्या, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के डायरेक्टर फाइनेंस स्वतंत्र कुमार तोमर, टाटा पावर के कई वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे। विशेष आकर्षण सस्टेनेबिलिटी मैस्कॉट ग्लोबी रहा, उसने बच्चों के साथ बातचीत की और जनरेशन ग्रीन एंथम गाने में उनका नेतृत्व किया। इससे पर्यावरण के प्रति जागरूक और सशक्त युवा नागरिकों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता मजबूत हुई।

कार्यक्रम में टाटा पावर की ओर से सीएसआर पहल Pay Autention के माध्यम से समावेशिता और सामाजिक प्रभाव पर उनके ध्यान को भी दर्शाया गया। यह पहल ऑटिज्म और अन्य न्यूरोडाइवर्स स्थितियों वाले व्यक्तियों के लिए प्रारंभिक पहचान, सीखने और प्रशिक्षण सहायता को सक्षम बनाती है। यहां पर एक विशेष सहायता डेस्क स्थापित किया गया था, जहां ऑटिज्म पर जानकारी और संसाधन उपलब्ध थे। इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से विकसित ई-सानिध्य मोबाइल केयर प्लेटफॉर्म के बारे में भी जानकारी दी गई। यह पहल पीएम सूर्य घर योजना के अनुरूप है। कक्षा 4-8 तक के छात्रों को ऊर्जा दक्षता, सौर ऊर्जा और टिकाऊ जीवन शैली के बारे में शिक्षित किया गया।

# राधना में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान का जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** राधना में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव इकराम चौधरी के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान का भव्य स्वागत किया गया। मोहम्मद आजम खान के आगमन पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। इकराम चौधरी सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं और नारों के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर आजम खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान और अल्पसंख्यकों की आवाज रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। जिन्होंने समाजवादी विचारधारा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।



# फार्म फाइनेंस और वर्किंग कैपिटल से जुड़ी पांच सबसे बड़ी उपलब्धी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** किसानों के लिए समय पर मिलने वाला पैसा उतना ही जरूरी है जितनी बारिश। इसी से वे बीज और खाद खरीद पाते हैं, मजदूरी दे पाते हैं और अपने पशुधन का पालन कर पाते हैं। पहले किसानों के लिए कामकाज चलाने के लिए वर्किंग कैपिटल जुटाना मुश्किल था, इसलिए वे अक्सर साहूकारों या अनौपचारिक उधार देने वालों पर निर्भर रहते थे। अब बैंकिंग सेक्टर ने लचीले लोन मॉडल तैयार किए हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों तक आसानी से लोन पहुंच रहा है। यहां फार्म फाइनेंस से जुड़ी पांच प्रमुख सेवाओं के बारे में बताया गया है।

उमेश अरोड़ा, हेड ऑफ इमर्जिंग बिजनेस, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का कहना है कि अपनी सुविधा अनुसार भुगतान करने की योजना सामान्य लोन की तरह हर महीने तय किस्तें भरने की जरूरत नहीं होती। कृषि लोन की व्यवस्था इस तरह बनाई जाती है कि किसान अपनी फसल के चक्र के अनुसार पैसा चुका सकें। किसान



फसल की कटाई के बाद लोन चुका सकते हैं, जिससे कमाई के कमजोर महीनों में उन पर दबाव नहीं पड़ता। यह तरीका किसानों में तनाव कम करता है, कर्ज न चुकाने के मामलों को घटाता है और उन्हें अधिक आत्म विश्वास के साथ भविष्य की योजना बनाने में मदद करता है। खेती के लिए कर्ज की मांग लगातार बढ़ रही है, जो दर्शाता है कि किसानों को समय पर मिलने वाली आर्थिक मदद कितनी जरूरी है।

# मान सम्मान से नहीं होगा कोई समझौता: सतवीर त्यागी

## किठौर विधानसभा के पूर्व विधायक अभद्रता पर हुए नाराज, बैठे धरने पर

■ भाजपा की किठौर विधानसभा में एसआईआर की मीटिंग में हंगामा



शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** ग्राम मुरलीपुर में मतदाता पूर्णिक्षण की तैयारी को लेकर हुई मीटिंग में किठौर के पूर्व विधायक सतवीर त्यागी के साथ देवेंद्र गुर्जर द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी और मुर्दाबाद के नारों से नाराज होकर पूर्व विधायक बेहद नाराज दिखे। भाजपा की बैठक से वह अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल से उठकर चले गये और बाहर पार्किंग में जाकर धरने पर बैठ गए। सतवीर त्यागी बीते कई दशकों से एक विचारधारा की सियासत करते आए हैं लेकिन उन्हें यह मालूम नहीं था कि जिस पार्टी के लिए वह अपनी जवानी और बुढ़ापा कुर्बान कर रहे हैं एक दिन उसी पार्टी में उन्हें फजीहत का सामना करना पड़ेगा।

देवेंद्र गुर्जर द्वारा की गई अभद्रता के बाद धरने पर बठे पूर्व विधायक के तेवर देखकर कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नेता व जिला प्रभारी मानसिंह गोस्वामी कार्यक्रम से उठे और पूर्व विधायक को मनाने धरना स्थल पर पहुंचे।

पूर्व विधायक सत्यवीर जो कार्यक्रम सयोंजक भी थे उनके बारे में देवेंद्र गुर्जर ने यह टिप्पणी की कार्यक्रम तो हमारा है सत्यवीर त्यागी मंच पर क्यों आ बैठे। पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने देवेंद्र गुर्जर को फोन पर ये बात करते हुए सुन ली जिससे नाराज होकर पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी अपने समर्थको के साथ कार्यक्रम स्थल से उठकर चले गये। भारी तादाद में कार्यकर्ताओ के कार्यक्रम स्थल से बाहर चले जाने के कारण पंडाल सूना हो गया। जिससे कुछ समय के लिए कार्यक्रम रुक गया वहीं सत्यवीर त्यागी कार्यक्रम स्थल से उठकर पार्किंग में जाकर धरना देने लगे उन्हें मनाने के लिए जिला प्रभारी मानसिंह मौके पर पहुंचे आधे घंटे तक सत्यवीर त्यागी पार्किंग स्थल में जमीन पर बैठे रहे और देवेंद्र गुर्जर को कार्यक्रम स्थल से भगाने की मांग करने लगे। जिला प्रभारी मान सिंह द्वारा आधे घंटे तक चले मान मनव्वल के बाद सत्यवीर त्यागी कार्यक्रम स्थल पर वापस पहुंचे और कार्यक्रम सुचारु रूप से चला, लेकिन इस दौरान कार्यक्रम ने भाजपा के अंदर चली आ रही गुटबाजी और अंदर कलह को सबके सामने लाकर रख दिया और यह भी बता दिया कि पार्टी में पूर्व विधायक की क्या हैसियत है।

# डीएम ने विकास भवन सभागार में की आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीएम ने शिकायतो का गुणवत्तापरक निस्तारण न करने अनुपस्थित अधिकारियो संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी सरूरपुर खुर्द, अधिशासी अभियंता, आवास विकास परिषद, खंड शिक्षा अधिकारी रोहटा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खरखौदा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहजहांपुर, जिला कमांडेंट होमगार्ड मेरठ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मेरठ का माह नवम्बर 2025 का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। अधिकारियो को सख्त चेतावनी देते हुये उन्होंने कहा कि आईजीआरएस निस्तारण की कार्यप्रणाली में अधिकारी सुधार करें, शिकायतो का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

# मुस्लिम क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे हैं बीएलओ: अबरार

## शीघ्र ही प्रशासन से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

■ जिला अधिकारी से घर-घर बीएलओ भेजने की रखी जाएगी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** एकता सेवा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद चौधरी अबरार अहमद ने आरोप लगाया है कि 4 नवम्बर से शुरू हुए SIR अभियान में अब तक किसी भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र में बी.एल.ओ. नहीं पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान की अंतिम तिथि 9 दिसम्बर तय है, लेकिन कई मोहल्लों में लोग अब तक अधिकारियों के इंतजार में हैं। चौधरी अबरार अहमद ने कहा कि इससे मुस्लिम समाज के लोग काफी परेशान हैं और अपनी समस्याएं बताने का मौका भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला अधिकारी और तहसीलदार से घर-घर बी.एल.ओ. भेजने की मांग की है, ताकि लोगों



की समस्याओं का समाधान हो सके और किसी वर्ग के साथ भेदभाव न हो। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर एकता सेवा समिति का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही जिला प्रशासन से मुलाकात करेगा।

# बिना किसी अनुमति टेंडर के काट दिए लाखों के सरकारी पेड़

**■ राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने की जांच की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने मंडल अधिकारीध मंडल कन्सरवेटर को शिकायती पत्र देकर उल्लेख किया है कि शहर स्थित मण्डी समिति के सामने डा.अब्दुल कलाम वन चेतना केंद्र के नाम से क्रोकोडाइल पार्क में अवैधा रूप से पेड़ों का कटान कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वन विभाग द्वारा एक बड़ा कारनामा किया गया है जिसमें लाखों रुपए के पेड़ों को अवैध रूप से कटवा दिया गया है जो किसी कानूनी तौर पर गलत है। जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने जानकारी देते हुए बताया कि






जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अपने कार्यकाल के समय इस पार्क की स्फाई करने के निर्देश दिए थे जिसमें कहा था कि घांस तथा अन्य झाड़ पत्तियों को सफ़ करने के लिए कहा गया था जिससे पार्क को चाक चौबंद बनाया जा सके। आदेश के बाद वन विभाग की ओर से सफ़ सफाई का कार्य आरंभ हुआ इस बीच जिलाधिकारी का स्थानांतरण हो गया।

इस चीज का ायदा उठाते हुए वन विभाग ने किसी बाहरी व्यक्ति के जरिए पार्क में खड़े वर्षों पुराने लाखों रुपए की लागत के पेड़ों को काट दिया गया है। जिसमें शीशम, सागौन,नीम आम के पेड़ लगे हुए थे। जिसका कोई भी टेंडर या नीलामी नहीं की गई है जबकि यह ही नहीं मालूम की लकड़ी गयी कहां है। उन्होंने मंडल अधिकारी मंडल कन्सरवेटर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाये। क्योंकि सरकार के धान का दुर्पयोग किया जा रहा है दोषियों के खिलाफ, सख्त कार्रवाई की जाये। इस मामले की अगर जांच अगर ठीक से नहीं होती है तो हमारा संगठन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा और मुख्यमंत्री तक मामले को पहुंचाया जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया है कि जब डीएफओ छुटी पर हैं तो किसकी अनुमति से पेड़ों को काटा गया है। इस मामले की जानकारी प्राप्त करना चाहा तो विभाग के क्षेत्रीय रेंजर शिव शंकर यादव अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे जब ोन के माध्यम से सम्पर्क करना चाहा तो फोन भी रिसीव नहीं किया।

# पट्टी कला में रुद्रपुर काशीपुर संपर्क मार्ग के बीच गहरे गड्डे हो जाने से आवागमन हुआ दुश्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पट्टी कला में काशीपुर रुद्रपुर संपर्क मार्ग की हालत गहरे गड्डे हो जाने से राहगीरी का आवागमन दुश्वार हो गया है।

निर्माण विभाग से शिकायत के बाद भी मार्ग की हालत को दुरुस्त नहीं किया गया है। पटी कला में काशीपुर रुद्रपुर संपर्क मार्ग पर गहरे गड्डे हो गए हैं जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पटी कला के मजरा घोसीपुरा के ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत निर्माण विभाग के अधिकारियों से की लेकिन निर्माण विभाग ने खस्ताहालत मार्ग की दशा सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है शिकायतकर्ता जुबैद अली



रईस अहमद मुकेश कुमार सर्वेश कुमार सगीर अहमद नईम मोहम्मद राजीव कुमार आदि ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मार्ग के गड्डे दुरुस्त करने की मांग की है।

## बाइक सवार को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलफ़ कोतवाली मे दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** ग्राम खुशहालपुर निवासी सुभाष पुत्र मदन सिंह ने पुलिस चौकी को दी तहरीर में कहा कि बीते 31 अक्टूबर को सुल्तानपुर पटी से घर जाने के लिए मिलक नोखरीद के ौजी पेट्रोल पंप पर खड़ा होकर अपने भाई नरेश कुमार जो बाइक से सुल्तानपुर पटी से लौट रहा था इंतजार कर रहा था।

इसी दौरान पीछे से रेत भर कर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मारकर दी जिससे भाई नरेश की हालत गंभीर हो गई और उसे गंभीर हालत में काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नो दिन तक अस्पताल में रहने ओर भाई की हालत में सुधार होने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की गहन समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में विभागवार प्रगति, लंबित प्रकरणों तथा विभिन्न योजनाओं के निस्तारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज शिकायतें एवं योजनाएं शासन की प्राथमिकता में हैं, किसी भी स्तर पर विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना से जुड़े आवेदनों का निस्तारण समय से न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने मण्डी निरीक्षक,



मण्डी समिति शाहबाद का 03 दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनपद में मण्डियों में लक्ष्य के सापेक्ष आवक की स्थिति कम पाए जाने पर मण्डी सचिव रामपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के भी निर्देश अपर जिलााकिारी वित्त एवं राजस्व को दिए। साथ ही मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि जनपद की मण्डियों में आवक की स्थिति में तत्काल सुधाार लाया जाए।

नमूना संग्रहण में जनपद की खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में प्रगति कम करने पर जिला आबकारी अधिाकारी का वेतन बाधित करने के साथ ही प्रगति में सुधाार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीओ डूडा तथा खनन अधिकारी को चेता. वनी देते हुए कहा कि विभागीय रैंकिंग में सुधाार लाने हेतु प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने प्रकरणों की वास्तविक प्रगति सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करें तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जंग बहादुर, नगर मजिस्ट्रेट सालिकराम सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विवाहित युवती ने पति से लिया तलाक, प्रेमी की तलाश में दर-दर की खा रही ठोकरे

**■ पुलिस ने दिया कार्रवाई करने का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता पति से तलाक लेने के बाद प्रेमी की तलाश में भटकती रही तलाक की खबर सुनते ही प्रेमी अपना मोबा. इल बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने विवाहिता को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

चौकी क्षेत्र के गांव की युवती का निकाह एक वर्ष पूर्व पड़ोस के गांव में हुआ था।

युवती का नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था दोनों के बीच फोन पर क़ाी देर तक बातचीत होती थी बताया जाता है कि अवैध संबंधों के चलते युवती प्रेमी से गर्भवती हो गई। इस मामले की भनक जब उसके पति को लगी तो घर में विवाद खड़ा हो गया और उसने प्रेमी युवक के साथ जाने की हिदायत की। युवती को प्रेमी ने गर्भपात की दवाइयां खिला दी जिससे युवती का गर्भपात हो गया। सोमवार को दोपहर जब उसके पति को इस मामले की जानकारी हुई तो उसने उसे तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद युवती ने प्रेमी को फोन किया तो प्रेमी अपना फोन भी बन्द कर लिया विवाहित परेशान होकर पुलिस चौकी पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन युवती प्रेमी का घर तक नही बता पा रही थी। युवती ने पुलिस को बताया की इसका मायके में भी कोई नहीं है और वह परेशान है देर शाम होने के कारण पुलिस ने उसे समझा बुझाकर उसे भेज दिया है और मंगलवार को प्रेमी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वा. सन दिया है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू.डि. ) एफ.टी.सी./सी.ए. डब्लू महोदय, जिला रामपुर**
**विविध वाद सं.** 274/2024

श्रीमती जुबैरिया एजाज आयु लगभग 32 वर्ष पत्नी साईम एजाज पुत्री राशिद खां निवासी मोहल्ला राजद्वारा मस्जिद पीलू थाना कोतवाली। .....वादी

बनाम

1.साईम एजाज खां पुत्र स्व.शाहिद एजाज खां
2. श्रीमती नदीमा जमीला पत्नी स्व. शाहिद एजाज खां निवासी मोहल्ला पक्का पुल थाना गंज
3. श्रीमती समरा एजाज पत्नी शहजाद
4. शहजाद पुत्र जुहान नवी खां निवासीगण मोहल्ला अफगानान शाहबाद थाना शाहबाद रामपुर।

विपक्षीगण के विरुद्ध 12 घरेलू हिंसा अधिनियम इस्तेहार चूंकि प्रार्थिनी द्वारा दिनांक 23.10.2024 को 12 घरेलू हिंसा अधिनियम से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 का एक प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष विपक्षीगण के विरुद्ध दाखिल किया था जिसमें विपक्षीगण आज माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं लगातार फरार चल रहे हैं।अत: यह इस्तेहार निकाला जाता है उपरोक्त प्रार्थना पत्र से यदि किसी को कोई आपत्ति है तो उपरोक्त न्यायालय में दिनांक 20.11.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद किसी की आपत्ति नहीं सुनी जाएगी। आज दिनांक 6.11.2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुन्सरिम

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू.डि. ) एफ.टी.सी./सी.ए. डब्लू रामपुर**

# समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 पोर्टल पर 01 लाख लोगों ने दिया फीडबैक

**■ मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के दिये निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अधयक्षता में समर्थ उ. प्र., विकसित उ.प्र./2047 के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिाकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालयों में एक हेल्पडेस्क स्थापित कराते हुए कार्यालय में विजिट करने वाले जन सामान्य से समर्थ उ.प्र., विकसित उ.प्र.में फीडबैक दिलायें।



इसके साथ ही समस्त जिला स्तरीय अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय में कार्यरत कोई भी कर्मचारी फीडबैक देने हेतु शेष न रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के 1 लाख फीडबैक पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त अधिकारियों को निरन्तर फीडबैक बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पैगंबरपुर गांव में अनवर मियां हैदर मियां का 104 वां कुल शरीफ आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव पैगंबरपुर गांव में आने वाली हाफिज अनवर मियां, हैदर मियां मुंशी मियां की दरगाह प्रांगण में बीते दिन गठित कमेटी की ओर से 104 वें उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। इस दौरान मजार पर दूर दराज से आने वाले मुरीदों ने मजार के गद्दी नशी जाहिर मियां, आयाज मियां से मुलाक. ात की साथ ही मजार पर सिरनी पेश कर चादर पोशी की साथ ही लंगर का आनंद भी लिया।

जिसके चलते उर्स में लंगर खाने व मेले का लुफ्त उठाने गांव के बूढ़ों से लेकर नौजवान आगे आए। जिसके बाद तीन दिन चले उर्स मुबारक के दौरान कमेंटी की ओर से प्रशासन से अनुमती मांगी गई थी। जिसके चलते स्थानीय धमोरा चौकी पुलिस ने तीन दिन चले मेले के दौरान अपनी अहम भूमिका निभाई और मोर्चा संभाला। जिसके बाद तीन दिन चले मजार शरीफ पर उर्स के बाद बीते दिन सोमवार की देर शाम 104 वें उर्स का कुल शरीफ पढ़ा गया। कुल शरीफ़ में मियां के मुरीदों से लेकर ग्रामीणों तक ने हिस्सा लिया। जिसमें





कमेटी की ओर से एक बड़ी चादर घूमी। जिसका गांव की बड़ी मस्जिद से लेकर गांव के मुख्य-मुख्य स्थानों से होते हुए मजार शरीफ पर रोक दिया गया। जिसमें मेले में लगे झूलों और हलवे परांठे की दुकानों पर बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया। इस दौरान गद्दी नशी जाहिर मियां, आयाज मियां, कमेटी अधयक्ष फैज मियां सुभान मियां, जावेद खान, अजहर मियां, समेत तमाम लोगों उर्से कुल शरीफ में शामिल रहे।

# एसपी और एएसपी ने किया कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का निरीक्षण किया और नगर में पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, अनुराग सिंह रामपुर के साथ कोतवाली पहुंचे और आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष आदि एवं थाना परिसर की साफ- सफाई व थाना कार्यालयों पर बने अपराधा रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, सफ़-स्फ़ाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चौक किया गया। साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना मिलक क्षेत्रन्तर्गत आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने के



एवं कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर आमजन से संवाद स्थापित किया गया।

पुलिस को जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखते हुए सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए । इस दौरान पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह सहित पुलिस बल साथ में रहा।

## आज फिर सुबह दस से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** आज फिर हाई टेंशन लाइन में काम को लेकर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। अवर अभियंता उपकेंद्र मिलक के मोहम्मद हसनैन अंसारी ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 11 नवंबर को 220 के.वी शंकरपुर से पोषित 11 केवी उपकेंद्र मिलक की 33 केवी मेंन लाइन अहमदाबाद से खाता नगरिया 6 किलोमीटर लाइन का कंडक्टर तार 20 नग पोल बदलने का कार्य बिजनेस प्लान के अंतर्गत चल रहा है सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पूर्णता विद्युत आपूर्ति शटडाउन उपकेंद्र मिलक की पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सभी उपभोक्तओं से सहयोग की अपील की है।

# डीएम ने की जीरो पावर्टी अभियान से संबंधित विभागों के प्रगति की समीक्षा

**■ जनपद में चिन्हित निर्धानतम परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने हेतु यथाशीघ्र सत्यापन कराने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अधयक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जीरो पावर्टी अभियान की प्रगति के सम्बंधा में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत जनपद में विभागवार चिन्हित 14168 निर्धानतम परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित किए जाने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए वंचित परिवारों को जल्द से जल्द सत्यापन कराते हुए लाभान्वित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को कार्य में प्रगति के ख्रष्टिगत नियमित तौर पर मक्नीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधावा पेंशन योजना के तहत लम्बित 41 आवेदकों का सत्यापन टीम लगाकर यथाशीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हित निर्धानतम परिवारों के राशन कार्ड बनाये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए योजना से वंचित 28 परिवारों का राशन कार्ड बनाया जाना है जबकि 1927 परिवारों द्वारा राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन किए गए थे, जिनका पंजीकरण हो गया है, जिसपर जिलाधिकारी ने नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए शेष परिवारों के राशन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित पात्र परिवारों को लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने चिन्हित निर्धानतम परिवारों को दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना से



आच्छादित कराये जाने हेतु सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराते हुए योजना से आच्छादित कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी को कैम्प लगाकर लंबित परिवारों के श्रम कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से ऐसे परिवारों के बच्चे, जो स्कूल नहीं जाते हैं, उनको चिन्हित कर स्कूल में नामांकन कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल योजना, बेसिक शिक्षा विभाग, शौचालय सहायता योजना, आयुष मान कार्ड और कौशल विकास मिशन के अवशेष सभी सत्यापन कार्यो को 15 दिन में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रतिभा पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# कार्यालय नगर पंचायत मसवासी जनपद- रामपुर

**पत्रांक:**-526/न.पं.म./2025-26 **दिनांक :**-10.11.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त फर्मो/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)निम्न आपूर्ति क्रय करना चाहती हैं। निविदा मूल्य निकाय के खाता संख्या 13480100005210 बैंक ऑफ बड़ौदा मसवासी आईएफएससी कोड BARBOMASWAS पर जमा कर कार्यालय से जमा रसीद दिखाकर क्रय की जा सकती है। इच्छुक फर्म व व्यक्ति प्रकाशन की दिनाक 19.11.2025 से 12:00 बजे तक अपनी निविदा कार्यालय में जमा कर सकते है। दिनाक 19.11.2025 को निविदा 2:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य अवधि | निविदा शुल्क | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शीत लहर से वचाव के लिए नगर क्षेत्र में अलाब जलाने हेतू जलावन लकड़ी की आपूर्ति | शीत लहर चलने तक | 650.00 | 5,000.00 |
| 2 | कान्हा गौशाला में गौवंशों को शीत लहर से वचाव के लिए 1-तिरपाल/पर्दा आपूर्ति 2-मेट की आपूर्ति | 10 दिवस | -- | -- |
| 3 | कान्हा गौशाला में गौवंशो को ठण्ड से वचाव के लिए गौवंशो हेतु झूल की आपूर्ति | 10 दिवस | -- | -- |
| 4 | कान्हा गौशाला में गौवंशो को शीत लहर से वचाव के लिए अलाव जलाने हेतू जलावन लकड़ी की आपूर्ति | शीत लहर चलने तक | 650.00 | 5.000.00 |
| 5 | पराली/पुआल की आपूर्ति | 10 दिवस | -- | -- |
| 6 | एम.आर.एफ. सेन्टर पर विद्युतीकरण का कार्य | 10 दिवस | -- | -- |
| 7 | कूड़ा ट्राली मरम्मत का कार्य | 10 दिवस | -- | -- |
| 8 | सफाई सम्बन्धित उपकरण आपूर्ति पंजी, फावड़ा,फावड़ी, गेती, सव्व्ल,गोवर फावड़े, हथोड़ा /घन, तसले, घास तलवार, घास कटर मशीन | 10 दिवस | -- | -- |
| 9 | प्लम्बर मरम्मत औजार आपूर्ति सूची अनुसार | 10 | -- | -- |
| 10 | प्रचार-प्रसार हेतु वॉल पेंन्टिग व फ्लैक्सी हेतु दर | -- | -- | -- |
| 11 | कार्यालय प्रयोग हेतु रैक व अलमारी आपूर्ति | -- | -- | -- |

नोट:- उपरोक्त से सम्बन्धित अधिक जानकारी /शर्ते व सूची किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय प्राप्त की जा सकती है।

**( अधिशासी अधिकारी )**
**नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )**

**( अध्यक्ष )**
**नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )**

# फ्लाइडीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए।



जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगाये गये विभागीय अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ रुचि लेते हुए कार्य करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सत्यापन के कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही न बरती जाए और वोटर कार्ड बनने के दौरान आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि की जांच अपने स्तर से अवश्य करा लें उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान किसी भी स्तर पर कार्य में लापरवाही तथा दिये गये निर्देशों की अवहेलना पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वि. धरा. संदीप कुमार वर्मा सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बूथ स्तर पर विशेष गहन पुनरिक्षण पर ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व अखिलेश यादव के निर्देशानुसार और प्रदेश अधयक्ष श्यामलाल पाल के निर्देशन में सतेंद्र मौर्य प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ 127 पीलीभीत विधानसभा के बूथ संख्या 201 भगा मोहम्मदगंज पर बूथ लेवल एजेंट अली अहमद के साथ ग्रामीणों को विशेष गहन पुनरिक्षण के बारे में बताया।

इस दौरान महेश कश्यप जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, नंद किशोर वर्मा, अली अहमद, सलीम अहमद, सरताज अहमद, मो. हनलाल गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# शासन का निर्देश पर पहले फसल की जांच फिर होगी खरीद

### धान खरीद में मानकों की सख्ती बढ़ी: क्रय केंद्रों पर खरीद की रफ्तार पड़ी धीमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** शासन से आए निर्देश के बाद जनपद में सभी धाान क्रय केंद्रों पर अब किसानों द्वारा लाई गई ऱसल की खरीद जांच कर निर्धाारित मानकों के अनुरूप की जा रही है, जिससे धाान खरीद की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है। खरीद अधिकारियों कहना है कि खराबऱसल को आगे मिल और सरक. ारी गोदाम पर रिजेक्ट किया जा रहा है जिससे सरकार को भारी घटा हो रहा है इसी लिए जांच के उपरांत कीऱसल की खरीद की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश धाान कीऱसल मौसम की मार के चलते अब मानक के अनुरूप नहीं बची है जिससे अब किसानों की चिंता और बढ़ गई है। डिप्टी आरएमओ विजय



कुमार शुक्ला ने बताया कि मंडी में धाान की खरीद तभी की जाती है जब वह निर्धाारित मानकों को पूरा करता हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जो धाान मानकों पर खरा नहीं उतरता, उसे क्रय केंद्रों पर नहीं खरीदा जा सकता। श्री शुक्ला ने कहा कि मानक की जांच के बाद ही धाान खरीद सुनिश्चित की जा रही है। जिस भी किसान की ऱसल मानक के अनुरूप हैं वह सभी क्रय केंद्रों पर खरीदी जा रही है।

# धान खरीद में गड़बड़ी को लेकर डीएम से मिले किसान नेता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर धाान की धीमी तौल और मंडी समिति में हो रही अनियमितताओं को लेकर अपनी समस्याएँ रखीं। किसानों ने बताया कि मंडी समिति में धाान की तौल में गड़बड़ियाँ हो रही हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से माँग की कि मंडी समितियों की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और किसानों की धाान की तौल ईमानदारीपूर्वक की जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सतविंदर सिंह कहलों मंडल अध्यक्ष बरेली जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह वर्क, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, जिला महासचिव युवा बलजीत सिंह, तथा जिला उपाध्यक्ष नानक सिंह उपस्थित रहे।

# हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी ने शुरू किया एसीपी कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी ने मास्टर अलीम वारसी के मार्गदर्शन में एसीपी एरिया काउंसलिंग प्रोग्राम की शुरुआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन कुरान की तिलावत और दुरूद शरीफ़ से हुआ। कुरान की तिलावत कारी साईम ने की तथा सभी ने दुरूद पाक पढ़ा।

यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सैकड़ों भटकते बच्चों के हाथ थामने का वादा है, जिनके सपनों को दिशा की तलाश है। सोसाइटी के सदस्यों, छात्रें और शुभचिंतकों ने मिलकर इसकी नींव रखी, ताकि रामपुर के हर कोने तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचे।

अब्दुल माजिद ने सोसाइटी के बारे में विस्तार से बताया। एडवोकेट जैनुल आबेदीन ने कहा कि हकीकत सोसाइटी का साथ सभी को देना चाहिए।

अली रजा खान वारसी ऊर्फ मास्टर अलीम वारसी की तरु से दिल्ली से पधाारे डॉक्टर शोएब रजा खान वारसी, असिस्टेंट डायरेक्टर, एनआईओएस ने बच्चों को उर्दू की महत्ता समझाई और कहा कि पढ़ाई-लिखाई के बिना जीवन सूना है।

हमें पढ़ाई पर धयान देना चाहिए। कहा कि अलीम साहब 1964 से यही काम कर रहे हैं हर बच्चे तक पहुंचना और उसे सपने दिखाना और सिखाना। उनका ख्वाब था कि कोई बच्चा केवल मार्गदर्शन की कमी से पीछे न रह जाए।

हकीकत सोसाइटी ने उनके इसी जुनून को एसीपी का नाम दिया, एक ऐसा कार्यक्रम जो न केवल काउंसलिंग करेगा, बल्कि हर बच्चे की छिपी संभावना को जगाएगा।

यह कार्यक्रम आज से शुरू होकर ऱरवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान रामपुर के विभिन्न इलाकों में जाकर 1200 छात्रें और उनके अभिभावकों तक पहुंचने का लक्ष्य है। यह पूरी तरह मुफ्त है।

कार्यक्रम में मौलाना अबुल कलाम आजाद की उक्तियां गूंजीं शिक्षा वह बीज है जो राष्ट्र की आत्मा को पोषित करता है तथा सच्ची शिक्षा वह है जो दिल और आत्मा को रोशन करे। रामपुर जामा मस्जिद के इमाम एहतेसामुल्लाह खान ने नौजवानों को मोबाइल का सही उपयोग सिखाया जाए, ताकि वे गलत रास्ते पर न जाएं, तथा शादियों में फ़िजूलखर्ची रोकने की सलाह दी।

आज के सत्र में काउंसलर मुहम्मद नाजिम ने बच्चों के सामने नई राहें खोलीं। उन्होंने कहा कि आज हर बच्चा केवल एन.ई.ई.टी. और बी-टेक के पीछे भाग रहा है, लेकिन यह रास्ता सबके लिए नहीं।

उन्होंने सरकारी नौकरियों की बारीकियां समझाईं, लेकिन सबसे बड़ी बात कही NEET और इंजीनियरिंग ही सब कुछ नहीं है।

उन्होंने NDA, CDS, SSC, UPSSSC, DDA, DSSSB आदि का रास्ता दिखाया और कहा आर्मी, नेवी, एयर फोर्स में जाकर देश सेवा करो, वर्दी पहनो, नाम कमाओ। बच्चों के सवालों के जवाब दिए, छोटे-छोटे टारगेट सेट करना सिखाया तथा धान की कमी होने पर भी आगे बढ़ने के व्यावहारिक टिप्स दिए। दस्तावेजों की कमी को सरकारी योजनाओं से वंचित होने का बहाना न बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर SIR दस्तावेज जागरूकता के बारे में समझाया गया।

कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रजा ने किया। इस मौके पर जे.ई. सैयदा सबीहा एसटीसी डायरेक्टर, एडवोकेट ऱैज, एडवोकेट शुएब, एडवोकेट रा. हला, इंजीनियर अमान, खदीजा, जैनुल आबेदीन, अहाना, फिजा, नूरिया, जैनब, दिल्लन भारत, अदनान जियाई, डॉक्टर अब्दुस्सलाम, जुल्फिकार अली, रिजवान सिद्दीकी, फिरासत अली, अख्तर हुसैन, महमूद वारसी, सद्दाम, तालिब, सै"यद हमदान, इकरा ऋसर, जैनब, ऱातिमा, अक्सा, सामिया, और सैकड़ों लोग मौजूद रहे। हकीकत सोसाइटी का यह कदम रामपुर को नई दिशा देगा।

जहां हर बच्चे को लगा कि उसका भविष्य अब अंधोरे में नहीं। अब आपकी बारी है अपने बच्चे का हाथ थामिए, हकीकत सोसाइटी तक पहुंचिए।

## भाई से हुई कहासुनी के बाद युवती ने फंदे से लटक कर दी जान

**बीसलपुर।** भाई से हुई कहासुनी के बाद एक युवती ने अपनी जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला तो परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच पड़ताल में जुटी है। घटना कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गुजरौला गांव में हुई। यहां के रहने वाले राम बहादुर की 19 वर्षीय पुत्री सीमा का बताते हैं कि अपने भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी से गुस्साकर उसने रविवार देर शाम घर के कमरे में ही कुंडे के सहारे रस्सी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। पिता दिल्ली में रहकर रिक्शा चलाते हैं। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह वह भी घर आ गए। सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। उसकी मौत से मोहल्ले के लोगों का जमघट लगा है।

# मिलक खानम थाना प्रभारी ने परिवार में समझौता कराया

**घर उजड़ने से बचा पति पत्नी एक साथ गए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस द्वारा थाने बुलाकर दोनों पक्षों में समझौता करा कर दो परिवार को मिलाया। आवेदिका सायरा पत्नी फरियाद हुसैन निवासी अलीपुर ठेका थाना मिलक खानम द्वारा 10 नवंबर को अपने पति फरियाद हुसैन के विरुद्ध आये दिन मारपीट करना व तलाक की धमकी देने के सम्बंध में प्राथना पत्र दिया था।

सोमवार को दोनो पक्षों को थाने बुला कर काउंसलिंग की गई और इस दौरान समझौता कराया गया। दोनों परिवारों को टूटने से बचाया गया।




मिशन शक्ति टीम के अथक प्रयास से दोनो परिवार ने एक साथ रहने का निर्णय लिया।

दोनो पति पत्नी खुशी खुशी अपने घर रुखसत हुए। इस दौरान दोनों के पक्षों के समझौते कराने में थाना प्रभारी निशा खटाना की अहम भूमिका रही। काउन्सलिंग टीम में उ.नि. सूरजपाल चौहान महिला कांस्टेबल ज्योति आदि मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के वार्ड 7 में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को पौधाारोपण किया गया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न पौधो लगाए।

स्कूल के प्रत्येक शिक्षक व विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर स्कूल परिसर को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधो लगाए। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय के शिक्षक सईद रहमानी ने पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए बच्चों को बताया कि पौधो हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं तथा हानिक. ारक गैस कार्बन डाइअक्ऋसाइड को अवशोषित करते हैं। पौधाारोपण के दौरान इंचार्ज अधयापिका रसाना वारिस, सहायक अधयापक सईद सागर आदि मौजूद रहे।

# बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले डंपर, ट्रकों को किया सीज, काटे चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रदेश में बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले डंपर, ट्रकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देशों के अनुपालन में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें पूरनपुर, गजरौला तथा बरेली मार्ग से गुजर रहे ऐसी 4 वाहनों को सीज किया गया जिन पर मानक के अनुरूप हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी।

इसी प्रकार चेकिंग कार्रवाई में धुांधालीध अस्पष्ट पंजीयन नंबर वाली प्लेटों के साथ संचालित हो रही 5 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई




भी की गई। उद्र कार्रवाई के साथ जनपद के सभी व्यावसायिक वाहन स्वामियोंधचालकों तथा निजी वाहन स्वामियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाकर ही वाहन संचालित करें तथा नंबर प्लेट दूर से ही स्पष्ट नजर आनी चाहिए। अन्यथा बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध चलाई जा रहे चेकिंग अभियान में ऐसे वाहनों के विरुद्ध चालान एवं सीज की कार्रवाई की जाएगी।

## पेयजल टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर, ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** तहसील कलीनगर क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत सुंदर नगर में पेयजल की टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। वहीं पेयजल टंकी का निर्माण शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल की उम्मीदें जाग चुकी है तथा लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। आपको बता दें कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल हर घर नल, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण घर तक सुरक्षित और नियमित शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से बालाजी कंस्ट्रक्शन के द्वारा जनपद पीलीभीत के इंडो नेपाल पर स्थित सूदूर गांव सुंदर नगर में पेयजल टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वही टंकी का निर्माण कार्य शुरू होने से सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों में शुद्धपेयजल की आस जगी है।

वहीं निर्माण कार्य के ठेकेदार रमेश निगम मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि शुद्ध पेयजल टंकी की क्षमता डेढ़ लाख लीटर की है। इसका निर्माण कार्य पिछले कई महीनो से लगातार चल रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि लगभग 6 महीने के अंदर टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# शक्ति पीठ देव भवन चतुर्थ वार्षिकोत्सव में धूमधाम से निकाली गई

**बाबा महाकाल की भव्य शोभा यात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** हर वर्ष की भांति शद्रिपीठ देव भवन चतुर्थ वार्षिकोत्सव में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने मिला भद्रों के जयकारों से समूची बांसुरी नगरी गूंज उठी। रविवार को बाबा महाक. ाल की विशाल शोभायात्र निक. ाली गई, जिसमें बाबा महाकाल के साथ-साथ राम लला, श्याम बाबा व राधाा ख्रष्ण के दर्शन हुए। यह शोभायात्र शद्रिपीठ देव भवन के महंत दीपेश जायसवाल के द्वारा निकाली गई। बाबा की शोभायात्र में सागर सैनी, मोहित अग्निहोत्री, गौरव दीक्षित, राजन श्रीवास्तव, सचिन राजपूत, निहाल राजपूत, अरूर राजपूत, गौरब राजपूत, पंकज राजपूत, रोहित राजपूत,शद्रि वाल्मीकि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित रहे।



# नगर पालिका परिषद पूरनपुर के तत्वाधान में पोस्टर कंपटीशन का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के तत्वाधाान में सोशियोवाईटल नेटवर्क फाउंडेशन की टीम द्वारा श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉक्टर वाहिदा खान जी के सहयोग से पोस्टर कंपटीशन का आयोजन किया गया।

जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा महिलाओं की स्वच्छता के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। जिसमें सभी बालिकाओं ने



बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कुछ बालिकाओं ने चित्रत्मक ख्रश्य बनाकर तथा कुछ लोगों ने निबंधा के माधयम से महिलाओं के जिम्मेदारी व स्वच्छता के प्रति महत्व को दर्शाया है।

स्वच्छता में महिलाओं की भूमिका बहुआयामी है, जिसमें जागरूकता फैलाना, स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करना, कचरा प्रबंधान में भाग लेना और मासिक धार्म स्वच्छता का धयान रखना शामिल है। वे समुदाय को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं, खुद भी स्वच्छ आदतों को अपनाती हैं और उद्यमिता के माधयम से समाधाान भी प्रदान करती हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीटी स्कैन कराने को लेकर जिला अस्पताल में हंगामा, डॉक्टर पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला अस्पताल में सोमवार को सीटी स्कैन कराने को लेकर हंगामा हो गया। अधिवक्ता और चिकित्सक के बीच कहासुनी हो गई। दोनों ने एक-दूसरे पर अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। अस्पताल प्रबंधन और अन्य अधिवक्ताओं ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया।

जिला अस्पताल पहुंचे छपरौली के दाउद का आरोप था कि वह अपने भाई अनीश का सिर का सीटी स्कैन कराने के लिए अस्पताल में आया हुआ था। जहां उसे कक्ष नंबर 11 मे जांच कराने के लिए खोजा गया था। कक्ष नंबर 11 में बैठे चिकित्सक ने उसे कक्ष नंबर 12 में खोज दिया। कक्ष नंबर 12 में बैठे चिकित्सक ने उसे वापस कक्ष नंबर 11 में ही जांच कराने के लिए कहकर वापस खोज दिया। आरोप लगाया कि कक्ष नंबर 11 में बैठे चिकित्सक ने उसके साथ अभद्रता की। उसका मोबाइल फोन छिन लिया और



गार्ड को बुलाकर उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया गया। उधर चिकित्सक डा.श्रवण कुमार का कहना था कि युवक अपने भाई को लेकर आया था। उसके भाई के सिर में पहले चोट लगी हुई थी। उन्होंने सीटी स्कैन कराने से पहले सर्जन से जांच कराने के लिए कहा था। आरोप है कि युवक ने सर्जन से जांच कराने के बजाए उनके साथ अभद्रता कर मारपीट करने को उतारू हो गया। जिस पर उन्होंने गार्ड को बुलाया था। उन पर लगाए गए सभी आरा. ेप निराधार है।

अस्पताल में हंगामा होने पर वहां पहुंचे अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। दोनों ने एक-दूसरे पर अभद्रता करने और मारपीट करने का आरोप लगाया। बाद में अस्पताल में पहुंचे अधिवक्ताओं और अस्पताल प्रबंधन ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। सीएमएस डा.अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि सीटी स्कैन को लेकर विवाद हो गया था। मरीज का सीटी स्कैन कराकर विवाद समाप्त करा दिया।

## तहसील में अधिवक्ताओं ने किया नामांकन जमा

**बडौत।** सिविल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। पहले दिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री समेत अन्य पदों पर प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ओमपाल सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 11 नवंबर तक चलेगी। पहले दिन अध्यक्ष पद पर धर्मवीर सिंह तोमर, आनंदपाल तोमर, जयवीर सिंह, महामंत्री पद पर पुष्पेंद्र, उपाध्यक्ष पद पर आदेश बालियान, कोषाध्यक्ष पद पर हरेंद्र सिंह ने नामांकन किए। इनके अलावा सह सचिव पद पर मनोज, प्रवेंद्र, पुस्तकालय मंत्रे पद पर साजिद अली, कनिष्ठ सदस्य पद पर विनोद मान ने नामांकन किए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

पृष्ठांकन: 1351 / तद्दिनांक: 10/11/2025

**निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत 3DX जे0सी0बी0 मशीन का पूर्ण मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा दिनांक 16/11/2025 सांय: 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो नियमानुसार स्वीकृति उपरान्त दिनांक-17/11/2025 को सायं 04:00 बजे अथवा किसी अन्य कार्य दिवस में को खोली जायेगी, ई-निविदा प्रपत्र ई-प्रिक्योरमेण्ट की वेबसाइट- https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र अन्य विवरण एवं शर्ते वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन तिथि | 10/11/2025 समय 05.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 10/11/2025 समय 06.00 बजे |
| निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि | 10/11/2025 समय 06.00 बजे |
| निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि | 16/11/2025 समय 05.00 बजे |
| निविदा खोले जाने की तिथि | 17/11/2025 समय 04.00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद पीलीभीत।

# आगामी टी-20 विश्व कप पर ध्यान देना होगा: गंभीर

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों को ईमानदारी और पादर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझते हुए 2026 में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारी पर ध्यान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर ने कहा कि छोटी-मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकाना नहीं चाहिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक साक्षात्कार में गंभीर ने कहा कि टी-20 विश्वकप की ओर टीम की प्रगति के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बहुत जरूरी है, लेकिन



- **छोटी मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए**

सीरीज जीतने का जश्न मनाने से बचना चाहिए। गंभीर ने टीम के रवैये में निरंतरता और शांत रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि एक देश के तौर पर और एक व्यक्ति के तौर पर, हमें कभी भी सीरीज जीतने का जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दबाव में परखने से ही खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आता हैं। हमने शुभमन गिल के साथ भी ऐसा ही किया था जब उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया गया था। अपने सख्त नेतृत्व शैली के लिए जाने जाने वाले पूर्व भारतीय ओपनर ने कहा कि मौजूदा टीम में खुलापन और ईमानदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रेसिग रूम एक बहुत ही पारदर्शी और ईमानदार कमरा रहा है, और हम इसे ऐसा ही रखना चाहते हैं। हम अभी भी वहां नहीं हैं जहां हम टी-20 विश्वकप के लिए होना चाहते हैं, लेकिन उम्मीद है कि यह एक बड़ा कदम है। हमारे पास तीन महीने हैं जहां हम पहु. चना चाहते हैं।

# एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप की टीम घोषित

- **भारतीय टीम को जर्मनी आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को चिली के सैंटियागो में 25 नवम्बर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। विश्व कप की 20 सदस्यों वाली इस टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद तीन दिसंबर को जर्मनी और पांच दिसंबर को आयरलैंड के खिलाफ मैच होंगे। हर पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट स्टेज में



पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेले जाएंगे। भारतीय टीम की कप्तानी ज्योति सिह करेंगी और मुख्य कोच तुषार खांडकर होंगे। गोलकीपिग की जिम्मेदारी निधि और एंजिल हर्षा रानी मिज संभालेंगी, जबकि डिफेंस की जिम्मेदारी मनीषा, लालथनुआलंगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदिनी को दी गई है। वहीं मिडफील्ड में, भारत साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिह, खैडेम शिलेमा चानू और बिनिमा धन पर निर्भर रहेगा। फॉरवर्ड लाइन में सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर शामिल हैं, जो एक मजबूत आक्रमण का वादा करती हैं। प्रियंका यादव और पार्वती टोपनो को टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर नामित किया गया है। टीम के रवाना होने से पहले चयन को लेकर भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच तुषार खांडकर ने कहा कि मेरी टीम जिस तरह से वे इस समय खेल रही हैं, उससे बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत हॉकी में अनुशासन है और मैंने इस टीम को बनाते समय इसी पर ध्यान केंद्रित रखा है। हमने एक कठिन अभ्यास से गुजरे हैं और अपने डिफेंसिव स्ट्रक्चर और विरोधी टीम के स्कोरिंग एरिया के अंदर फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत की है। लड़कियों ने पिछले कुछ महीनों में बहुत सुधार और मैच्योरिटी दिखाई है। खांडकर ने कहा कि हम सब तैयार हैं और चिली जाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। लड़कियां वर्ल्ड कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से मोटिवेटेड हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जेएलएन स्टेडियम की जगह पर बनेगी स्पोर्ट्स सिटी: सूत्र

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित प्रसि( जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को गिरा कर इसकी 102 एकड़ जमीन पर विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि दिल्ली के लोधी रोड इलाके में बनने वाली इस स्पोर्ट्स सिटी के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के स्पोर्ट्स सेंटर्स को मॉडल पर अध्ययन किया जा रहा है। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि जेएलएन स्टेडियम की जगह पर एक वर्ल्ड क्लास मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर बनाया जाएगा और इस प्रोजेक्ट के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के सबसे अच्छे सेंटर्स की स्टडी की जा रही है। उन्होंने फिलहाल इस प्रोजेक्ट की समयसीमा बताने से इन्कार कर दिया। उल्लेखनीय है कि 60 हजार से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले ऐतिहासिक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को फीफा, वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) और एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (एफसी) द्वारा तय किए गए इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स को पूरा करने के लिए डिजाइन और बनाया गया था। इस स्टेडियम को 1982 में एशियन गेम्स की एथलेटिक स्पर्धा और समारोह की मेजबानी के लिए बनाया गया था।

### जगदीश के शानदार प्रदर्शन उत्तराखंड ने हरियाणा को पारी और 28 रनों से हराया

**रोहतक, वार्ता।** जगदीश सुचित ( 50 रन/ पांच और छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम उत्तराखंड ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में हरियाणा को पारी और 28 रनों से शिकस्त दी। हरियाणा ने दूसरी पारी में कल के छह विकेट पर 106 रनों से आगे खेलना शुरु किया। 47वें ओवर की छठी गेंद पर जगदीश सुचित ने कपिल हुड्डा (27) को युवराज चौधरी के हाथों कैच आउट कराकर उत्तराखंड को सातवीं सफलता दिलाई। सुचित का अगला शिक. ार 49वें ओवर में सुमित कुमार (शून्य) बने। अगले ओवर में मयंक मिश्रा ने अंशुल कम्बोज (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 61वें ओवर की चौथी गेंद पर सुचित ने धीरू सिह को आउटकर हरियाणा की दूसरी पारी का 148 के स्कोर पर अंत कर पारी और 28 रनों से मुक. ाबला अपने नाम कर लिया। धीरू सिह ने 146 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 70 रन बनाये। उत्तराखंड के लिए जगदीश सुचित ने छह विकेट लिये। मयंक मिश्रा को दो विकेट मिले। युवराज चौधरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जगदीश सुचित (पांच विकेट) और मयंक मिश्रा (चार विकेट) ने हरियाण को पहली पारी में 48-1 ओवर में 112 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। हरियाण ने अपनी पहली पारी में युवराज (60), जगदीश सुचित (50) व कप्तान कुणाल (40) के योगदान से 94.3 ओवर में 288 का स्कोर खड़ा किया।

# न्यूजीलैंड-विंडीज का मैच बारिश के कारण रद्द

- **पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-1 से बढ़त बनाई हुई है**

**नेल्सन, वार्ता।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को खेला जा रहा चौथा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने अभी सिर्फ दो गेंदों के बाद ही खेली थी हल्की बारिश शुरू हो गई। न्यूजीलैंड ने कुछ ओवर शांति से निकाले, आमिर जांगू संभल कर खेल रहे थे। एलिक अथानाजे ने काइल जैमीसन की गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर पारी को आगे बढ़ाया, जिसके बाद उन्होंने अथानाजे की गेंद पर एक और छक्का लगाया। जांगू ने पांचवें ओवर के आखिर में एक चौका लगाया, जिसके बाद पहली बार बारिश के कारण से खेल रोका गया।

30 मिनट के ब्रेक के बाद, खिलाड़ी बिना किसी नुकसान के वापस मैदान में आए और सिर्फ दो गेंदों के अंदर जेम्स नीशम ने अथानाजे को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अथानाजे के आउट होने के एक ओवर बाद बारिश फिर से तेज हो गई और खेल एक बार फिर रुक गया। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय वेस्टइंडीज ने 6-3 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बना लिये थे। इसके बाद बारिश नहीं रूकने पर मैच को रद्द कर दिया गया। एलिक अथानाजे 21 रन बनाकर आउट हुये, आमिर जांगू 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

# बेंगलुरु में होगी पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन (आईपीए) के तहत कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) ने सबला द्वारा प्रायोजित पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025 गुरुवार से शुरु होगी। पिकलबॉल के इस पहले संस्करण का आयोजन 13 से 16 नवम्बर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल किया जायेगा। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय से इस चैंपियनशिप के लिए आधिकारिक नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनएसएफ) की मान्यता मिलने के बाद इसे आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में 20 से अधिक राज्यों से 1200 से अधिक खिलाड़ियों को प्रवेश मिला हैं, जिनमें अंडर-12 से लेकर 70-प्लस तक के वर्ग शामिल हैं। यह पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारुप में होगी। इस अवसर पर केपीए के अध्यक्ष हर्षा ने कहा कि यह नेशनल चैंपियनशिप इस खेल के लिए एक ऐतिहासिक स्पर्धा है, और हम इसे बेंगलुरु में आयोजित करके बहुत खुश हैं। पिकलबॉल दुनिया भर में बहुत तेजी से बढ़ा है और भारत सरकार की मान्यता ने इसे एक नई पहचान और दिशा दी है। कोचिग क्लिनिक, बिजनेस मीट और हमारे 'मिशन वन मिलियन' कार्यक्रम जैसी पहलों के जरिए, हमारा लक्ष्य पिकलबॉल को पूरे कर्नाटक के स्कूलों तक पहुंचाना है। बेंगलुरु फुटबॉल क्लब और भारतीय फुटबॉलर आशिक कुरुनियान ने कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि पिकलबॉल बेंगलुरु आ रहा है। यह एक मजेदार और सभी को शामिल करने वाला खेल है जो सभी उम्र और फिटनेस लेवल के लोगों को आकर्षित कर सकता है। द स्पोर्ट्स स्कूल के को-फाउंडर श्रीनिवास टीआर ने कहा, षपिकलबॉल में आने वाले सालों में मजबूत स्पोर्ट्स करियर बनाने की क्षमता है।

# अंडर-20 महिला विश्व कप में जापान से भिड़ेगा भारत

- **ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

यहां घोषित किए गए ड्रा के अनुसार थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के लिए सोमवार जारी ड्रा में भारतीय महिला फुटबॉल टीम को ग्रुप सी में रखा गया है। इस ड्रा में भारत के साथ जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताईपे है। 20 साल बाद एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय अपना अभियान जापान के खिलाफ शुरू करेंगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेंगी। ग्रुप ए में, मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन हैं। एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप 2026 में थाईलैंड की तीन जगहों राजमंगला नेशनल स्टेडियम (बैंकॉक), थम्मासैट स्टेडियम (पाथुम थानी), और पाथुम थानी स्टेडियम (पाथुम थानी) में आयोजित होगा।

एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के 12वें संस्करण में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इस टीमों को चार-चार के समूह में विभाजित किया गया है। भारतीय टीम उन 11 टीमों में से एक है। जिसमें आठ ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ रैंकिग वाली उपविजेता टीम शामिल है।

# ज्वेरेव ने शेल्टन पर शानदार जीत के साथ एटीपी फाइनल्स की शुरुआत की



- **ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शेल्टन को 6-3, 7-6 (6) से हराया**

**इटली, वार्ता।** दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के पर्दापण कर रहे टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल में अपने अभियान की शुरुआत एक जबरदस्त जीत के साथ की। रविवार को खेल गए मुकाबले में जर्मनी के दिग्गज अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई।

मैच कके बाद ज्वेरेव ने शेल्टन के बारे में कहा कि वह एक अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी है। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक। टाई-ब्रेक में, उसने शानदार शुरुआत की। हां, मैंने शायद एक या दो पहली सर्विस मिस कर दीं, और उसने (5-4 पर) जो पासिग शॉट मारा, वह जबरदस्त था। मुझे लगा कि मुझे उन चीजों को नियंत्रित करना होगा जिन्हें मैं कंट्रोल कर सकता हू, और मैं उन्हें अच्छे से कर रहा था।

# फाइनल्स में जगह पक्की करने उतरेंगे लक्ष्य



- **लक्ष्य सेन सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी है**

**जापान, वार्ता।** चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितम्बर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है।

वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा है। लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेंगी।

# उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विशाल गुप्ता

**अयोध्या, वार्ता।** अयोध्या में चल रही राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश बाक्सिग संघ विशेष आम सभा की बैठक (स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग) सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अयोध्या के विशाल गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

विशाल गुप्ता एम-आर-जयपुरिया स्कूल, अयोध्या के निदेशक और विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं। अभी तक वे संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष दायित्व निर्वहन कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाक्सिग संघ के अध्यक्ष डा. राकेश मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बॉक्सिग की अपार संभावनाएं हैं। अब नए नेतृत्व से खेल को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संघ युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का काम तेज करेगा। विशाल गुप्ता ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है, वह सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी है। प्रदेश के हर जिले में बॉक्सिग को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को सुविधाएं दिलाने और पारदर्शी चयन प्रणाली लागू करने के लिए प्रयास किया जाएगा। चुनाव में अन्य पदाधिकारियों में अभिषेक पाल (सिद्धार्थनगर) उपाध्यक्ष, उपेंद्र पांडेय (कानपुर) महासचिव, रमाकांत पांडेय (बस्ती), अभिषेक अग्रवाल (अयोध्या), आशुतोष ओझा (वाराणसी) संयुकत सचिव तथा देवेन्द्र कुमार (लखनऊ) कोषाध्यक्ष चुनें गए।

# अनीश ने पिस्टल स्पर्धा में जीता रजत



- **अनीश भानवाला ने फाइनल में 40 में से 28 अंक हासिल किए और फ्रांस के खिलाड़ी से पीछे रहे**

**मिस्र, वार्ता।** भारत के अनीश भानवाला ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। रविवार को हुई इस स्पर्धा में 23 वर्षीय अनीश भानवाला ने फाइनल में 40 में से 28 अंक हासिल किए और फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुए से पीछे रहे, जिन्होंने 31 अंक हासिल करते हुए निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन के मक्सिम होरोडिनेट्स ने 25 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अनीश ने फाइनल की राह में चार शूटऑफ का सामना किया और हर बार अपने धैर्य और शांत मानसिकता से शानदार प्रदर्शन किया। रतीय निशानेबाज ने पहले जर्मनी के इमैनुएल म्यूलर को दो बार के शूटऑफ में हराकर पदक सुनिश्चित किया। इसके बाद उन्होंने होरोडिनेट्स को भी दो शूटऑफ में पीछे छोड़ते हुए फाइनल के लिए शीर्ष दो में जगह बनाई। अंतिम राउंड में अनीश के पास स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने सभी शॉट्स में 5 अंक हासिल करने थे और साथ ही बेसागुए को सभी शॉट्स में चूकने की जरूरत थी। जो संभव नहीं हो सका। यह अनीश भानवाला का वर्ल्ड चैंपियनशिप में पहला व्यक्तिगत पदक है और कुल मिलाकर दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने तीन साल पहले सिमरनप्रीत कौर बरार के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक जीता था।

# संग्राम सिंह ने एमएमए एथलीटों को कुश्ती पर ध्यान देने की सलाह दी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियनशिप विजेता संग्राम सिंह ने प्रोफेशनल मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर्स बनने की इच्छा रखने वालों अगर सफल होना चाहते हैं तो उन्हें कुश्ती कौशल को बेहतर बनाना होगा। संग्राम सिंह ने यूनीवार्ता के साथ साक्षात्कार में इस बात पर बल दिया कि एमएमए मुकाबले काफी हद तक कुश्ती पर आधारित होते हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्राइकिंग मुक. ाबलों का एक नगण्य हिस्सा है। उन्हें कई सालों तक अच्छी तरह से कुश्ती करनी चाहिए। एमएमए का अस्सी प्रतिशत कुश्ती है, स्ट्राइकिंग सिर्फ 20 प्रतिशत है, खबीब (खबीब नूरमगोमेदोव, अब तक के सबसे लंबे समय तक राज करने वाले अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप लाइटवेट चैंपियन) जैसे फाइटर्स का कुश्ती बैकग्राउंड बहुत अच्छा था। 40 वर्षीय संग्राम ने हाथों की अच्छी ताकत बनाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मेरे हाथ बड़े और मजबूत हैं, आप दुनिया के सभी चोक, सभी दाव-पेच जान सकते हैं लेकिन अगर आपके हाथों में जरूरी ताकत नहीं है तो आप उन दाव-पेच को अंजाम नहीं दे पाएंगे और टैप आउट नहीं कर पाएंगे। सिंह ने चार नवंबर को एम्स्टर्डम में लेवल्स फाइट लीग (एलएफएल) में ट्यूनीशियाई फाइटर हकीम ट्रैबेल्सी को दूसरे राउंड में टैप आउट करके प्रोफेशनल एमएमए फाइट में जीत हासिल की थी। मुकाबले को लेकर संग्राम सिंह ने कहा कि वह एक अच्छा पहलवान है।

# आतंकवाद की धमक

सोमवार की शाम राजधानी दिल्ली में लालकिले के आसपास भीड़भाड़ वाले इलाके में हुए कार बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल बताए जाते हैं। यद्यपि धमाके की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, फिर भी ब्लास्ट के पीछे आतंकी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता, हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राज्य में आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए देश को एक बड़े आतंकी हमले से बचा लिया है। एक कहावत है कि मुंह में राम और बगल में छुरी, ऐसी ही कहानी है पकड़े गए डाक्टर और शिक्षक की। इनका पेशा जनसेवा का है, लेकिन इनके पास से जो हथ्यिार बरामद हुए हैं, उनसे साफ हो गया है कि ये लोग जनसेवा की आड़ में देश को दहलाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएस) संगठनों के एक अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार डा. मुजम्मिल अहमद गनी के पास से लगभग 360 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया गया है। इस विस्फोटक के अमोनियम नाइट्रेट होने का संदेह है। फरीदाबाद स्थित उसके किराए के मकान से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। गनी अल फलाह विश्वविद्यालय में शिक्षक है। बताया गया है कि 19 अक्टूबर को शहर के बनपोरा नौगाम इलाके में विभिन्न स्थानों पर जैश-ए-मोहम्मद के कई पोस्टर चिपके हुए पाए गए, जिनमें पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकाने और डराने की बात कही गई थी। जम्मू कश्मीर में पुलिस ने जिस मुस्तैदी से आतंक के आकाओं को दबोचने में कामयाबी हासिल की है, उस की चारों तरफ चर्चा हो रही है। अगर पुलिस को ये कामयाबी नहीं मिलती, तो देश में कई जगह आतंकी अपने मंसूबों को अंजाम दे सकते थे।

आतंकियों के देश में कई जगह तबाही मचाने की साजिश थी, जिसे नाकाम कर दिया गया है। पुलिस जांच में बताया गया है कि आने वाले दिनों में कई खुलासे हो सकते हैं। ये लोग जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े बताए गए हैं। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर, भारत के अनन्तनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घाटी पर एक आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई और 17 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हमला जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे के निरस्तीकरण के पश्चात् इस क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक था, जिसमें हिन्दू नागरिकों को निशाना बना उनका नरसंहार किया गया और कथित तौर पर इसका उद्देश्य कश्मीर घाटी में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का विरोध करना था। आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, इसीलिए इन्होंने देश में तबाही मचाने के लिए ये हथियार जमा कर रखे थे। भारत ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसमें पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए थे। भारत की खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा से संबंधित एक अहम अलर्ट जारी किया है, जिसमें आईएसआई और पाकिस्तान में स्थित इस्लामिक आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत में सिलसिलेवार बम धमाकों की साजिश रचने की जानकारी दी गई थी। खुफिया विभाग के मुताबिक ये आतंकवादी संगठन बांग्लादेश की मदद से भारत में हमले करने की योजना बना रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में ये कार्रवाई की गई है।

## मेड इन इंडिया को वैश्विक सम्मान



हमारे सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत आधार हैं, ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों में उनकी शानदार भूमिका इस बात का प्रमाण है कि हमारे स्वदेशी रक्षा प्लेटफॉर्म भरोसेमंद और सक्षम हैं, वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें डीपीएसयू का हिस्सा सबसे बड़ा है, देश का रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो इस बात का संकेत है कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक स्तर पर सम्मान और भरोसा मिल रहा है, डीपीएसयू तेजी से स्वदेशी तकनीक के विकास, अनुसंधान और नवाचार, उत्पाद गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान दें।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश और आवारा कुत्तों की समस्या





**विनीत नारायण**

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक जटिल सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा रही है। बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश जारी किया है जिसमें रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, स्कूलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने और उन्हें नसबंदी, टीकाकरण के बाद निश्चित आश्रमों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कोर्ट ने साफ किया है कि इन कुत्तों को उनकी मूल जगह वापस नहीं छोड़ा जाएगा, ताकि इन सार्वजनिक स्थलों से उनकी उपस्थिति खत्म हो सके। यह फैसला भारत में आवारा कुत्तों से जुड़ी बढ़ती समस्या, जैसे कि कुत्ते के काटने की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी राज्य सरकारें और स्थानीय निकाय दो सप्ताह के अंदर सभी सरकारी और निजी स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड आदि की पहचान करें जहां आवारा कुत्ते उपस्थित हैं। इसके बाद स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी होगी कि वे इन कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित आश्रमों में स्थानांतरित करें, जहां उन्हें न सिर्फ नसबंदी और टीकाकरण दिया जाएगा, बल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस कार्रवाई में बाधा डालता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 13 जनवरी 2026 को समीक्षा के लिए पुन: लाया जाएगा।

जानवर प्रेमियों और पशु अधिकार संगठनों ने इस आदेश पर व्यापक असंतोष जताया है। उनका कहना है कि इस तरह के आदेश से कुत्तों के प्रति चिंता और संरक्षण कम हो सकता है। कई संगठन इस बात पर जोर देते हैं कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनके मूल क्षेत्र में ही जारी रखना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से इलाके में कुत्तों की आबादी नियंत्रित रहती है और कुत्तों के व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वे पशु कल्याण बोर्ड के पुराने सुझावों का हवाला देते हैं, जिनमें कहा गया है कि आवारा कुत्तों का पुन: उनके क्षेत्र में छोड़ना बेहतर तरीका है न कि उन्हें जोर जबरदस्ती आश्रमों में बंद करना। कई जानवर प्रेमी और समाजसेवी समूह आशंकित हैं कि इस कदम से आवारा कुत्तों की संख्या और व्यवहार संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा।

वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यदि इसे सही ढंग से अमल में लाया जाए तो यह पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। केवल दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, इसे अमल करना एक चुनौती हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है।

पशु प्रेमियों की मानें तो इस आदेश जारी करते समय कुछ सावधानियों और वैकल्पिक उपायों पर विचार किया जाना आवश्यक था जैसेरूस्थानीय आश्रमों की संख्या, संसाधन और देखभाल क्षमता का आकलन,कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए आम लोगों में जागरूकता और सामाजिक समन्वय,नसबंदी और टीकाकरण के बाद ही कुत्तों को उनके इलाके में छोड़ने की नीति,कुत्तों के प्रति मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा,पशु अधिकार समूहों, नगर निगम और प्रशासन के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा।

भारत में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत अधिक है, और प्रबंधन के लिए अलग-अलग राज्यों में ABC (AnimalBirthControl) नियम चलाए जाते हैं, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण और पुन: छोड़ना शामिल है। उदाहरण स्वरूप, जयपुर और गोवा जैसे शहरों ने इस विधि से कुत्तों से होने वाली बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा है।

दूसरी ओर, विश्व के कई देशों ने भी अपनी-अपनी रणनीतियां अपनाई हैंरूसिंगापुर में सरकारी निकाय द्वारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद या तो पुन: छोड़ दिया जाता है या फिर उनका पुनर्वास किया जाता है, तुर्की के इस्तांबुल में मोबाइल वेटरनरी क्लीनिक और सार्वजनिक फीडिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिससे कुत्तों का प्रबंधन प्रभावी ढंग से हो रहा है, भूटान में 2023 में 100 प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य हासिल किया गया,रोमानिया में कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए नसबंदी पर जोर दिया गया है, साथ ही सार्वजनिक प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए कुत्तों की हत्या से बचा गया है।

उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे। नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खघ्रीदे गए महेंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई।

यह मॉडल भारत के लिए भी प्रासंगिक हैं, जहां मानवीय और वैज्ञानिक तरीके से आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है।सुप्रीम कोर्ट का आदेश आवारा कुत्तों की समस्या पर कड़ा कदम है, लेकिन इसके अमल में स्थानीय प्रशासन, जानवर प्रेमी और स्थानीय समुदाय के बीच सामंजस्य और समझ जरूरी है। आवारा कुत्तों को हटाने के बजाय उन्हें स्थाई और मानवीय तरीके से नियंत्रित करने के लिए बेहतर नीतियों और जागरूकता की आवश्यकता है, ताकि न सिर्फ इंसानी सुरक्षा सुनिश्चित हो बल्कि पशु कल्याण भी बना रहे। भारत जैसे बहु-आयामी सामाजिक परिवेश में आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान सामूहिक और संवे. दनशील दृष्टिकोण से ही संभव है।इस लिहाज से यह आवश्यक होगा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ पशु अधिकार संगठनों और स्थानीय निकायों की मदद से ऐसे उपाय किए जाएं, जो दोनों पक्षों के हित में हों और आवारा कुत्तों का हानिरहित प्रबंधन सुनिश्चित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्थानीय जैव विविधता से धान का सर्वोत्तम विकास

**गालमिज के लिए हालांकि बहुत सारे प्रतिरोधक दाता मिले हैं, पर अभी तक देश में जारी की गई अधिकतर प्रतिरा. धक किस्में या तो कम उत्पादक हैं अथवा विभिन्न स्थानों पर उगाए जाने पर, प्रतिरोध में एकरूपता नहीं दिखाती हैं। यहां भी ऊंची उत्पादकता व अधिक स्थाई प्रतिरोध के मिलन को प्राप्त नहीं किया जा सका है। टास्क फोर्स के इन उद्धरणों में हम इतना ही जोड़ना चाहेंगे कि एच. वाय.वी. की ये समस्याएं अभी तक बनी हुई हैं। इसके साथ यह भी जोड़ देना उचित है कि कम साधनों वाले छोटे किसानों के लिए ए किस्में विशेष रूप से समस्याप्रद है।**

धान विश्व की सबसे महत्वपूर्ण फसल है। अत: बहुराष्ट्रीय कंपनियां यह भरपूर प्रयास कर रही हैं कि उनके नियंत्रण वाली जीएम व जीन परिवर्तित फसलें चावल में भी चल निकलें। दूसरी ओर, किसानों के हित में यह है कि यहां की देशी विविधता भरी धान की किस्मों को खेतों में उगाया जाए। यह भारत के संदर्भ में तो और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में धान की जैव-विविधता का विशाल भंडार है। इन्हें हमारे पूर्वज किसानों ने एकत्र किया परंतु बहुराष्ट्रीय कंपनियां इनसे मुनाफा कमाना चाहती हैं।

भारत के विख्यात धान वैज्ञानिक डॉ. आरएच रिछारिया 1960-70 के दशक में केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान कटक के निदेशक रहे। यहां उन्होंने देशी विविधता भरी किस्मों पर आधारित महान धान विकास कार्यक्रम तैयार किया था। लेकिन इससे पहले कि वे इसे कार्यान्वित कर पाते विदेशी किस्मों को बाहर से लाद दिया गया व डॉ. रिछारिया को अपना पद छोड़ना पड़ा। फिर भी उनके अति विशिष्ट योगदानों को देखते हुए सरकार ने बार-बार उनका परामर्श लेने की जरूरत समझी। 1960-70 के दशक के मध्य में विदेशी सहायता संस्थाओं और अनुसंधान केंद्रों के दबाव में भारतीय सरकार ने चावल की बौनी व रासायनिक खाद का अधिक उपयोग करने वाली किस्मों के प्रसार का निर्णय लिया। इन्हें चावल की अधिक उत्पादक किस्में (हाई ईल्डिंग वेरायटी-एच.वाय.वी) कहा गया। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इतनी ही या इससे अधिक उत्पादकता देने वाली देशी किस्मों को अधिक उत्पादक किस्मों की सरकारी सूची में सम्मिलित नहीं किया गया, और विदेशी किस्मों को अधिक उत्पादकता का एकमात्र स्रोत मान लिया गया। इन्हें देश के अनेक भागों मे हरित क्रांति किस्में कहा जाता है। नीचे प्रस्तुत तालिका से स्पष्ट है कि अपेक्षाकृत कम रासायनिक खाद व अन्य खर्च के बावजूद धान उत्पादकता में वृद्धि दर हरित क्रांति या विदेशी किस्मों के प्रसार से पहले अधिक थी। विदेशी अधिक उत्पादक किस्मों की इस विफलता के क्या कारण हैं? फरवरी 1979 में केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान, कटक में डॉ. रिछारिया की अध्यक्षता में हुई धान प्रजनन के ख्यात विशेषज्ञों की बैठक में इस विफलता के कुछ कारण बताए गए थे।

विदेशी अधिक उत्पादक किस्मों का भारत के अधि. कतर धान उत्पादन क्षेत्र के लिए अनुकूल न होना व बीमारियों व कीड़ों आदि के प्रति अधिक संवेदनशील होना। कहा गया कि अधिकतर एचवायवीटीएन (1) या आई.आर.(8) से व्युत्पादित है व इस कारण उनमें बौना करने का डी.जी.ओ.वू. जेन का जीन है। इस संकीर्ण आनुवंशिक आधार से भयप्रद एकरूपता उत्पन्न हो गई है, इसी कारण विनाशक जंतुओं (कीट आदि) व बीमा. रियों के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ी है। प्रसारित की गई अधिकतर किस्में प्रारूपी उच्च भूमि व निम्न भूमि (टिपिकल अपलैंड्स एंड लोलैंड्स), जो देश में कुल चावल क्षेत्र का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा है, के लिए अनुकूल नहीं है। इन स्थितियों में सफलता के लिए हमें अपने अनुसंधान कार्यक्रमों व रणनीतियों को पुनरूउन्मुख करने की आवश्यकता है। एक अन्य स्थान पर इसी टास्क फोर्स ने कहा है, हभारत में जारी की गई विभिन्न धान की किस्मों की वंशावली को सरसरी निगाह से देखने से ही स्पष्ट हो जाता है कि जनन द्रव्य का आधार बहुत संकीर्ण है। नई किस्मों की विनाशक जंतुओं (पेस्ट) के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के विषय में टास्क फोर्स ने कहा है, एच.वाय.वी. के आगमन से गालमिज, भूरे फुदके (ब्राऊन प्लांटहॉपर), पत्ती मोड़ने वाले कीड़े (लीफ फोल्डर) वोर्ल मैगट जैसे विनाशक कीटों की स्थिति में उल्लेखनीय तब्दीली आई है। चूंकि अब तक जारी की गई अधिकतर एच.वा.वी. मुख्य विनाशक जंतुओं के प्रति संवेदनशील है, 30 से 100 प्रतिशत तक फसल की हानि होने की संभावना रहती है। उत्पादकता को स्थायित्व प्रदान करने के लिए अंतर्निहित प्रतिरोध (बिल्ट इन रजिस्टेंस) वाली किस्मों का विकास अति आवश्यक हो गया है।

किंतु प्रतिरोधक किस्मों के विकास का पिछला रिकार्ड तो कतई उत्साहवर्द्धक नहीं रहा है, जैसा कि टास्क फोर्स ने स्वीकार किया, हकीट प्रतिरोधक प्रजनन कार्यक्रम के परिणाम अभी तक उत्साहपूर्वक नहीं रहे हैं। हालांकि विनाशक जंतुओं की प्रतिरोधी कुछ किस्में जारी की गई हैं लेकिन रत्न के अलावा इनमें से किसी का भी अच्छा प्रसार नहीं हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षा के शिल्पी राष्ट्र के वास्तुकार मौलाना आजाद



**श्वेता गोयल**

भारतीय शिक्षा जगत के लिए 11 नवम्बर का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण है। इस दिन को पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान, साहित्यकार, विचारक और भारतीय शिक्षा के आधारशिला-निर्माता मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में समर्पित है। 2008 में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इस दिन को आधिकारिक रूप से 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' घोषित किया था। यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं बल्कि उस दृष्टि का उत्सव है, जिसने स्वतंत्र भारत को शिक्षित, प्रबुद्ध और प्रगतिशील बनाने की दिशा दी। मौलाना अबुल कलाम आजाद उन विरले व्यक्तित्वों में से थे, जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अपनी कलम और वाणी से योगदान दिया बल्कि आजादी के बाद राष्ट्र के बौद्धिक और नैतिक उत्थान की दिशा भी तय की। वे मानते थे कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि आत्मा को स्वतंत्र करने और समाज को जागृत करने का साधन है। उनका यह विश्वास था कि कोई भी राष्ट्र तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके नागरिक शिक्षित और सुसंस्कृत न हों। आजाद का शिक्षा दर्शन भारतीय परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने शिक्षा को समानता, एकता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का आधारस्तंभ माना।

स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में मौलाना आजाद का योगदान भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे यह भली-भांति समझते थे



कि शताब्दियों की दासता ने भारत की आत्मा को कुंठित कर दिया है और इस कुंठा को केवल शिक्षा ही दूर कर सकती है। इसी दृष्टि से उन्होंने सर्वजन शिक्षा की अवधारणा को नीतिगत रूप दिया। उन्होंने कहा था, 'एक राष्ट्र, जो अपने प्रत्एक बालक-बालिका को शिक्षित नहीं कर सकता, वह अपनी भविष्य की नींव कमजोर बना रहा है।' आज जब हम 'सबके लिए शिक्षा', 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' या 'शिक्षा का अधिकार' की बात करते हैं तो उसकी जड़ें मौलाना आजाद की दूरदर्शी नीतियों में गहराई तक बसी हैं। मौलाना आजाद के कार्यकाल में शिक्षा मंत्रालय ने जो आधारभूत ढ़ांचा तैयार किया, वही आगे चलकर आधुनिक भारत की ज्ञान-व्यवस्था का मेरुदंड बना। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और नि:शुल्क करने पर बल दिया। उन्होंने माध्यमिक और उच्च शिक्षा में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास को आवश्यक बताया। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना उनके स्वप्न का ही विस्तार था। भारत में आज जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठान हैं, उनकी नींव मौलाना आजाद की कल्पना और नेतृत्व में पड़ी। उन्होंने 1948 में भारतीय शिक्षा आयोग (राधाकृष्णन आयोग) की स्थापना की, जिसने उच्च शिक्षा के उद्देश्यों और दिशा को स्पष्ट किया। मौलाना आजाद के विचार केवल संस्थान निर्माण तक सीमित नहीं थे बल्कि शिक्षा की आत्मा को लेकर भी अत्यंत व्यापक थे। वे मानते थे कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहीं बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास है। उन्होंने धार्मिक और नैतिक शिक्षा के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि शिक्षा का प्रयोजन व्यक्ति को सत्य, करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर अग्रसर करना है। मौलाना आजाद बहुभाषी शिक्षा के पक्षधर थे और मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को समझते थे। उनका यह विचार आज भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रतिध्वनित होता है, जहां मातृभाषा को प्राथमिक शिक्षा का माध्यम बनाने पर जोर दिया गया है। उनकी .ष्टि केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित नहीं थी, वे व्यस्क शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और महिला शिक्षा के भी प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि कोई भी समाज तब तक प्रगतिशील नहीं बन सकता, जब तक महिलाएं शिक्षा से वंचित रहें। उन्होंने शिक्षा में समान अवसर की अवधारणा प्रस्तुत की, जिससे समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों को भी मुख्यधारा में लाया जा सके। उनके अनुसार, 'शिक्षा का प्रकाश तभी सार्थक है, जब वह सबसे अंधेरे कोनों तक पहुंचे।' उनकी नीतियों का एक और उल्लेखनीय पहलू था, शिक्षा का राष्ट्र निर्माण में उपयोग। वे शिक्षा को केवल व्यक्ति की उन्नति नहीं बल्कि सामूहिक चेतना के निर्माण का साधन मानते थे। उनके अनुसार, भारत की आत्मा उसकी सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक एकता में बसती है और शिक्षा ही वह माध्यम है, जो इस विविधता में एकता का बोध करा सकती है। इसीलिए उन्होंने शिक्षा के पाठ्‌क्रम में भारतीय संस्कृति, इतिहास और दर्शन को प्रमुख स्थान देने की आवश्यकता बताई। आज जब हम 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाते हैं तो यह आत्ममंथन का अवसर भी होता है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या हम मौलाना आजाद के स्वप्न के अनुरूप एक शिक्षित, समान और जागरूक समाज बना पाए हैं? स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी हमारे देश में अशिक्षा, विद्यालय छोड़ने की दर और शिक्षा की गुणवत्ता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। सरक. ारी आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण भारत में अभी भी लाखों बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं और उच्च शिक्षा में नामांकन दर विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। शिक्षा में असमानता, डिजिटल अंतराल और कौशल की कमी आज हमारे विकास पथ में बड़ी बाधा बनकर उभरी हैं। मौलाना आजाद का सपना केवल विद्यालयों की दीवारों तक सीमित नहीं था बल्कि वे एक ऐसे भारत की कल्पना करते थे, जहां शिक्षा व्यक्ति को सोचने, प्रश्न करने और सृजन करने की स्वतंत्रता दे। वे कहते थे, 'हमारी आजादी तभी सार्थक होगी, जब हर व्यक्ति ज्ञान और विवेक के प्रकाश से प्रकाशित होगा।' यही वह विचार है, जो आज भी शिक्षा के हर सुधार, हर नीति और हर अभियान की आत्मा है। शिक्षा का लोकतंत्रीकरण तभी संभव है, जब समाज स्वयं आगे बढ़े, जब शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, मार्गदर्शक बनें, जब विद्यार्थी केवल अंक पाने की दौड़ में नहीं बल्कि जीवन को समझने की यात्रा पर निकलें और जब शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण बने। भारत आज ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। डिजिटल युग ने शिक्षा को नई परिभाषा दी है, लेकिन साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। मौलाना आजाद की शिक्षा-दृष्टि आज भी उतनी ही प्रासंगिक है क्योंकि उन्होंने जिस शिक्षा की परिकल्पना की थी, वह केवल तकनीकी दक्षता नहीं बल्कि मानवीय संवेदनशीलता, बौद्धिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय पर आधारित थी। मौलाना आजाद का नाम भारत के इतिहास में न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में दर्ज है बल्कि उस महान शिक्षाविद् के रूप में भी, जिसने भारत के भविष्य की दिशा तय की।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनगर में सर्दी का आगमन, तापमान शून्य से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार की रात को इस मौसम में तापमान पहली बार शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी में पहली बार तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। यह शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिर गया। घाटी के अधिकांश मौसम केंद्रों ने भी शून्य से नीचे तापमान दर्ज किया। एकमात्र अपवाद दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले का कोकरनाग था, जहां न्यूनतम तापमान थोड़ा अधिक 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इक्वाडोर में जेल में हुए दंगे में चार कैदियों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिणी तटीय प्रांत एल ओरो की राजधानी माचाला में रविवार को जेल में हुए दंगों में कम से कम चार कैदियों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय जेल प्रशासन एजेंसी एसएनएआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएनएआई ने एक बयान में कहा कि माचाला की जेल संख्या एक में तड़के हिंसा भड़क उठी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि यह दंगा कैदियों को एक उच्च-सुरक्षा वाली जेल में स्थानांतरित करने के कारण भड़का, जिसमें चार कैदियों की मौत हो गई और कम से कम 40 अन्य घायल हो गए।

### स्लोवाकिया में ट्रेन की टक्कर में 18 घायल

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया में पेजिनोक और ब्रातिस्लावा के बीच रविवार रात दो यात्री ट्रेनों की आमने-सामने की टक्कर में 18 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना राजधानी को पेजिनोक से जोड़ने वाले व्यस्त गलियारे पर हुई। गृहमंत्री मतुस सुताज एस्टोक ने एक टेलीविज़न ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस हादसे में 12 से अधिक लोग लोग घायल हुए हैं और ग्यारह लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा, 'दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई।' स्लोवाक गणराज्य समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम ब्रातिस्लावा क्षेत्र के पेजिनोक शहर और राजधानी ब्रातिस्लावा के बीच दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 18 घायल हो गए।

### न्यूजीलैंड के राष्ट्रीय उद्यान में आग लगी

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड के टोंगारिरो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में लगी आग ने करीब 2500 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है और अभी तक इस पर काबू नहीं पाया जा सका है न्यूज़ीलैंड के अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग ने कहा है कि आग का दायरा अनुमानित 2500 हेक्टेयर से ज्यादा होने की आशंका है। सोमवार सुबह टोंगारिरो राष्ट्रीय उद्यान में धुंध छाई रही, जिससे रात बुझाने के अभियान में देरी हुई। धुंध के कारण सभी विमानों की उड़ाने रोक दी गई हैं।



जहानाबाद। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से एक दिन पहले मतदान सामग्री लेकर मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।

## चीन की नाव दुर्घटनाग्रस्त, दो नाविकों को बचाया गया, 11 लापता

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में गुसान के पास इओचेओंग द्वीप के पास सोमवार को चीन की एक मछली पकड़ने वाली नाव के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद दो नाविकों को बचा लिया गया, जबकि नौ लोग लापता है। यह जानकारी द. कोरिया की न्यूज एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के अनुसार 99 टन वजनी यह नाव स्थानीय समयानुसार सोमवार को सुबह लगभग 8:53 बजे द्वीप से लगभग 150 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में पानी में पलट गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण जहाज पर सवार चालक दल के 11 सदस्यों में से दो को पास के पानी में चल रहे एक मालवाहक जहाज ने बचा लिया, लेकिन शेष नौ का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

# प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति से ज्यादा ताकतवर होंगे मुनीर

## पाकिस्तान में आर्मी चीफ को तीनों सेनाओं के मुखिया, परमाणु हथियार की कमांड मिलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आसिम मुनीर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से भी ज्यादा ताकतवर होने जा रहे हैं। उन्हें तीनों सेनाओं का चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जा रहा है। यह पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी।

शहबाज सरकार इसके लिए संविधान में बदलाव कर रही है। इससे जुड़ा बिल आज संसद के दोनों सदनों सीनेट और नेशनल असेंबली में पेश किया गया। इस पर वोटिंग जारी है। इसे 27वां संविधान संशोधन कहा जा रहा है। इसके जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट और अदालत की भी ताकत घटाने जा रही है। इस विधेयक को पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा और विवादास्पद प्रस्ताव माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह देश की न्याय व्यवस्था और सैन्य ढांचे दोनों को बदलकर रख देगा। 27वां संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। यानी सीनेट में 64 वोट और नेशनल असेंबली में 224 वोट। 96 सदस्ईय सीनेट में सत्ताधारी गठबंधन के पास कुल 65



■ कानून बनाने के लिए संसद में वोटिंग जारी

वोट हैं, जो आवश्यक बहुमत से एक वोट ज्यादा है। वहीं, 326 एक्टिव मेंबर वाली नेशनल असेंबली में सरकार के पास कुल 233 सांसदों का समर्थन है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार के पास दोनों सदनों में संशोधन पारित कराने के लिए पर्याप्त बहुमत मौजूद है। पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के दस्तखत के लिए भेजा जाएगा। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। अनुच्छेद 243, जो पहले राष्ट्रपति को सशस्त्र बलों का सुप्रीम कमांडर' घोषित करता था, अब व्यवहार में सेना प्रमुख को सर्वोच्च बना देगा। पाकिस्तान में कानूनी रूप से तीनों सेनाएं राष्ट्रपति के कमांड में होती हैं और राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ, नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख की नियुक्ति करता है। नए प्रावधान के तहत चीफ आफ डिफेंस फोर्सेस (सीडीएफ) नाम से एक नया पद बनाया जा रहा है।

# भारत पर हमले की तैयारी में हाफिज सईद

## बांग्लादेश को हमलों के लिए लॉन्चपैड के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा आतंकी सरगना

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद भारत पर नए हमलों की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह बांग्लादेश को इन हमलों के लिए लान्चपैड के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। यह खुलासा पाकिस्तान के खैरपुर तामेवाली में 30 अक्टूबर को हुई एक रैली के वीडियो से हुआ है।

इसमें लश्कर-ए-तैयबा के सीनियर कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने कहा, शहाफिज सईद खाली नहीं बैठे हैं, वे बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। सैफ ने कहा-भारत हम पर चढ़ा हुआ था, अमेरिका उनके साथ था। लेकिन आज उनका साथ कोई नहीं दे रहा। सैफ ने दावा किया कि लश्कर के आतंकी पहले से ही बांग्लादेश में सक्रिय हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' का बदला लेने को तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार, हाफिज सईद ने अपने करीबी साथी को बांग्लादेश भेजा है, जो वहां के युवाओं को ट्रेनिंग दे रहा है। रैली में आतंकवादी सैफ ने लोगों को भारत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए उकसाया। इस रैली में बच्चे भी मौजूद थे। आतंकी संगठन नाबालिगों को भी भड़काकर भारत के खिलाफ इस्तेमाल करना चाहते हैं। सैफ ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ करते हुए झूठा दावा किया कि 9-10 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में कार्रवाई हुई। उसने कहा कि अब अमेरिका हमारे साथ है। बांग्लादेश भी फिर से पाकिस्तान के करीब आ रहा है। हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का भी एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का था। कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। लश्कर के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का वायरल वीडियो जिसमें वो भारत को धमकी देता है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा। इससे पहले 17 सितम्बर को कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। वीडियो में, कसूरी ने चेता. वनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी।



■ जंग छेड़ने के लिए बच्चों को उकसा रहा आतंकी

■ यह खुलासा पाकिस्तान के खैरपुर तामेवाली में 30 अक्टूबर को हुई एक रैली के वीडियो से हुआ

## माली में अपहृत पांच भारतीयों की जल्द रिहाई के प्रयास जारीः भारतीय दूतावास

**बमाको।** अफ्रीकी देश माली स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह कोबरी शहर में अपहृत पांच भारतीय नागरिकों की जल्द और सुरक्षित रिहाई के लिए स्थानीय प्रशासन और नियोक्ता कंपनी के साथ मिलकर हर संभव कोशिश कर रहा है। दूतावास ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि उसे इस मामले की जानकारी है और अपहृत भारतीयों को छुड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्ट में कहा गया है,ष्गत छह नवम्बर को हमारे पांच नागरिकों के अपहरण की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से दूतावास अवगत है। इनकी जल्द से जल्द सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए दूतावास संबंधित अधिकारियों और कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस बीच रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने बताया है कि नियोक्ता कंपनी के एक अधिकारी ने कहा है कि इस मामले के त्वरित समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को अलग-अलग इज़रायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार एक इज़राइली ड्रोन ने नबातीह जिले में हुमाइन अल-फ़ौका रोड पर अल-मासराह के पास एक कार पर दो निर्देशित मिसाइलें दागीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा हमला दक्षिण-पूर्वी लेबनान में अल-सवनेह और खिरबेत सेलम के बीच एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किया गया, जिसमें एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

एक लेबनानी सैन्य खुफिया सूत्र ने बताया कि हिज्जबुल्लाह के इंजीनियर अब्बास अल-जवाद, हुमाइन अल-फ़ौका में और हसन अली सुल्तान, अल-सवनेह के पास मारे गए। एनएनए ने कहा कि इज़रायली सेना दक्षिण-पश्चिमी लेबनान में ऐतरौन के पास एक नए सैन्य स्थल पर खुदाई का काम कर रही है। एक लेबनानी सैन्य खुफिया

■ संघर्ष विराम के बावजूद, इज़रायल हिजबुल्लाह के 'खतरों' को खत्म करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए लेबनान में हमले करता रहता है

अधिकारी ने बताया कि यह विस्तार सीमा पर पांच मज़बूत चौकियों में से एक को मज़बूत करने के इज़रायल के प्रयासों का हिस्सा है। बुलडोज़र और उत्खनन मशीनों से लैस इज़रायली टीम, लेबनानी क्षेत्र पर नज़र रखने के लिए बख्तरबंद वाहनों के लिए मज़बूत आश्रय और निगरानी ढांचे बना रही है। अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से संघर्ष विराम लागू है। संघर्ष विराम के बावजूद, इज़रायल हिजबुल्लाह के 'खतरों' को खत्म करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए लेबनान में हमले करता रहता है। उसने सीमा पर पांच मुख्य चौकियां बना रखी हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्रा की खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में हाल ही में स्नातक की उपाधि हासिल करने वाली और नौकरी की तलाश कर रही एक 23 वर्षीय भारतीय छात्रा की कथित तौर पर गंभीर खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश की राजलक्ष्मी यार्लागड्डा उर्फ राजी ने हाल ही में टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी कार्पस क्रिस्टी से स्नातक की उपाधि हासिल की थी, यह जानकारी टेक्सास के डेंटन शहर में उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके की तरफ से शुरू किए गए गोफंडमी अभियान से मिली। राजी ने हाल ही में टेक्सास ये एंड एम यूनिवर्सिटी, कार्पस क्रिस्टी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी और अपने करियर की शुरुआत करने की तैयारी कर रही थीं। उनकी अचानक मौत की खबर से परिवार और दोस्तों में गहरा सदमा है। उनकी चचेरे भाई चौतन्य वाईवीके ने अमेरिका के टेक्सास राज्य के डेंटन शहर से एक गोफंडमी अभियान शुरू किया है, ताकि राजी का पार्थिव शरीर भारत लाया जा सके और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। चैतन्य ने बताया कि राजी बहुत होनहार और उम्मीदों से भरी हुई लड़की थी। उसका सपना था कि वह नौकरी करके अपने माता-पिता की खेती में मदद करे। राजी के परिवार की आजीविका केवल खेती और पशुओं पर निर्भर है। वे आंध्र प्रदेश के बापटल जिले के करमचेडु गांव के रहने वाले हैं। परिवार के अनुसार, राजी को दो-तीन दिनों से खांसी और सीने में दर्द था। 7 नवम्बर की सुबह जब उनकी अलार्म की आवाज आई, तो वो नहीं जागीं। जांच में पता चला कि उनकी मृत्यु हो चुकी थी। गोफंडमी अभियान में कहा गया है कि परिवार इस अकल्पनीय दुख से जूझ रहा है और सभी से सहायता की अपील की गई है। अब तक चल रहे इस अभियान के जरिए 1,25,000 अमेरिकी डालर (करीब 1 करोड़ रुपये) जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उनके अंतिम संस्कार, शिक्षा ऋण और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों ने शव का चिकित्सकीय परीक्षण शुरू कर दिया है, ताकि मौत के सही कारण का पता लगाया जा सके।

■ पढ़ाई के बाद नौकरी तलाश रही थी युवती

# ट्रम्प हर अमेरिकी को 1.7 लाख डॉलर देंगे

## कहाः टैरिफ से बहुत पैसे आए हैं, इसका विरोध करने वाले मुर्ख

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डालर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2000 डालर (करीब 1.7 लाख रुपये) का 'डिविडेंड' मिलेगा।

ट्रम्प ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकार्ड स्तर पर है। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ये प्राफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानक. ारी नहीं दी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा वादा किया। अक्टूबर में उन्होंने 1000 से 2000 डालर के छूट का संकेत दिया था। टैरिफ से हो रहे प्राफिट के अलावा ट्रम्प ने व्यापार मामलों में राष्ट्रपति के पावर की सीमाओं पर सवाल उठाते हुए गुस्सा जताया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति के पास किसी विदेशी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने की अनुमति है, दूसरे देश को लाइसेंस देने की अनुमति है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं है। ट्रम्प ने कहा-दूसरे देश हम पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हम उनपर नहीं। सिर्फ टैरिफ की वजह से ही व्यवसाय अमेरिका में आ रहे हैं। टैरिफ के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट यह नहीं समझता। ट्रम्प का कहना था कि अप्रैल 2025 में घोषित टैरिफ (10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत) अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। व्हाइट हाउस ने तर्क दिया कि 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत राष्ट्रपति को व्यापार कंट्रोल करने की शक्ति है, जिसमें टैरिफ लगाना शामिल है। सॉलिसिटर जनरल जान सावर ने चेतावनी दी कि अगर ये नीति रद्द हुई तो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा नुकसान हो सकता है।



■ यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने ऐसा वादा किया, अक्टूबर में उन्होंने 1000 से 2000 डालर के छूट का संकेत दिया था

# विरोधी पार्टियों के सामने झुके अमेरिकी राष्ट्रपति!

## ओबामा केयर पर वोटिंग कराने पर राजी, संसद में बिल पास, शटडाउन खत्म होने की उम्मीद

वाशिंगटन। अमेरिका में 40 दिनों से जारी सरकारी शटडाउन के खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिकी सीनेट (उपरी सदन) ने फंडिंग बिल पास कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा। विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा।

साथ ही, शटडाउन के दौरान काम करने वाले कर्मचारियों को पूरा बकाया वेतन दिया जाएगा। यह बिल 60-40 के अंतर से पारित हुआ। अब सीनेट इसमें संशोधन करेगी। इसके बाद यह प्रस्ताव हाउस आफ रिप्रेसेन्टेटिव (निचली सदन) की मंजूरी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। पूरी प्रक्रिया पूरी होने में अभी कुछ दिन और लग सकते हैं। शटडाउन खत्म करने के बदले रिपब्लिकन पार्टी ने कुछ डेमोक्रेट सीनेटरों से वादा किया कि बाद में ओबामा केयर की सब्सिडी बढ़ाने पर दिसम्बर में वोटिंग होगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि लगता है शटडाउन खत्म होने वाला है। लेकिन उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एसीए सब्सिडी (ओबामा केयर सब्सिडी) को हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के लिए मुनाफा और अमेरिकी लोगों के लिए आपदा बताया। ट्रम्प का कहना है कि सब्सिडी के बजाय लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीदने की सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने लिखा कि सरकार खुलते ही मैं दोनों पार्टियों के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान करने को तैयार हूं। अफार्डेबल केयर एक्ट (एसीए) को लेकर डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच विवाद था। यह एक्ट बराक ओबामा के कार्यकाल में 2010 में पारित हुआ था। इसलिए इसे 'ओबामा केयर' कहा जाने लगा। इसके तहत सरकार कम और मध्यम आय वाले अमेरिकियों को हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने के लिए आर्थिक सहायता (सब्सिडी) देती है। यह मदद उन परिवारों को दी जाती है जिनकी आमदनी फेडरल गरीबी रेखा से 100 प्रतिशत से 400 प्रतिशत के बीच होती है। इस साल के अंत में लोगों की सब्सिडी खत्म हो रही है। डेमोक्रेट्स इसे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी का मानना है कि ये सब्सिडी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को अनावश्यक फायदा देती हैं। ट्रम्प का तर्क है कि सरकार सीधे नागरिकों को पैसा दे ताकि वे अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीद सकें, कंपनियों के जरिए नहीं। डेमोक्रेट्स कहते हैं कि अगर ये सब्सिडी खत्म हुईं या घटाई गईं तो लाखों अमेरिकियों के इंश्योरेंस प्रीमियम आसमान छू जाएंगे, और कई लोग कवरेज से बाहर हो जाएंगे।



■ यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा, विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा

## श्रीलंका ने तमिलनाडु के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 14 तमिल मछुआरों की शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयिलादुथुराई जिले के ये मछुआरे नेदुनथीवु के पास खुले समुद्र में रविवार देर रात मछली पकड़ रहे थे तभी उन्हें कथित तौर पर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और उनके जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में श्रीलंका नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी नाव जब्त कर ली गई और गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीलंका के कांकेसंथुराई बंद. रगाह ले जाया गया। स्टालिन ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डा. जयशंकर को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में आग्रह किया कि वे श्रीलंकाई हिरासत से इन मछुआरों और उनकी नावों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108